* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

15 जून, 2023
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 235


इडी ने मनी लांड्रिंग मामले में तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी सेंथिल बालाजी को हिरासत में लिया, तो रोने लगे और सीने में दर्द की शिकायत की।





# RAMCHANDRA CHANDRAVANSI UNIVERSITY

E-mail : admission@rcu.edu.in, info@rcu.edu.in, Website : rcu.edu.in
RUN & MANAGED BY : RAMCHANDRA CHANDRAVANSHI WELFARE TRUST

**Affiliation & Recognition**

University Grants Commission
Netional Medical Commission
All India Council for Technical Education
Pharmacy Council of India
Indian Nursing Council
National Council for Teacher Education

## Congratulations!

745 Total Placement
& Counting

HERO ELECTRIC · BYJU'S · BAJAJ · MITSUBA · TEXMO INDUSTRIES · Subros · SNL Bearings Limited · HITACHI Inspire the Next · Paytm · DURAFLOOR · ANAND · motherson · talbros · HIVE-DESIGN · UTL SOLAR · caparo · Radiant · CARIA · SUPER SHAKTI · WABCO



## ADMISSION OPEN 2023-24

### Courses Offered

**FACULTY OF MEDICAL SCIENCE**
- **MBBS (Bachelor of Medicine & Bachelor of Surgery)**

**FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY**
- B. Tech (Bachelor of Technology), ME, EE, CSE, ECE, Civil (Lateral Entry)
- M. Tech (Master of Technology) ME, EEE
- Polytechnic ME, EEE, Civil Lateral Entry

**FACULTY OF NURSING & HEALTH SCIENCE**
- GNM ANM B.Sc. Nursing
- Post Basic B.Sc. Nursing
- M.Sc. Nursing (Community Health, Child Health, Psychiatric, OBG, MSN)

**FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCE**
- B.Sc. M.L.T. • **CERTIFICATE** - Dresser
- **DIPLOMA** - MLT, O.T. Tech.. X-Ray tech..

**FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCE**
- B. Pharma • B.Pharma (Lateral Entry)
- D.Pharma

**FACULTY OF PHYSICAL EDUCATION**
- B.P.ED.

**FACULTY OF EDUCATION**
- D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

**FACULTY OF HUMANITIES, SOCIAL & PHYSICAL SCIENCES**
- .B.A. • B.Sc. • B.Com.

**DEGREE COURSES**
- B.Lib. • B.B.A. • B.C.A.

**DOCTOR OF PHILOSOPHY**
- Ph.D. in all streams

**DIPLOMA COURSES**
- Library Science • Yoga • Disaster Management
- Fashion Design
- Water Resource Management
- Alternative Energy Management
- Logistic & Supply Chain Management
- Education & Vocational Guidance

**POST-GRADUATION COURSES**
- M.A. (Psychology, Economics, History, Geography, Hindi, English, Political Science, Sociology, Urdu, Youth Development, Journalism & Mass Media Music & dance, Women Devt. & Empowerment)
- **M.Lib.** • **M.R.D.** • **M.Com.** (Accounts)
- **M.A.**(Education). • **M.C.A.**
- **M.B.A.** (HR, Marketing, Finance, IT, Tourism, Health, Admin & Mgmt.)
- **M.Sc.** (Physics, Chemistry, Maths, B.Sc. Zoology, Botany, Geology)
- **M. Phil**






**Campus : Bishrampur 822132 (Jharkhnd) Contact : + 91 7464034524, 7481034518, 7482034501**
**City Office : Aastha Regency, T-15 (Triplex), Near Cosmic Bajaj, Ratu Road, Ranchi (Jharkhand)**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel | Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,200 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



# मिशन 2024 के रास्ते में विपक्ष के लिए हैं तीन बड़ी बाधाएं

## ■ नीतीश कुमार के फॉर्मूले से कांग्रेस को हो रहा है नुकसान

## ■ पटना महापंचायत से बहुत अधिक उम्मीद नहीं की जा सकती

## ■ नेता का चेहरा सामने लाने के सवाल पर अटक सकती है गाड़ी

**आजाद सिपाही विशेष**

**देश में एक साल बाद होनेवाले आम चुनाव की एक तरह से उलटी गिनती शुरू हो गयी है। ऐसे में स्वाभाविक है कि विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां भी तेज कर दी हैं। लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए पूरे जोर-शोर से जुटी भाजपा जहां एक तरफ अपने नफा-नुकसान के समीकरणों को तौल रही है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दल भी एक होकर भाजपा के रथ को रोकने की कोशिश में जुटे हुए हैं। इस विपक्षी एकता की कमान फिलहाल बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने संभाल रखी है, जिन्होंने 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की महापंचायत आहूत की है। इस बैठक में जहां नीतीश कुमार द्वारा अगले आम चुनाव के लिए दिये गये फॉर्मूले को अंतिम रूप दिये जाने की संभावना है, वहीं 'मोदी के सामने कौन' जैसे महत्वपूर्ण सवाल का भी हल ढूंढ़ने की कोशिश की जायेगी। लेकिन विपक्षी एकता की इन कोशिशों के बीच यह भी विचारणीय है कि नीतीश कुमार के फॉर्मूले से विपक्षी एकता की गाड़ी को कितनी गति दी जा सकेगी। कांग्रेस इस फॉर्मूले को लेकर अभी से ही विचलित नजर आ रही है। हालांकि एक ओर वह विपक्षी एकता के लिए 'कोई भी कीमत अदा करने के लिए तैयार' होने की बात करती है, तो दूसरी ओर नीतीश फार्मूले को खारिज करने के लिए तंज भी कसती है। कांग्रेस यही दावा करती रही है कि भाजपा के विरुद्ध किसी भी राजनीतिक गोलबंदी की कवायद उसके बिना मुश्किल है। यह बात सही है कि अखिल भारतीय उपस्थिति और सबसे पुरानी पार्टी होने के नाते कांग्रेस विपक्षी एकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी, फिर भी विपक्षी एकता का प्रश्न बहुत जटिल है। इसकी राह में आ रही बाधाओं का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

2024 के लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने के लिए विपक्षी दल 23 जून को पटना में एकजुट हो रहे हैं, लेकिन उनके सामने तीन चुनौतियां कायम हैं, जिनका समाधान तलाश करने के लिए उन्हें लंबी कवायद करनी पड़ेगी। इन चुनौतियों के बरअक्स यह सवाल भी गंभीर है कि क्या सचमुच विपक्षी एकता की गाड़ी किसी पड़ाव पर पहुंच सकेगी। अब तक जो संकेत मिल रहे हैं, उनसे साफ लग रहा है कि यह बहुप्रचारित गाड़ी चुनावी स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही या तो बेपटरी हो जायेगी या फिर खराब होकर हमेशा के लिए थम जायेगी।

### विपक्षी एकता की राह में तीन चुनौतियां

फिलहाल इस बात को जानना जरूरी है कि विपक्षी एकता के रास्ते में वे कौन सी चुनौतियां हैं, जिनके कारण नीतीश कुमार के पूरे प्रयास पर संदेह के बादल मंडरा रहे हैं। इन मुद्दों का समाधान जल्दी निकाल पाना मुश्किल है। हालांकि नीतीश कुमार और ममता बनर्जी जैसे क्षेत्रीय क्षत्रप उम्मीद कर रहे हैं कि कांग्रेस नीतीश कुमार के 'एक सीट एक उम्मीदवार' फॉर्मूले को स्वीकार कर लेगी, जबकि हकीकत यह है कि इस फॉर्मूले से यदि किसी को नुकसान होगा, तो वह कांग्रेस ही होगी, क्योंकि अखिल भारतीय स्वरूप होने के कारण वह हरेक राज्य में अपना उम्मीदवार उतारना चाहेगी। लेकिन यदि उसने नीतीश कुमार का फॉर्मूला स्वीकार कर लिया, तो इसका सर्वाधिक घाटा कांग्रेस को होगा। लोकसभा से लेकर राज्यसभा तक में वह सिमट कर रह जायेगी और सर्वाधिक लाभ नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव सरीखे क्षेत्रीय क्षत्रप उठायेंगे, जो अपने-अपने राज्यों में मजबूत स्थिति में हैं। इसलिए ऐसा लगता है कि एक सीट पर विपक्ष के एक उम्मीदवार उतारने पर दलों के बीच कई राज्यों में सहमति मुश्किल है, क्योंकि जो दल लोकसभा चुनावों में भाजपा के खिलाफ एक साथ आने को तैयार हैं, वे विधानसभा चुनावों में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ते हैं। विपक्ष शासित राज्यों पश्चिम बंगाल, केरल, दिल्ली, पंजाब, तेलंगाना आदि में यह समस्या ज्यादा गंभीर है। बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र में भी कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों की महत्वाकांक्षा का सामना करना होगा।



नीतीश कुमार की मुहिम के रास्ते में दूसरी चुनौती ज्यादा से ज्यादा विपक्षी दलों को जोड़ने की है। कुल 16 दलों ने अब तक बैठक में शामिल होने की सहमति प्रकट की है, जबकि संभावित दलों की संख्या 21 आंकी गयी है। अभी भी कई दल हैं, जो भाजपा के साथ नहीं हैं, लेकिन वह इस बैठक में आने को तैयार नहीं हैं। इनमें बीजद, वाइएसआर कांग्रेस और बीआरएस प्रमुख रूप से शामिल हैं। हालांकि बीआरएस को लेकर उम्मीद है कि वह देर-सवेर विपक्षी एकता के साथ खड़ी होगी। इसके लिए प्रयास भी चल रहे हैं। लेकिन बीजद और वाइएसआर कांग्रेस आगे भी विपक्षी गठजोड़ से दूरी बनाये रख सकती हैं। हालांकि यह उम्मीद है कि दोनों दल चुनाव के बाद हालात अनुकूल होने पर अन्य रूप में समर्थन दे सकते हैं। इसके अलावा एआइएमआइएम जैसे कुछ छोटे दल भी हैं, जो विपक्ष के साथ खड़े नहीं होंगे।

इस चुनौती की पृष्ठभूमि में इस बात को ध्यान में रखना जरूरी है कि वैसे कुछ क्षेत्रीय दल ऐसे हैं, जिन्हें कांग्रेस के नेतृत्व में कोई समस्या नहीं और वे वर्तमान में भी पार्टी के साथ मिल कर काम कर रहे हैं। जैसे झारखंड में झामुमो और तमिलनाडु में द्रमुक। दोनों ही जगह कांग्रेस राज्य सरकार में कनिष्ठ सहयोगी बनी हुई है। यहां गठबंधन में वरिष्ठ दलों का कांग्रेस से सीधा मुकाबला नहीं है, तो किसी प्रकार की तल्ख राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता या असुरक्षा का मुद्दा गौण हो जाता है। महाराष्ट्र में भी राकांपा और उद्धव ठाकरे की पार्टी को भी ऐसे ही दलों की श्रेणी में रखा जा सकता है। दूसरा पहलू जदयू और राजद जैसे उन दलों से जुड़ा हुआ है, जो कांग्रेस के पाले में हैं तो, लेकिन कुछ किंतु-परंतु के साथ। तीसरा पहलू सपा, बसपा और जनता दल सेक्युलर जैसे दलों से जुड़ा है, जिनके साथ कांग्रेस ने अतीत में गठबंधन किया, पर वह विशेष चुनावी लाभ में रूपांतरित नहीं हो पाया। चौथा पहलू कांग्रेस के लिहाज से बेहद जटिल है, क्योंकि यहां पेंच बीजद, भारत राष्ट्र समिति और तृणमूल कांग्रेस जैसे उन दलों के साथ फंसता है, जिनका अपने राजनीतिक गढ़ में कांग्रेस से सीधा मुकाबला है। वहीं आम आदमी पार्टी जैसे दल भी हैं, जो स्वयं को राष्ट्रीय परिदृश्य में कांग्रेस के विकल्प के रूप में प्रस्तुत करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

### सबसे बड़ी चुनौती, मोदी के सामने कौन

इसके अलावा विपक्षी दल लगातार इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं कि वे किसी को भी प्रधानमंत्री के उम्मीदवार के रूप में पेश नहीं करेंगे, क्योंकि ऐसा करने से एकजुटता में अड़चन पैदा हो सकती है। जदयू की तरफ से भी लगातार यह कहा जा रहा है कि नीतीश पीएम पद के दावेदार नहीं हैं। शरद पवार ने भी बिना चेहरे के मैदान में उतरने की पैरवी की है। लेकिन कुछ जानकार बिना चेहरे के मोदी के खिलाफ विपक्ष की इस रणनीति को कमजोर मान रहे हैं। बेहतर स्थिति यही बनती है कि विपक्ष एक दमदार चेहरा सामने लाये। लेकिन इस पर विपक्ष के बीच सहमति बनना आसान नहीं दिख रहा है।

### युवाओं और मुस्लिमों पर नजर

संभावना व्यक्त की जा रही है कि 23 जून की बैठक में उपरोक्त विषयों पर तो चर्चा होगी ही, साथ में इसमें युवा वर्ग तक सोशल मीडिया के जरिये पहुंच बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा, अल्पसंख्यकों खासकर मुस्लिम मतदाताओं को साधने की योजना पर भी चर्चा होगी कि कैसे राष्ट्रीय दल ही भाजपा से मुकाबला करने में समक्ष हैं। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि विपक्षी दलों में व्यापक विविधता और उनके हितों को देखते हुए उन्हें एक छतरी के तले लाना असंभव तो नहीं, किंतु अत्यंत कठिन कार्य अवश्य है। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा के विरुद्ध किसी केंद्रीय महागठबंधन को कम से कम इन कसौटियों पर खरा उतरना होगा।

---

# निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की 39 करोड़ 28 लाख की संपत्ति अटैच की गयी

**इडी ने शपथ पत्र दाखिल कर यह जानकारी दी, मामले में अगली सुनवाई 26 जुलाई को**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की 39 करोड़ 28 लाख की संपत्ति अटैच की गयी है। झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शपथ पत्र दाखिल करके यह जानकारी दी। मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी। ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की संपत्ति मामले की सीबीआइ जांच कराने का आग्रह करने वाली पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में इडी की



ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। इडी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वीरेंद्र राम की 39 करोड़ 28 लाख 82 हजार 578 रुपये की संपत्ति अटैच की गयी है। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि विजिलेंस कमिश्नर से अनुमति मिलने के बाद 9 मई के बाद वीरेंद्र राम की संपत्ति की जांच शुरू की गयी है। कोर्ट ने मामले में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार को इडी के जवाब पर अपना प्रतिउत्तर देने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वीरेंद्र राम के पास अकूत संपत्ति की जानकारी विभागीय मंत्री को नहीं होगी, ऐसा संभव नहीं है। सभी की साठगांठ से भ्रष्टाचार का यह खेल हुआ है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने इडी और एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था की जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के जमशेदपुर आवास से नवंबर, 2019 में करीब ढाई करोड़ रुपये बरामद हुए थे। एसीबी ने इस मामले में सिर्फ सुरेश प्रसाद को जेल भेज दिया, लेकिन बाकी के खिलाफ किसी तरह की न तो जांच की गयी और न ही कोई कार्रवाई हुई।

## झारखंड हाइकोर्ट में हाजिर हुए आइएएस के श्रीनिवासन

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव के श्रीनिवासन अदालत के समक्ष सशरीर हाजिर हुए। यह मामला एक युवक का कास्ट सर्टिफिकेट जारी किये जाने से जुड़ा हुआ है। पिछली सुनवाई में अदालत ने विभाग को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था, लेकिन अब तक जवाब दाखिल नहीं किया गया। कोर्ट के समक्ष सचिव के श्रीनिवासन ने बताया कि अदालत का आदेश वह स्पष्ट रूप से समझ नहीं पाये, जिस पर अदालत ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर कानून की समझ नहीं है, तो लीगल एक्सपर्ट से सलाह लें। विनोद बड़ाइक ने याचिका दाखिल कर चीक बड़ाइक का कास्ट सर्टिफिकेट जारी करने का आदेश देने की गुहार लगायी है। अब कोर्ट अगले सप्ताह इस मामले की सुनवाई करेगा।

# रांची-पटना वंदे भारत में दो तरह की होंगी सीटें

**किराया 1760 रुपये और 890 रुपये होगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन हो चुका है। इस ट्रेन की शुरुआत इस महीने होने की उम्मीद जतायी जा रही है। इसके साथ ही ट्रेन के किराये को लेकर भी कयास लगाये जा रहे हैं। हालांकि अभी इसकी अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक ट्रेन में दो तरह की सीटें यात्रियों के लिए उपलब्ध होंगी। इनमें एग्जीक्यूटिव क्लास और एसी चेयर कार होगा। एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1760 रुपये और एसी चेयरकार का किराया 890 रुपये होगा। इसमें कैटरिंग चार्ज नहीं जोड़ा गया है।

वंदे भारत ट्रेन में एसी चेयरकार में कुल 78 सीटें हैं, जबकि एग्जीक्यूटिव क्लास में 56 सीटें हैं।



एक तरफ तीन और दूसरी तरफ दो सीटें हैं। हर सीट के साथ खाने-पीने, मोबाइल रखने की सुविधा है। हर सीट के नीचे फूट स्टैंड की सुविधा है। इसके अलावा ट्रेन में ऑन बोर्ड वाई-फाई, जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली, वैक्यूम शौचालय, एलइडी लाइट, हर सीट के नीचे चार्जिंग प्वाइंट, पानी की बोतल रखने के लिए स्टैंड, शौचालय में हाथ सुखाने की मशीन, हॉट केस, गर्म पानी के लिए मशीन, हर सीट के नीचे रीडिंग लाइट, सीसीटीवी, डिस्प्ले बोर्ड में यात्रियों को ट्रेन की स्पीड, ट्रेन कहां पहुंची है, ट्रेन कितने समय में पहुंचेगी आदि की जानकारी ले सकेंगे।

## बंगाल पंचायत चुनाव: नामांकन के दौरान टीएमसी के दो गुट आपस में भिड़े

**कोलकाता (आजाद सिपाही)। पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन जारी है। नामांकन के दौरान राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से हिंसा की खबरें भी सामने आ रही हैं। बुधवार को नामांकन भरने के दौरान बीडीओ दफ्तर के बाहर एक बार फिर झड़प देखने को मिली, लेकिन इस बार ये झड़प दो पार्टियों के बीच नहीं बल्कि एक ही पार्टी के दो गुटों के बीच हुई है। दक्षिण 24 परगना के कैनिंग इलाके में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो गुट आपस में ही भिड़ गये। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण करने की कोशिश की।**

# सेंट्रल लाइब्रेरी की छत गिरने से हुई छात्र की मौत, सड़क जाम

## एक करोड़ मुआवजा, सरकारी नौकरी की मांग

**मृतक की शिनाख्त मंतोष बेदिया के रूप में हुई है। वह रामगढ़ जिले का रहनेवाला है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र स्थित मोरहाबादी के सेंट्रल लाइब्रेरी में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया है। लाइब्रेरी की छत गिरने से एक छात्र की मौत हो गयी। मृतक की शिनाख्त मंतोष बेदिया के रूप में हुई है। वह रामगढ़ जिले का रहनेवाला है। इधर, इस घटना से छात्र आक्रोशित हो गये और सड़क जाम कर दिया। इधर, मामले की जानकारी मिलने के बाद लालपुर थाने की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर आक्रोशित छात्रों को समझाने का प्रयास किया। जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। सड़क जाम कर रहे छात्रों का कहना था कि कंपीटिशन की तैयारी को लेकर अपने घर से दूर रह कर मंतोष पढ़ाई में अपना ज्यादा समय गुजारता था। वह नौकरी कर अपने परिवार की स्थिति बेहतर करना चाहता था, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही ने मंतोष की जान ले ली। छात्रों का कहना था कि संतोष के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाये। साथ ही उनके परिवार में से किसी को सरकारी नौकरी दी जाये।



### कुलपति ने छात्र के परिजन को मुआवजा और नौकरी की घोषणा की

**रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय पुस्तकालय की दुर्घटना पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा और रांची विश्वविद्यालय ने दुख व्यक्त किया है। मृतक छात्र के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। कुलपति ने प्रभावित परिवार को चार लाख रुपये (किस्तों में) एक हफ्ते के अंदर अनुदान के रूप में देने की घोषणा की है। साथ ही परिवार के किसी एक सदस्य को उनकी योग्यता के आधार पर विश्वविद्यालय नियम अनुसार अनुबंध पर नियुक्त करने की सहमति दी। विश्वविद्यालय, राज्य सरकार एवं कुलाधिपति से इस नियुक्ति को स्थाई करने के लिए यथाशीघ्र याचना भी करेगा। कुलपति ने घटना की जांच के लिए कमेटी गठन करने का आदेश भी दे दिया है। कमेटी में डीएसडब्ल्यू अध्यक्ष प्रोफेसर सुदेश कुमार साहू, डीन सोशल साइंस डॉ मधुमिता दासगुप्ता और फिजिक्स के विभागाध्यक्ष डॉ एसके डे रहेंगे।**

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

15 जून, 2023
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 235


मणिपुर में फिर हिंसा, 9 की मौत, 10 लोग घायलः हथियारबंद लोगों ने मैतेई बहुल कांगपोकी में हमला किया।






# 8वीं कक्षा तक के बच्चों की 17 जून तक छुट्टी

## 9 से 12 वीं तक के छात्रों के लिए आज से खुलेंगे स्कूल

- शिक्षा विभाग ने सरकारी और निजी स्कूल के लिए आदेश जारी किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के 8वीं तक के सभी स्कूलों को अब 17 जून तक बंद रखने का आदेश दिया गया है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है, जिसमें कहा गया है कि अब 8वीं तक के स्कूल 17 जून तक बंद रहेंगे। पहले 14 जून तक स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया गया था। विभाग ने अधिक गर्मी और लू को देखते हुए यह निर्णय लिया है। केजी से क्लास 8 तक के सभी स्कूलों को 17 जून तक के लिए बंद किया गया है, वहीं क्लास 9 से 12वीं तक के छात्रों को 15 जून से क्लास जाना होगा। कक्षाएं पहले की तरह ही चलेंगी। गौरतलब है कि गर्मी को देखते हुए शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने 11 से 14 जून तक स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया था। एक बार फिर नया आदेश बुधवार को जारी किया गया, जिसमें 8वीं तक के लिए कक्षाएं स्थगित और 9वीं से 12वीं के लिए कक्षा शुरू करने के संबध में आदेश है। विभाग की तरफ से जारी की गयी चिट्ठी में लिखा है कि अधिक गर्मी पड़ने और राज्य में लू के बढ़ते खतरे को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। इस दौरान बच्चों को पढ़ाई का जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कैसे होगी, इस पर भी फैसला लिया जायेगा।

## मुलाकात : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले टाटा के वरीय अधिकारी

# राज्य में हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी इंजन आधारित वाहन निर्माण की संभावना

- टाटा मोटर्स और टाटा स्टील की जमशेदपुर में निवेश की इच्छा
- हेमंत सोरेन ने हर तरह से सहयोग का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टाटा मोटर्स हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी इंजन आधारित वाहन निर्माण की ओर बढ़ रही है। टाटा कंपनी इसके लिए झारखंड में निवेश करना चाहती है। इस सिलसिले में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और टाटा कमिंस के वरीय अधिकारियों ने बैठक की। अधिकारियों ने कहा कि टाटा मोटर्स और टाटा कमिंस इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ हाइड्रोजन इंजन से चलनेवाले वाहन बनाने की तैयारी कर रही है। आनेवाले 25 से 30 वर्ष तक ऑटोमोबाइल सेक्टर में शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करना टाटा मोटर्स का लक्ष्य है। टाटा मोटर्स जमशेदपुर में हाइड्रोजन सेगमेंट स्थापित करना चाहती है। हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी इंजन आधारित वाहन निर्माण के क्षेत्र में जमशेदपुर में निवेश की असीम संभावनाएं हैं।



टाटा मोटर्स के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से हरित हाइड्रोजन मिशन को प्राप्त किया जा सकेगा। टाटा मोटर्स इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ अब हाइड्रोजन इंजन से चलनेवाली गाड़ियों की मैन्युफैक्चरिंग की ओर ध्यान दे रही है। टाटा मोटर्स झारखंड के जमशेदपुर में हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी के विस्तार हेतु निवेश के लिए इच्छुक है। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, टाटा मोटर्स के गिरीश वाघ, टाटा स्टील के चाणक्य चौधरी, टाटा कमिंस के अश्वथ राम के अलावा टाटा के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### राज्य सरकार हरसंभव सहयोग देगी : सीएम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और टाटा कमिंस के अधिकारियों से हाइड्रोजन इंजन आधारित वाहन मैन्युफैक्चरिंग प्लानिंग की विस्तृत जानकारी ली। उन्हें राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग पूरे विश्व के लिए चुनौती है। भविष्य में ग्रीन टेक्नोलॉजी की ओर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। झारखंड में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। टाटा मोटर्स नयी तकनीक का उपयोग कर स्वच्छ वातावरण में न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट स्थापित करने के निमित्त बेहतर मास्टर प्लान बना कर कार्य करे। राज्य सरकार वाहन निर्माता कंपनी के सहयोग के लिए उनके साथ हमेशा खड़ी रहेगी।




# नीतीश कैबिनेट में जदयू से रत्नेश सदा होंगे मंत्री

**पटना (आजाद सिपाही)।** बिहार में नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार 16 जून को किया जायेगा। सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा। जनता दल यूनाइटेड कोटे से रत्नेश सदा मंत्री पद की शपथ लेंगे। इसे लेकर बिहार के राज्यपाल सचिवालय की ओर से एक पत्र भी जारी किया गया है। अब तक राजद और कांग्रेस के नाम सामने नहीं आये हैं, जिसके कारण कांग्रेस की नाराजगी किसी भी रूप में कभी भी सामने आ सकती है। कांग्रेस के अंदर कुलबुलाहट है, क्योंकि वह लंबे समय से दो मंत्री पद की मांग कर रही है। उधर, 16 जून को शपथ के लिए जदयू कोटे से नाम घोषित होते ही राजद में भी अंदर-अंदर स्वर तेज हो रहा है। राजद कोटे से कृषि मंत्री सुधाकर सिंह और विधि मंत्री कार्तिक कुमार का इस्तीफा हो चुका है। मतलब, उसकी घोषित दो कुर्सियां खाली हैं।

## गुजरात में बिपरजॉय से पहले भूकंप के झटके

# आज गुजरात तट से टकरायेगा तूफान

- गुजरात-मुंबई में भारी बारिश, अब तक 50 हजार से ज्यादा लोगों को हटाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**पोरबंदर/मुंबई।** अरब सागर में उठा तूफान बिपरजॉय आज गुजरात पहुंच जायेगा। इससे पहले बुधवार को शाम में गुजरात में भूंकप के झटके महसूस किये गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार तूफान बिपरजॉय 15 जून की शाम तक यह कच्छ जिले के जखौ पोर्ट से टकरायेगा। इस दौरान 150 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। इसके चलते बुधवार को गुजरात और मुंबई के तटीय इलाकों में भारी बारिश हो रही है। तेज हवाओं और ऊंची लहरों के चलते अब तक नौ लोगों की मौत की खबर है। आइएमडी ने रेड अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं, गुजरात सरकार ने कच्छ-सौराष्ट्र में समुद्र तट से 10 किलोमीटर की सीमा में सात जिलों से 50 हजार से ज्यादा लोगों को निकाल कर शेल्टर होम में भेजा है। इलाके में एनडीआरएफ की 18 टीमें तैनात हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को तीनों सेनाओं के प्रमुखों से बात की और चक्रवात बिपरजॉय के प्रभाव से निपटने के लिए सशस्त्र बलों की तैयारियों की समीक्षा की। उधर तूफान से पहले गुजरात के कच्छ में बुधवार शाम 5.05 बजे भूकंप का झटका महसूस किया गया। भूकंप की तीव्रता 3.5 आंकी गयी। जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।



## नीट परीक्षा में आदित्य ने लहराया परचम



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के नीट प्रतियोगी परीक्षा 2023 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। लाखों की संख्या में आवेदन करने वाले इस परीक्षा में महज कुछ ही बच्चों का अंतिम रूप से चयन हो पाता है। इस बार इन्हीं चयनित बच्चों की सूची में आदित्य अस्थाना का भी नाम है। आदित्य ने नीट प्रतियोगी परीक्षा 2023 में ऑल इंडिया रैंक 993 हासिल कर अपने मां-बाप और अपने समाज का नाम रोशन किया है। मेडिकल के क्षेत्र में सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा माने जाने वाली ठएएळ में सफलता पाकर आदित्य काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि मुझे आगे भी मेहनत और ईमानदारी के साथ पढ़ाई पूरी कर डॉक्टर बनना है। उन्होंने कहा अपने माता-पिता के सहयोग से ही 720 अंको की इस परीक्षा में उन्होंने 686 अंक हासिल कर अक्क 993 प्राप्त किया है। आदित्य की पढ़ाई की बात करें तो उन्होंने कक्षा 9वीं तक की अपनी पढ़ाई नमन विद्या हजारीबाग तथा उसके बाद दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची से की है। इन्होंने यहां से 2020 में दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण किया है वहीं 2022 में 12वीं पास किया। 12वीं पास करने के बाद से ही आदित्य नीट परीक्षा की तैयारी में लग गए थे जहां उन्हें अब सफलता मिली है। आपको बता दें कि आदित्य अस्थाना एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना के बेटे हैं। इस सफलता से आदित्य के माता पिता और उनके परिजन काफी खुश हैं।

## कौटिल्य महाविद्यालय का 11वीं का रिजल्ट बेहतर



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** गुरु चट्टी स्थित कौटिल्य महिला महाविद्यालय का 11 वीं कक्षा का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। नित्या गुप्ता ने 210 अंक लाकर कॉलेज प्रथम टॉपर, नागिन कुमारी ने 200 अंक लाकर द्वितीय टॉपर, और लक्ष्मी कुमारी ने 198 अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। कौटिल्य महिला महाविद्यालय के शिक्षकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और आगे होने वाली 12वीं की परीक्षा में अच्छी मेहनत कर अच्छी सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिए।

## बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक को दी विदाई



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया बड़कागांव शाखा के वरीय प्रबंधक तुषार सिन्हा का जोनल ऑफिस हजारीबाग में तबादला हो जाने को लेकर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का संचालन प्रबंधक हिमांशु शेखर ने किया। इस दौरान अतिथियों के द्वारा तुषार सिन्हा को शॉल ओढाकर वं बुके देकर अभिनंदन किया गया। मौके पर मुख्य प्रबंधक विभूति कुमार सिन्हा ने कहा कि अच्छे कार्य करने वाले को हमेशा याद किया जाता है। बैंक परिवार की ओर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया गया । मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया तकरीमुल्लाह खान, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, दिनेश सिन्हा, सिविल सोसाइटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज गुप्ता, वरीय प्रबंधक रामचंद्र सोरेन, अभिषेक पाल, विनोद कुमार, अजय कुमार जगलाल साव के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## कोडरमा : विभिन्न सड़क हादसे में चार लोग घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिले में बुधवार को विभिन्न सड़क हादसों में चार लोग घसिल हो गए। थाना क्षेत्र के बजरंगबली चौक के समीप बुधवार की सुबह 6 बजे ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार मरकच्चो थाना क्षेत्र के डोंगोडीह निवासी सुरेश ठाकुर (उम्र 55 वर्ष, पिता दुखी ठाकुर) घायल हो गए। सुरेश ठाकुर अपने एक रिश्तेदार को कोडरमा स्टेशन छोड़कर वापस मरकच्चो लौट रहे थे। इसी दौरान बजरंगबली चौक के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया गया है। वहीं जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत थर्मल पावर प्लांट फोर लाइन चौक के समीप बुधवार की सुबह मोटरसाइकिल दुर्घटना में शोएब (पिता मो. मनीर, बिरसोडीह) घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया है। तीसरी घटना में चंदवारा थाना अंतर्गत पुरनीटांड़ में बुधवार को सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान महुआदोहर निवासी राजकुमार सिंह (उम्र 28 वर्ष, पिता रामेश्वर सिंह) और अशोक कुमार (उम्र 32 वर्ष, पिता प्रभु सिंह) के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे घायलों ने बताया कि एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर 3 लोग पुरनीटांड़ अपने एक परिचित को छोड़ने गए थे। वापस लौटने के दौरान मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से दोनों दुर्घटना के शिकार हो गए।

## जिला अध्यक्ष के आवास पर पहुंचे मंत्री



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पीपचो में कोडरमा झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सह प्रधानमंत्री 15 सूत्री सदस्य नौशाद आलम के निवास पर मंत्री हफीजुल हसन पहुंचे और जयनगर प्रखंड के जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। मंत्री हफीजुल हसन के कोडरमा आगमन से पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल देखने को मिला। मौके पर एम चंद्रा, मोहम्मद जावेद, समीम, लक्ष्मण यादव, सुजीत यादव, मुमताज आलम, नौशाद अंसारी, अहमद कौशल खान, इरफान अंसारी, युसूफ अंसारी, रियासत अंसारी, संजय वर्मा, पंकज वर्मा, पप्पू वर्मा, मदन राम, विशाल कुमार, खुर्शीद आलम, महफूज आलम, दिवाकर तिवारी, मोहम्मद खलील सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मन का मिलन पखवाड़ा का समापन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में मध्यस्थता पर आधारित 29 मई से 14 जून तक विशेष अभियान मन का मिलन पखवाड़ा का सफलता पूर्वक समापन हुआ। इस अभियान के दौरान मध्यस्थता के लिए कुल 50 से अधिक मामले का आवेदन प्राप्त हुआ। कई लोगो ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय में आकर मध्यस्थता से संबंधित जानकारी प्राप्त की। विशेष अभियान कोडरमा के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेन्द्र कुमार तिवारी के मार्ग दर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अभियान को पूर्णत: सफल बनाने के लिए प्राधिकार से जुड़े सभी लोगों ने काफी सक्रिय रूप से अपनी अहम भागीदारी निभायी। उन्होंने आम लोगो से आपील की है कि वे भविष्य में भी आयोजित इस प्रकार के विशेष अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाये तथा मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किये जाने में अपनी अहम् भागीदारी सुनिश्चित करें। जिले में कार्यरत पारा लीगल वोलंटियर के द्वारा भी अपने स्तर से अपने अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर तथा पम्पलेट बाट कर लोगो को जागरूक किए जिसका काफी बेहतर परिणाम रहा। इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग की ओर से पुलिस निरीक्षक राम नारायण ठाकुर एवं टेली लॉ अधिवक्ता टीनू कुमारी, एलएडीसीएस के अधिवक्ता राजेंद्र मंडल की भूमिका भी सराहनीय रही।

## समाजसेवी मुन्ना सिंह कल होंगे कांग्रेस में शामिल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के समाजसेवी मुन्ना सिंह कल कांग्रेस पार्टी में होंगे शामिल। कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे द्वारा हजारीबाग के समाजसेवी मुन्ना सिंह को कांग्रेस पार्टी में शामिल कराने संबंधी आवेदन पर सहमति प्रदान की गयी है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार मुन्ना सिंह को पार्टी में शामिल कराने हेतु आगामी 16 जून को अपराह्न 12:30 बजे कांग्रेस भवन, रांची में कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

### एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की

# अवैध कोयला और बालू पर रोक लगाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** एसपी मनोज रतन चौथे के नेतृत्व में बुधवार को अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी ने सभी थाना प्रभारीयों और पुलिस पदाधिकारियों को कई दिशानिर्देश दिए। 4 वर्षों से अधिक पुराने लंबित कांडों के अविलंब निष्पादन हेतु निर्देशित किया। सभी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा कर उनके अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। आगामी बकरीईद को लेकर सुरक्षा से संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। सिविल कोर्ट के सुरक्षा की नियमित रूप समीक्षा करते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। अवैध शराब की चुलायी और बिक्री तथा अवैध पोस्ता और अफीम की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया तथा उनके विरुद्ध सीसीए का प्रस्ताव समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया। महिला प्रताड़ना और हिंसा तथा अनुसूचित जाति और जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। नशाखोरी के पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। सोशल मिडिया की मोनिटरिंग करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया।

साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनन कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलीयों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। अवैध कोयला, बालू और पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी और जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुये अवैध खनन पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

जमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार और कुर्की- जब्ती के त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# सरना धर्म कोड समेत अन्य मांगों को लेकर 15 को भारत बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** आदिवासी सेंगेल अभियान की बैठक विष्णुगढ़ प्रखंड के मडमो स्थित डुमरिया टांड गांव में की गयी। जिसकी अध्यक्षता जिला सेंगेल अध्यक्ष बहराम हांसदा और संचालन सरना धर्म मंडवा अध्यक्ष बहाराम मरांडी ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए आदिवासी सेंगेल अभियान के बोकारो जोनल हेड आनंद टुडू ने कहा कि आज आदिवासी समाज बबार्दी के कगार पर खड़ा है, और इसके लिए जेएमएम पार्टी और उसके अंध भक्त वंशवाद मांझी परगना व्यवस्था इसाइ मिशनरी आदि जिम्मेदार है। जहां जेएमएम पार्टी ने कभी भी समाज सुधार का काम जैसे समाज में नशापान, अंधविश्वास महिला विरोधी मानसिकता, वोट को हंड़िया दारू चखना रूपया पैसा में खरीद - विक्री का विरोध नहीं किया। प्रकृति पूजक आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड, झारखंड में संताली को प्रथम राजभाषा बनाने आदि काम नहीं किया। बल्कि इसके उल्टा कुर्मी को आदिवासी बनाने के लिए अनुशंसा कर असली आदिवासियों को फांसी के फंदे पर चढ़ाना, आदिवासियों के सबसे बड़े ईश्वर मरांग बुरू को जैनों को बेच कर आदिवासियों को मरने का काम किया है, इसी जेएमएम पार्टी के सांसद विधायक संताली भाषा ओलचिकी का विरोध कर रहे हैं। इसी तरह वंशवाद मांझी परगना व्यवस्था के लोग भी परंपरा के नाम पर नशापान (हंड़िया चोडोर) अंधविश्वास डायन- प्रथा महिला विरोधी मानसिकता को जिंदा रखे है, और इसी तरह ईसाई बने आदिवासी भी आदिवासियत से ज्यादा ईसाईयत की चिंता करते हैं, संताली भाषा ओलचिकी लिपि का विरोध करते हैं। आदिवासी भाषा-संस्कृति से आदिवासियों को जड़ - मूल नष्ट करना चाहते हैं। इसलिए जेएमएम पार्टी के पतन के वगैर आदिवासियों का विकास असंभव है। मांझी परगना व्यवस्था में सुधार कर जनतंत्र संविधान कानून को लागू करना होगा। इसी प्रकार धर्म परिवर्तित ईसाई आदिवासी अपने मूल धर्म में वापस आएं वरना डिलिस्टिंग करना होगा। इन सबको बचने बचाने के लिए लगातार कार्यक्रम आन्दोलन कर रहे आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू को हरहाल में साथ देना होगा। इन्होंने आदिवासी समाज हित में अनेकों काम किए है आगे भी करेंगे। हरहाल में 2023 में सरना धर्म कोड लेने के लिए विश्व सरना धर्म कोड जनसभा 30 जून को ब्रिगेड परेड मैदान कलकत्ता चलें। और 15 जून 2023 को भारत बंद का आह्वान आदिवासी सेंगेल अभियान ने किया है । जिसमे बंदी को सफल करने के लिए हजारीबाग जिला के विभिन्न प्रखंड और बोकारो जोन से सारना धर्म प्रेमी और सेंगेल कार्य करता और नेता काफी सख्या मे उपस्थित होंगे इस बैठक मे हजारीबाग जिला अध्यक्ष बहराम हांसदा व जिला सारना धर्म माड़वा अध्यक्ष बहराम मरांडी ने भी संबोधित किया। बैठक में बबुचंद मरांडी, नरेश मरांडी, सनीचर सोरेन, सुनील मुर्मू के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

# रेड क्रॉस सोसायटी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**रक्तदान जीवनदान के सामान है - उपायुक्त**

**रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है - एसडीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा बुधवार को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर इंद्रपुरी चौक स्थित रेड क्रॉस भवन परिसर एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन उपायुक्त सह पदेन अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी नैंसी सहाय, सदर एसडीओ विद्या भूषण कुमार, सहायक नगर आयुक्त शताब्दी मजूमदार, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह, हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक सह वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रप्रकाश जैन सहित कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। शिविर में सर्वप्रथम सबसे पहले रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह और मनोज गोयल ने रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी मिसाल पेश की। उपायुक्त सहित सभी अतिथियों ने रक्तदाताओं का हौसला अफजायी किया, जिसके उपरांत रक्तदाताओं ने रक्तदान कर शिविर को सफल बनाया। शिविर में 15 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। उपायुक्त नैंसी सहाय ने विश्व रक्तदान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा की रक्तदान जीवनदान के समान है। हर स्वस्थ व्यक्ति को इस मुहिम से अवश्य जुड़ना चाहिए। सदर एसडीओ विद्याभूषण कुमार ने कहा की रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है। हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह ने समस्त रक्त दाताओं के प्रति आभार जताया। मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष प्रोफेसर सुरेंद्र सिन्हा, मनोज गुप्ता, मनोज गोयल, डॉक्टर नीरज कुमार, सनत कुमार, विकाश तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे। रक्तदान करने वालों में रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव तनवीर सिंह, मनोज गोयल, नेहा सिंह, नीरज सिंह उज्जैन, नीरज कुमार, विजय कुमार, रामलखन प्रजापति, राज कुमार, प्रियंका कुमारी, शंभू कुमार पासवान, अमित सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राज किशोर पांडे, रंजन सोनकर और सचिन खंडेलवाल ने रक्तदान किया।

## यात्री का ट्रेन में छूटा बैग सौंपा गया

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। यात्री गाड़ी संख्या 12382 डाउन में सफर कर रहा था। उतरने के दौरान उनका सामान ट्रेन में ही छूट गया था। सूचना प्राप्ति पश्चात दिए गए मोबाइल नंबर पर बात करने से पता चला कि यात्री पप्पू दास (33, पिता राजेंद्र रविदास, सा धरमू, थाना- ईचाक, हजारीबाग) झारखंड जो गाड़ी संख्या 12382 में कोच संख्या एस6 में यात्रा कर रहे थे। सूचना पाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए सहायक उपनिरीक्षक मुर्शीद आलम खान तथा आरक्षी पवन प्रकाश दोनों रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा के द्वारा उक्त गाड़ी के कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 03 पर आगमन के पश्चात उसके कोच संख्या एस 6 को चेक किया गया तो एक मेरून रंग का बैग पाया गया जिसकी पहचान वीडियो कॉलिंग के माध्यम से शिकायतकर्ता को करवायी गयी। कुछ समय उपरांत उनके चचेरे भाई कृष्णा कुमार पहुंचे जिन्हें उचित पूछताछ व सत्यापन पश्चात उपरोक्त बैग कृष्णा कुमार को सही सलामत सुपुर्द कर दिया गया।**

### राजद का मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित

# कोडरमा सांसद और विधायक ने जनता से कन्नी काटी: सुभाष यादव

आजाद सिपाही संवाददाता






**कोडरमा।** राष्ट्रीय जनता दल कोडरमा के बैनर तले झुमरीतिलैया के शिव वाटिका में बुधवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव और संचालन युवा जिलाध्यक्ष मनोज रजक ने किया। बतौर मुख्य अतिथि चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सह कोडरमा विधानसभा के भावी राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव ने कहा कि देश मे भाईचारगी को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। लोकतंत्र और संविधान को कमजोर किया जा रहा है। राजद सांप्रदायिक शक्तिओ के साथ कोई समझौता नही कर सकती, देश मे आपसी भाईचारगी तोड़ने और धार्मिक उन्माद फैलाने वालों के खिलाफ संघर्ष करेगी। जनता को एकजुट करेगी, गांव गांव में लालटेन की रौशनी फैलाकर भाजपा को सत्ता से बेदखल करेगी। बोकारो के राजद नेता अवधेश प्रसाद यादव ने कहा कि कोडरमा में सांसद और विधायक दोनों ही महिला है, लेकिन महिलाओं के मुद्दे पर खामोश रहती है। उन्होंने कहा कि जो राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के नहीं हुई, जो राजद को धोखा देखर सांप्रदायिक शक्तियों का दामन थाम ली, वो कोडरमा की जनता की कभी नही हो सकती। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष शिवनाथ यादव, प्रदेश महासचिव डॉक्टर जावेद अख्तर, प्रदेश महासचिव रोहित मेहता, प्रदेश महासचिव सुनील यादव, युवा प्रदेश महासचिव प्रदीप यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मो सरफुद्दीन अंसारी समेत कई नेताओं ने शिरकत किया। वहीं इसे महिला जिलाध्यक्ष अमरजीत कौर, पूर्व जिलाध्यक्ष सरिता देवी, सामाजिक कार्यकर्ता चरणजीत सिंह, मरकच्चो प्रमुख सह प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष राम बचन यादव, कोडरमा मुखिया संघ अध्यक्ष कन्हाई यादव, परवेज खान, मो असलम, मो नसीम, संजय दास, रघुनाथ दास, बबलू यादव, मो इकबाल अंसारी, सोनी देवी, अनिता देवी, रानी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद मौके पर मुकेश यादव, सचिन्द्र राणा, संतोष यादव, परमजीत कौर, रिंकू सिन्हा, गीता देवी, सरिता देवी, मुन्नी देवी, अनिता देवी, आरती देवी, सोनी कुमारी, शबनम खातून, रानी खातून, शीला देवी, बसन्ती देवी, रेखा देवी, लक्ष्मी देवी, पार्वती, राजेन्द्र यादव, जैकी यादव, विक्रम यादव, रंजीत कुमार यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यू पल्स हॉस्पिटल में गर्भवती महिलाओं का मुफ्त होगा अल्ट्रासाउंड



**इचाक (आजाद सिपाही)।** एनएच 33 रांची पटना मार्ग एसबीआइ बैंक के नीचे न्यू पल्स हॉस्पिटल में इचाक प्रखंड की गर्भवती महिलाओं को मुफ्त में अल्ट्रासाउंड किया जायेगा। हॉस्पिटल प्रबंधक कैलाश मेहता ने बताया की 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने ग्रामीण जनता और गरीब गुरबा लोगों के सुविधा के लिए इचाक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इचाक से मुफ्त अल्ट्रासाउंड गर्भवती महिलाओं के लिए न्यू पल्स हॉस्पिटल में इलाज के लिए मांग रखा था। इस समस्या समाधान हेतु तत्काल सीएससी प्रभारी ओम प्रकाश ने अनुमति दीया। इस कार्य हेतु बीस सूत्री अध्यक्ष और चिकित्सा प्रभारी पर प्रबंधक कैलाश मेहता ने आभार जताया। मौके पर बीस सूत्री सदस्य दिगंबर मेहता, रमेश गुप्ता उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में इंटर और स्नातक में नामांकन जारी

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कौटिल्य महिला महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी इंटरमीडिएट आर्ट्स कॉमर्स तथा स्नातक आर्ट्स और कॉमर्स में नामांकन जारी है। उक्त आशय की जानकारी महाविद्यालय के निदेशक सुधांशु शेखर, सचिव रामचरित्र प्रसाद और प्राचार्य अवध कुमार मेहता ने संयुक्त रूप दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जल्द से जल्द समय पर एडमिशन ले ले ताकि सिलेबस को पूरा करने में उन्हें दिक्कत नहीं हो।

## ग्रामीणों को नहीं मिल रहा एक बूंद पानी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हुटपा पंचायत के ग्राम बानाहप्पा में चंपा मोसोमत के जमीन पर बना जलमिनार मात्र शोभा की वस्तु बन कर रह गई है। जल मीनार बने लगभग 5 से 6 माह हो गए, पर लाभुको को जलमिनार से एक बूंद पानी नहीं मिला। ग्रामीणों ने बताया की बनाहप्पा में दिसंबर में ही नल जल योजना के तहत जलमिनार बना, मगर इतनी गर्मी के बावजूद लाभुको को पानी के लिए कुंआ या चापाकल पर ही निर्भर रहना पड़ रहा। गर्मी के मौसम में भी काफी दूर से पीने का पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया की कई बार सूचना मुंशी और ठेकेदार को दिए पर अभी तक किसी भी तरह का कोई करवाई नहीं की गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि मुंशी के द्वारा हमेशा आश्वासन दिया जाता है कि 10 से15 दिन में स्टार्ट हो जायेगा। ग्रामीणों ने बताया कि अगल- बगल कुआं का भी पानी पूरी तरह सूख गया है, जिसके कारण काफी परेशानी हो रही है। मौके पर शंकर राम, अजय राम, महावीर राम, शिव कुमार दास, अयोध्या राम, प्रयाग राम, विजय राम, संजय राम, राहुल राम, मुकेश राम, कारू राम, नारायण राम, गोवर्धन राम, प्रेमनाथ रवि, मेघन राम, खग्या मोसोमत, चम्पा मोसोमत यदि ग्रामीण उपस्थित थे। ठिकेदार फनी कुमार मंडल से दूरभाष पर पूछे जाने पर बताया की जब चेक किया गया था तो बोरिंग में भरपूर पानी था, मगर गर्मी के कारण लेयर नीचे चला गया, जिससे पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा। बरसात आते ही पानी का लेयर ऊपर आयेगा तो लाभुको को पानी आपूर्ति होने लगेगा।

## विश्वविद्यालय ने किया पोषण किट का वितरण




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से मटवारी स्थित सिटी कैंपस में गोद लिए गए निक्षय मित्रों के बीच विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ और एआर एकेडमिक माधवी मेहता के हाथों पोषण किट का वितरण किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि केंद्र सरकार की पहल पर टीबी मुक्त भारत बनाने का जो अभियान चलाया जा रहा है, वह तेजी से अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि निक्षय मित्रों में पोषण किट के वितरण के माध्यम से अब कइ निक्षय मित्र टीबी मुक्त हो कर टीबी चैंपियंस बन रहें हैं। डॉ गोविंद ने कहा कि निक्षय मित्रों को गोद लेने के लिए सभी सक्षम संस्थानों, व्यक्तियों व कंपनियों को भी आगे आने की जरूरत है, ताकि टीबी मुक्त भारत के सपने को जल्द ही हकीकत में तब्दील किया जा सके। हजारीबाग सिविल सर्जन डॉ सरयू प्रसाद सिंह ने निक्षय मित्रों से पौष्टिक आहार के साथ साथ समय पर दवाइयां लेते रहने की सलाह दी। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ राजकिशोर ने निक्षय मित्रों को स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। वहीं जिला टीबी कार्यक्रम समन्वयक टीपू सुल्तान ने कहा कि आइसेक्ट विश्वविद्यालय का यह पहल सराहनीय है और इसके लिए आइसेक्ट विश्वविद्यालय परिवार बधाई के पात्र हैं।

## भाजपा की महाजनसंपर्क अभियान के तहत रैली

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर चलाए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के तहत 15 जून को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र का लोकसभास्तरीय विशाल महारैली बगोदर स्टेडियम में आहूत की गयी है। जिसमें भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-सह-पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार बसुंधरा राजे सिंधिया का आगमन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विष्णुगढ़ प्रखंड के मडमो में कोडरमा सांसद के हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल ने एक बैठक कर पार्टी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में महारैली में शामिल होने की अपील की है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किये गए देश हित मे कार्यो को सुने व जनता के बीच पहुंचाए। इस अवसर पर विष्णुगढ़ प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुखदेव महतो, मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा, प.स.स बहाराम हंसदा, घनश्याम महतो, जगदीश महतो, रामानंद सिंह, अर्जुन महतो, रामानंद सिंह, अरविंद सिंह, दशरथ ठाकुर, प्रदीप महतो, राजेन्द्र कुमार महतो, विजय कुमार महतो, संतोष महतो, कन्हाई महतो, सोमर महतो, समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एसआरसी का उद्घाटन कौशलेंद्र ने किया



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** एसआरसी का उद्घाटन विनोबा भावे विश्वविद्यालय के रजिस्टर कौशलेंद्र कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया इस रिसोर्स सेंटर से सभी छात्र-छात्राओं को सरकारी तथा गैर सरकारी सुविधाएं उपलब्ध होंगे जैसा कि जाति, आय, आवासीय, ओबीसी प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, पासपोर्ट, कानूनी सलाह, एजुकेशन के सर्विसेज, वोकेशनल कोर्स की सर्विसेस, बैंकिंग सेवा, ऑनलाइन फॉर्म, एडमिट कार्ड डाउनलोड, रेलवे टिकट, बस टिकट, फ्लाइट टिकट बुकिंग, होटल बुकिंग, पार्सल बुकिंग, ऑनलाइन ऑर्डर स्कॉलरशिप ऑनलाइन और कई अन्य सेवाएं यहां से उपलब्ध होंगे वि. भा. वि. के कुलपति प्रो. डा. अजीत कुमार सिन्हा के पहल पर छात्र हित में उक्त केंद्र की स्थापना की गयी। उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के डॉ इंद्रजीत कुमार नोडल ऑफिसर एसआरसी विनोबा भावे यूनिवर्सिटी सुकल्याण मोइत्रा, विकास कुमार, रखो हरिप्रसाद, सीएससी जिला टीम के रोशन कुमार, मुकेश कुमार झा, मोहम्मद निजामुद्दीन, एसआरसी संचालक अमन भास्कर और विश्वविद्यालय के छात्र गण उपस्थित थे।

## अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने दो मोटरसाईकिल पर लदे अंग्रेजी शराब के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एएसआइ सुजीत कुमार सिंह ने छापेमारी की है। जिसमें ग्राम बैदडीह स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के सामने एक घर के पास से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जिसमें व्यक्ति सुगम्बर कुमार 20 वर्ष पिता कृष्णा प्रसाद यादव, सुधीर कुमार यादव 25 वर्ष पिता महेंद्र प्रसाद यादव दोनों ग्राम परमानंद बीगहा थाना नूरसराय जिला नालंदा बिहार निवासी को गिरफ्तार किया है। दो वाहन पल्सर बीआर 21 ए 3813 तथा अपाचे बीआर 21 यस 1691 पर लदे बैग से बरामद किया गया है।

## भुरकुंडा के गल्ला व्यवसायी के पुत्र की सड़क दुघर्टना में मौत



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा के प्रसिद्ध गल्ला व्यवसायी युगल किशोर पांडेय का पुत्र विजय कुमार पांडेय 42 वर्ष का बुधवार की सुबह करीब साढे छह बजे सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रांची से रामगढ़ न्यायालय एक केस के संर्दभ में आने के क्रम में विजय कुमार पांडेय की चुटूपालु घाटी में टेलर की चपेट मे आने से दर्दनाक मौत हो गई। विजय की मौत की खबर कोयलांचल भुरकुंडा में आने के बाद शोक की लहर उमड़ पडी। सूचना के बाद भुरकुंडा के व्यवसायी और आसपास क्षेत्रो के सैकड़ो लोगो का तांता शोक संवेदना के लिये उमड़ पड़ी। विजय का शव भुरकुंडा अपने घर पहुंचे तो माता-पिता सहित परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। लोगो का रो-रोकर बुरा हाल था। कांग्रेस के विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय का भतीजा दिवंगत विजय पांडेय मिलनसार और मृदुलभाषी व्यक्तित्व के मालिक थे। वे रांची में टाटा कैपिटल में कार्यरत थें। दिवंगत अपने पीछे माता-पिता, पत्नी और दो बच्ची सहित भरा पुरा परिवार छोडकर गए हैं। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार रीवर साइड-गिद्दी दामोदर नदी तट पर किया गया। अंतिम संस्कार में नंदकिशोर पांडेय, श्याम किशोर पांडेय, विशाल पांडेय, अजय पांडेय, बबन पांडेय, सुशील अग्रवाल, अजय गोयल, प्रमोद शर्मा, रिंकु धामी सहित सैकड़ो व्यवसायी शामिल थें।

### जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर डीसी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# समन्वय बना कर विभाग कार्यों का निपटारा करें: माधवी मिश्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर बुधवार को डीसी माधवी मिश्रा ने जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक कर अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दी। इस दौरान सर्व प्रथम जिला पशुपालन कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों को ससमय योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। वहीं, जिले के सभी दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के मद्देनजर डीसी ने सीएस डॉ प्रभात कुमार को रोस्टर तैयार करते हुए शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही सिविल सर्जन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने एवं दिव्यांगों के लिए लगाए जाने वाले शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।



**अवैध रूप से बालू का उठाव या परिवहन पर लगाएं रोक :** अवैध खनन पर रोक लगाने के मद्देनजर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से औचक जांच अभियान चलाने और दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**शराब के विरुद्ध औचक जांच अभियान चलाये:** बैठक में डीसी ने सहायक आयुक्त उत्पाद को जिले में अवैध शराब के विरुद्ध औचक जांच अभियान चलाने और इस संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**लक्ष्य के विरुद्ध सृजित मानव दिवसों की डीसी ने ली जानकारी:** ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने प्रखंड वार प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों से लक्ष्य के विरुद्ध सृजित मानव दिवसों की जानकारी ली। जिसके उपरांत डीसी ने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए योग्य व जरूरतमंद लोगों को मनरेगा से जोड़ने व उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**कार्यो को गंभीरता से लेते हुए करें कार्रवाई:** प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न आवास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने 2023-24 के लिए प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक हुए कार्यों की प्रखंड वार समीक्षा की।

**बच्चों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने का निर्देश:** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुकों को लाभ देने के तहत हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

**कोई भी योग्य लाभुक पेंशन के लाभ से वंचित ना रहे:** विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे कराकर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी योग्य लाभुक पेंशन के लाभ से वंचित ना रहे वहीं, उन्होंने पेंशन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।

**ईकेवाईसी का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश:** कृषि विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत सभी योग्य लाभुकों को लाभ सुनिश्चित करने के लिए शेष बचे हुए लाभुकों का ईकेवाईसी का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

**जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश:** जल जीवन मिशन के तहत पूरे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता पर मंडल से वर्तमान में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में चल रहे कार्य जानकारी ली। वही, डीसी ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों व आंगनवाड़ी केंद्रों में अनिवार्य रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**आवासीय विद्यालय को जल्द पूर्ण करने का निर्देश:** भवन निर्माण निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी लेने के क्रम में डीसी ने कार्यपालक अभियंता को जल्द से जल्द चितरपुर एवं दुलमी प्रखंड में निमार्णाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

**ससमय म्यूटेशन संबंधित कार्यो को पूर्ण करने का निर्देश:** अंचलवार लंबित दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने सभी अधिकारियों को ससमय म्यूटेशन संबंधित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सिविल सर्जन, भू अर्जन पदाधिकारी, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## नीट की परीक्षा में विशेष चंद्र ने किया अच्छा प्रर्दशन



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कोटवार टोला निवासी सत्रुघन चंद्र पोद्दार के पुत्र विशेष चन्द्र पोद्दार ने देश स्तरीय आयोजित नीट (एमबीबीएस)की परीक्षा में 565 रैंक लाकर पूरे समाज का नाम रोशन किया है। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से 720 अंक में 695 अंक लाकर कुल 99.97 प्रतिशत अंक हासिल किया है। उन्होंने इस सफलता के लिए अपने टीचर, माता और पिता के अलावे अपनी बड़ी बहन को इसका श्रेय दिया है। साथ ही कहा कि डॉक्टर बनकर वे गरीब मरीजों की सेवा करेंगे। उनके इस सफलता पर सुवर्ण वणिक समाज के अध्यक्ष प्रताप पोद्दार, सचिव बापी पोद्दार, कोषाध्यक्ष गौर चंद्र पोद्दार, पंचम चंद्र पोद्दार, नवदीप पोद्दार, जितेन्द्र कुमार, बसंत पोद्दार, सनत पोद्दार, अनूप पोद्दार, नरेन्द्रनाथ चौधरी, सुखदेव पोद्दार, दिनेश पोद्दार, ब्रजेश कुमार दास, जनार्दन पाठक, मुखिया बुलटी देवी, रूपेश पोद्दार, दीपक पोद्दार आदि ने हर्ष जताते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## सड़क हादसा में दो की मौत



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रांची-पटना मुख्य मार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में बुधवार की सुबह ट्रेलर की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक की मौत हो गई, जबकि ट्रेलर अनियंत्रित होकर गंडके मोड़ के पास जा पलटी। जबकि ट्रेलर में सवारी एक व्यक्ति की मौत मौके पर ही हो गई। मिली जानकारी के अनुसार लोहे के शीट लदा ट्रेलर संख्या यूपी 78सीटी 4385 अचानक ब्रेक फेल हो गया। इस दौरान ट्रेलर अनियंत्रित हो गया और स्कूटी को चपेट में लेते हुए पलट गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। स्कूटी सवार ट्रेलर में लोहे के चदरे से जा टकराया। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं ट्रेलर चालक की मौत हो गई। वही, स्कूटी सवार मृतक की पहचान भुरकुंडा निवासी विजय पांडेय के रूप में हुई। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल चालक को उपचार के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भिजवाया। जहां उसकी मौत हो गई। वहीं, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## रितिक ने नीट की परीक्षा में सफल होकर जिले का नाम रौशन किया



**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** अंकित राज हंटरगंज। रितिक कुमार ने नीट की परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले तथा प्रखंड के साथ साथ अपने समाज और परिवार का नाम रौषन किया है। प्रखंड के उरैली पंचायत के धरधरा गांव निवासी तथा झारखंड पुलिस में कार्यरत विनोद सिंह का पुत्र रितिक कुमार को नीट की परीक्षा में 720 में 655 अंक लाकर अपनी दक्षता का परिचय दिया है। रितिक को इस सफलता के लिए उसके चाचा संतोष कुमार सिंह, राजेश्वर सिंह तथा पंचायत समिति सदस्य रीता देवी के अलावे सभी शुभचिन्तक एवं उन्हें चाहने वाले शामिल है। जानकारी के अनुसार रितिक दसवीं तक की शिक्षा डीएवी हेहल रांची से किया है। नीट की परीक्षा में 21 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। जिसमें रितिक को 5826 वां स्थान मिला। रितिक ने कहा कि मेडिकल की पढाई पूरी कर जनता की सेवा करूंगा तथा अपने क्षेत्र का नाम रौशन करूंगा।

## पेड़ से टकराकर दो मोटरसाइकिल सवार घायल

**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज गया मुख्य मार्ग स्थित सोहाद मोड के समीप एक पेड से टकराकर दो मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार घायल युवक सौरभ सिंह का पुत्र रॉकी कुमार और प्रमोद सिंह का पुत्र प्रेम कुमार मोटरसाइकिल से गोसाईडीह की ओर जा रहे थे। इसी बीच सोहाद मोड के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल एक पेड से जा टकराया। जिससे दोनों घायल हो गये। दोनों को हंटरगंज स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद रॉकी कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए मगध मेडिकल गया रेफर कर दिया गया।

## कैंटीन के सचिव बने आशीष और कोषाध्यक्ष संतोष



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना कैंटीन चुनाव परिणाम में सचिव पद पर आशीष कांत सिंह एवम कोषाध्यक्ष पद पर संतोष कुमार निर्वाचित हुए। जबकि सदस्य के रूप में प्रेम ठाकुर व सुग्रीव तिवारी बिजय हुए। इसके पूर्व निवार्ची पदाधिकारी राजेश एक्का दंडाधिकारी डॉ अशोक कुमार सहित सुलेन्द्र कुमार मुंडा एवम इंद्रजीत कुमार की टीम ने चुनाव सम्पन्न कराया। जीत हासिल कर सचिव आशीष कांत सिंह व कोषाध्यक्ष संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर बताया है कि कैंटीन का संचालन बेहतर ढंग से करने का प्रयास करेंगे।कैंटीन की साफ सफाई के साथ साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देंगे जिससे सीसीएल कर्मचारी लाभान्वित हो सके।

### खोपड़िया बाबा धर्मशाला जीर्णोद्धार को लेकर विवाद

# जिला-प्रशासन को आवेदन देकर कार्रवाई की रखी मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** इच्छा पुरन बाला जी हनुमान मंदिर सह खोपड़ीया बाबा मंदिर कमेटी को लेकर छपी खबर का खंडन मंदिर संचालन समिति के संयोजक सुरेश उपाध्याय ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर की है। इस संदर्भ में उन्होंने भुरकुंडा ओपी के साथ-साथ जिले के वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों को आवेदन की प्रतिलिपि प्रेषित की है। आवेदन में कहा गया है कि कुछ लोगों द्वारा पुरानी कमेटी को बिना सूचना दिए नई कमेटी का गठन कर धर्मशाला में ताला बंद कर दिया गया है। जिसके कारण सभी सामाजिक, धार्मिक, अध्यात्मिक गतिविधियां, निर्माण एवं सुंदरीकरण, हनुमान मंदिर प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ वगैरह पूरी तरह से बाधित हो गया है। पत्र में कहा गया है कि पूर्व की कमेटी को क्यों भंग किया गया और नई कमेटी में नए लोग पुराने सदस्यों के अनुपस्थिति में कमेटी का गठन अपनी मर्जी से किया है। पत्र में कहा गया है की नई कमेटी की आवश्यकता क्यों हुई। जबकि पुरानी कमेटी सुचारू रूप से मंदिर धर्मशाला निर्माण कार्य पहले से करती आ रही है। मंदिर कमेटी के मामले की गुहार सतिति के संयोजक सुरेश उपाध्याय ने जिला व प्रशासन और अंचल प्रशासन से की है। अपने दिए गए पत्र में उन्होंने खोपड़ीया बाबा मंदिर के इतिहास और निर्माण से लेकर अब तक की स्थिति और परिस्थिति को बताया है। साथ ही भुरकुंडा ओपी में लिखित आवेदन देकर वैधानिक करवाई के लिए आग्रह करते हुए ठोस कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में सुरेश उपाध्याय, संजय अग्रवाल, कृष्णा वंशल, सुशील अग्रवाल, जीवन गुप्ता, अशोक कुमार अग्रवाल, पी धामी, राकेश चैधरी, मनोज कुमार, पीएन साहू, अजय कुमार गोयल, राजकुमार साहू, दिनेश कुमार, रविन्द्र कुमार, उमेश कुमार, शिव कुमार गुप्ता, महेश्वर साहू, प्रमोद शर्मा, राजेश कुमार, आर अग्रवाल, सुखदेव राम, बसंत, अशोक कुमार, जीतू आदि के हस्ताक्षर अंकित हैं।

## जागरूकता वाहन को डीसी ने किया रवाना




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी योग्य बच्चियों व युवतियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से बुधवार को डीसी माधवी मिश्रा ने जिला समाहरणालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर डीसी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की को वाहन का रोस्टर निर्धारित करते हुए जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराने एवं उन्हें लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर अंकुश लगाने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल द्वारा अवैध उत्खनन के रोकथाम के लिए बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वाहन चेकिंग अभियान में सदर एवं सिमरिया थाना क्षेत्र में बिना वैध कागजात के कोयला परिवहन करते वाहनों को पकडा गया। तथा अवैध परिवहनकर्ता, ट्रांसपोर्टर, एंव लिफ्टर के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ब्लैकलिस्ट किया गया। सभी महाप्रबंधक को अपने परियोजना क्षेत्र से कायेला ढुलाई में लगे परिवहनकर्ता, एवं लिफ्टर को टेंडर के नियम के अनुसार सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया था। अपर समाहर्ता ने शर्तों का उलंघन होने पर टेंडर रद्द करते हुए परिवहनकर्ता और लिफ्टर के खिलाफ दंडात्मक कारवाई करने का निर्देश दिया। इस मौके पर परियोजना अंर्तगत सभी कांटा घरों का नियमित निरीक्षण और सत्यापन करने का निर्देष दिया गया। इस दौरान बताया गया कि सडक एवं रेलमार्ग से कायेल के संपूर्ण प्रेषण कार्य करने, इकाईयों का स्थलीय जांच कर क्रषर संचालन, खनन पट्टा , ईंट भट्ठा और अन्य गतिविधियों की जानकारी दी गयी। जिले में कोयला, बालू, ईंट, मिट्टी, पत्थर आदि के अवैध उत्खनन और, परिवहन और भंडारण क रोकथाम के लिए गठित टास्क फोर्स के बारे में बताया गया कि वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें 16 वाहन जब्त किया गया तथा 6 प्राथमिकी दर्ज करायी गयीं तथा 1 लाख 54 हजार 500 रुपए की वसुली की गयी। उक्त कारवाई के तहत लगभग 75 टन कोयला, 1350 सीएफटी पत्थर तथा 925 सीएफटी बालू जब्त किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता ने किसी भी परिस्थिति में खनिजों का अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर अंकुश लगाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक में उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा, जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास समेत अन्य लोग उपस्थित थे।




## मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी का उपायुक्त ने लिया जायजा



**चतरा (आजाद सिपाही)।** अगामी 19 जून को सिमरिया में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने उपायुक्त अबु इमरान ने सिमरिया स्थित कर्बला मैदान पहुंचकर प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी लिया और समय पर सारी तैयारी पूरी कर लेने का निर्देश दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास मौजूद थे।

### गलत तरीके से मजदूरों के निलंबित करने का किया विरोध, प्रदर्शन और नारेबाजी की

# जयंत सिन्हा की पहल पर बीआरएल ने वापस लिया मजदूरों का निलंबन आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** बीआरएल फैक्ट्री में कार्यरत मजदूरों को गलत तरीके से निलंबन करने के विरोध में मजदूरों ने प्लांट गेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा शामिल हुए। जिसके बाद रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, वरिष्ट उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, संजय साह एवं मनोज गिरी के साथ मजदूरों से उनकी समस्या जाना। सिन्हा ने गेट पर उपस्थित महाप्रबंधक और बीआरएल के कार्यकारी निदेशक से फोन पर वार्ता कर इस गंभीर विषय पर गरीब मजदूरों की चिंता करते हुए उचित निर्णय लेने का आग्रह किया। जिसपर बीआरएल के उच्चाधिकारियों द्वारा इस गंभीर मसले पर इसी माह 17 जून को बैठक कर कोई ठोस निर्णय लेने का सांसद को आश्वासन दिया। साथ हीं सभी निलंबित मजदूरों को आज से हीं काम पर वापस लेने का आदेश पारित करते हुए मजदूरों का निलंबन वापस लिया। सांसद जयंत सिन्हा के प्रयासों के कारण काम पर वापस लिए गए मजदूरों के चेहरे खिल उठे।





## सड़क हादसे में युवक की मौत

**गोला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जांगी गांव निवासी दिलीप करमाली का इकलौता पुत्र सूरज कुमार 17 वर्ष की मौत मंगलवार की रात को एक सड़क हादसे में हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि सूरज अपने अन्य दो दोस्त दिगंबर मुंडा, चमन भोक्ता के साथ बाइक में सवार होकर रांची से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान ओरमांझी के समीप बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। जिसके कारण तीनो सड़क में गिर गए। जिसके कारण सूरज की मौत घटना स्थल में ही हो गई। वही बाइक में सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के शव जैसे ही गांव में पहुंचा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बताया गया कि सूरज घर का इकलौता पुत्र था। इसका अंतिम संस्कार स्थानीय घाट में कर दिया गया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-पम्प-06-23,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/आरएनसी, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची के द्वारा निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-पम्प-06-23, दिनांक 14.06.2023 के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके खुलने की निर्धारित तिथि 07.07.2023 को 16.00 बजे या उसके बाद है। **संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम:** हटिया-ओड़गा शाखा के तहत मुरी में स्वर्ण रेखा नदी और बानो में देव नदी में पाइप लाइन के साथ इनटेक वेल द्वारा पानी आपूर्ति व्यवस्था का प्रावधान। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 17,73,982.92, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति :** रु. 35,500/- **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 07.07.2023 को 16.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** https://www.ireps.gov.in/. निविदा का विवरण वेबसाइट http:// www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। (PR-283)

# बेवजह का बखेड़ा

उत्तराखंड में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। कथित लव जिहाद के सवाल पर जहां हिंदू संगठनों ने 15 जून को उत्तरकाशी के पुरोला में महापंचायत आयोजित करने की घोषणा की है, वहीं मुस्लिम संगठनों ने भी मिल रही धमकियों को देखते हुए 18 जून को महापंचायत बुला ली है। हद तो यह है कि अलग-अलग तारीख और जगहों पर बुलाई गईं ये महापंचायतें भी तनाव का कारण बन गई हैं। कुछ लोगों ने कहा है कि वे 18 जून को प्रस्तावित महापंचायत नहीं होने देंगे। हालात ज्यादा गंभीर नहीं माने जाते अगर बात सिर्फ बयानों तक सीमित रहती। लेकिन अल्पसंख्यक बिरादरी से जुड़े दुकानदारों से दुकान खाली करके चले जाने को कहा जा रहा है। इस सबकी जड़ में पुरोला की एक घटना बताई जाती है, जिसमें एक मुस्लिम युवक के साथ एक हिंदू लड़की देखी गई। इसे लव जिहाद के नाम से प्रचारित किया गया और जगह-जगह पोस्टर लगाकर 'बाहरी लोगों' से इलाका छोड़कर चले जाने को कहा जाने लगा। इससे एक शांतिपूर्ण राज्य में नफरत और डर का माहौल बन गया। अव्वल तो यहां कोई भी उस अर्थ में बाहरी नहीं है, जिस अर्थ में उन्हें बताया जा रहा है। मुस्लिम आबादी भी यहां सदियों से रह रही है। बताते हैं कि उत्तराखंड के कुल 1600 गांवों में से 150 ऐसे गांव हैं, जिनकी मुस्लिम गांवों के रूप में पहचान है। वे यहां के समाज और संस्कृति में पूरी तरह घुले-मिले हैं। वे होली-दिवाली में ही शामिल नहीं होते, रामलीलाओं को समृद्ध करने में भी उनकी भूमिका होती है। दूसरी ओर, जगह-जगह पीर बाबा की मजारों पर चादर चढ़ाने में यहां के हिंदू भी आगे रहते हैं। जाहिर है, ये सब उत्तराखंड की मिट्टी में रचे-बसे लोग हैं। लेकिन दूसरे अर्थ में देखा जाए तो यहां सभी बाहरी हैं। सभी समुदायों में ऐसे लोग हैं, जिनके पूर्वज किसी और इलाके से यहां आकर बसे। पहाड़ ने प्यार और सम्मान के साथ उन्हें स्वीकार किया। खैर, जिस घटना को मुद्दा बनाकर नफरत का तूफान खड़ा करने की कोशिश हो रही है, सबसे पहले तो उसका सच सामने लाने की जरूरत है। लड़की और लड़के का अलग-अलग समुदायों से होना ही उन्हें गुनहगार नहीं बना देता। पहले का ट्रेंड देखें तो राजनीतिक फायदे के लिए लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे मुद्दों को तूल दिया जाता रहा है ताकि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण बढ़े। ऐसे मामलों में सरकारों की भूमिका अहम हो जाती है। उत्तराखंड में भी सरकार और प्रशासन को फौरन ऐसे तत्वों पर अंकुश लगाना चाहिए, जिनकी वजह से सांप्रदायिक तनाव की स्थिति बनी है। इसे रोकना और शांति बनाए रखना जरूरी है, तभी 'सबका साथ, सबका विकास' का लक्ष्य पूरा हो पाएगा।

**उत्तराखंड में इन दिनों सांप्रदायिक तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। हिंदू संगठन और मुस्लिम संगठन आमने सामने हैं और दोनों ही ओर से महापंचायतों का आह्वान किया गया है। ये विवाद कथित लव जिहाद को लेकर पैदा हुआ है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**रोजगार मेला देश में रोजगार सृजन के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की वचनबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। इन रोजगार मेलों से रोजगार सृजन की प्रक्रिया में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने और युवाओं को उनके सशक्तिकरण तथा राष्ट्रीय विकास में सीधी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने की उम्मीद की जाती है।**

# 'रोजगार मेला' योग्यता और पारदर्शिता पर आधारित सरकारी भर्तियों को संस्थागत बनाता है



**डॉ. जितेन्द्र सिंह**

भावी इतिहासकार इस तथ्य को दर्ज करेंगे कि प्रधानमंत्री के रूप में पिछले नौ वर्षों के दौरान श्री नरेन्द्र मोदी ने जहां नियमित रूप से रोजगार मेला आयोजित करने की परिपाटी शुरू करके और भर्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से साक्षात्कार को समाप्त करने जैसे सुधार लाकर सरकारी भर्ती प्रक्रिया को संस्थागत बनाने का प्रयास किया, वहीं दूसरी ओर उन्होंने 'स्टार्टअप आंदोलन' को बढ़ावा देकर देश को सरकार से इतर रोजगार के वैकल्पिक साधनों के प्रति जागरूक किया, जिसके परिणामस्वरूप इस देश में स्टार्टअप की संख्या 300 गुना बढ़कर लगभग एक लाख हो गई। इनमें यूनिकॉर्न की संख्या 100 से अधिक है और भारत दुनिया के स्टार्टअप इकोसिस्टम में तीसरे स्थान पर है।

इसके साथ ही, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सरकार में या उसके बाहर नया पेशा अपनाने वाले युवाओं को 2047 में भारत @ 100 की पृष्ठभूमि में अगले 25 वर्षों के अमृतकाल के दौरान उनके द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में याद दिलाने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं।

रोजगार मेला देश में रोजगार सृजन के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की वचनबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। इन रोजगार मेलों से रोजगार सृजन की प्रक्रिया में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने और युवाओं को उनके सशक्तिकरण तथा राष्ट्रीय विकास में सीधी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने की उम्मीद की जाती है।

**समकालीन भारत में युवाशक्ति जैसी परिसंपत्ति का भरपूर लाभ उठाने के प्रति नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता उनकी प्रत्येक क्रमिक पहल में झलकती है।**



**22 अक्टूबर 2022 को उद्घाटन के बाद से, इन रोजगार मेलों का आयोजन पूरे देश में छह किस्तों में किया गया है। इसके परिणामस्वरूप योग्य उम्मीदवारों को 4.25 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। 13 जून 2023 को देशभर के 43 अलग-अलग स्थलों पर रोजगार मेला की छठी किस्त का आयोजन किया गया।**

22 अक्टूबर 2022 को उद्घाटन के बाद से, इन रोजगार मेलों का आयोजन पूरे देश में छह किस्तों में किया गया है। इसके परिणामस्वरूप योग्य उम्मीदवारों को 4.25 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। 13 जून 2023 को देशभर के 43 अलग-अलग स्थलों पर रोजगार मेला की छठी किस्त का आयोजन किया गया। इन पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) एवं अन्य सम्मानित भर्ती एजेंसियों द्वारा पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रियाओं के जरिए संचालित की जाती है।

देश भर की विविध प्रतिभाओं के खजाने का प्रतिनिधित्व करने वाले नए भर्ती किए गए उम्मीदवार वित्तीय सेवा, डाक, स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, राजस्व, आण्विक ऊर्जा, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और रेल मंत्रालय सहित विभिन्न सरकारी विभागों में और पदों पर योगदान देंगे।

प्रधानमंत्री ने सरकारी कर्मचारियों के कौशल को और बेहतर करने तथा एक लोक सेवक को अपनी भूमिका की जरूरतों के अनुरूप खुद को उन्नत कर सकने की सुविधा प्रदान करने वाली प्रशिक्षण संरचना का एक इकोसिस्टम प्रदान करने के लिए 'मिशन कर्मयोगी' नाम की पहल शुरू की थी। यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विभिन्न उपकरणों पर सुलभ कई ई-लर्निंग पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जिससे उम्मीदवारों के लिए सीखने में आसानी होती है। विभिन्न सरकारी विभागों के पांच लाख से अधिक कर्मयोगी पहले ही क्षमता निर्माण से संबंधित इस पोर्टल पर नामांकित हैं। भर्ती हुए नए उम्मीदवारों की जरूरतों और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री ने हाल ही में igotkarmayogi पोर्टल पर 'कर्मयोगी प्रारंभ' नाम के एक ऑनलाइन मॉड्यूल का शुभारंभ किया है, जहां 'कहीं भी किसी भी उपकरण पर' सीखने के तरीके के लिए 400 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रेरणा को समझना, यौन उत्पीड़न की रोकथाम, सरकारी कर्मचारियों के लिए आचार संहिता, स्व-नेतृत्व, प्रभावी संचार, तनाव प्रबंधन जैसे आवश्यक विषयों के साथ-साथ माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल और वर्ड से संबंधित शुरूआती पाठ्यक्रम का समावेश किया गया है। सरकार का उद्देश्य कार्यबल को इन महत्वपूर्ण कौशलों से लैस करके उन्हें सशक्त बनाते हुए व्यक्तिगत एवं संगठनात्मक प्रभावशीलता और उत्कृष्टता एवं नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

सफल रोजगार मेला और 'कर्मयोगी प्रारंभ' पहल के अलावा, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने सुव्यवस्था एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कई सुधार किए हैं। इन उल्लेखनीय सुधारों में समूह सी और समूह डी स्तर के पदों के लिए साक्षात्कार को समाप्त करना, दक्षता में सुधार के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा व्यवस्था को अपनाना और स्व-सत्यापन की शुरूआत शामिल है। कमजोर वर्गों के कल्याण के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता पूर्व सैनिकों को आरक्षण का लाभ उठाने के कई अवसर प्रदान करने और मानक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षण प्रावधानों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने जैसी पहलों के जरिए स्पष्ट होती है।

सरकार जहां रोजगार मेले के जरिए सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के अपने प्रयासों को जारी रखे हुए है, वहीं वह निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने में भी पूरी सक्रियता के साथ जुटी हुई है। पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान, राष्ट्रीय राजमार्गों एवं हवाई अड्डों का विस्तार, मेट्रो रेल नेटवर्क एवं जलमार्गों का विकास, स्टार्टअप को प्रोत्साहन, ग्रामीण सड़क संपर्क, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता और 'मेक इन इंडिया' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत घरेलू मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने जैसी पहलें रोजगार के अवसरों के सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान जहां बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए तैयार किया गया है, वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क एवं औद्योगिक गलियारों के विस्तार से रोजगार की असीम संभावनाएं पैदा होने की उम्मीद है। हवाई अड्डों और मेट्रो रेल नेटवर्क की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और जलमार्गों के विकास, स्टार्ट-अप के विकास, ग्रामीण सड़क संपर्क, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता और डिजिटलीकरण से जुड़े प्रयासों ने रोजगार के अवसरों को और बढ़ाया है।

समकालीन भारत में युवाशक्ति जैसी परिसंपत्ति का भरपूर लाभ उठाने के प्रति नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता उनकी प्रत्येक क्रमिक पहल में झलकती है।

**(लेखक : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री और कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री हैं)**

# शिक्षा के क्षेत्र में हो रहा है सकारात्मक बदलाव

**डॉ घनश्याम कुमार सिंह**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और प्रोत्साहन से देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) पर जिस तेजी से अमल आरंभ हुआ है, उससे निकट भविष्य में शिक्षा क्षेत्र में बड़ी क्रांति देखी जा सकती है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव सहयोग दे रहे हैं।

एनइपी की बात करें, तो इसका सबसे बड़ा लाभ युवाओं को मल्टी डिसिप्लिनरी एजुकेशन और अपनी सुविधा से एंट्री और एक्जिट मिलना है। अभी तक उन्हें एक ही स्ट्रीम में बंध कर पढ़ाई करनी पड़ती थी, लेकिन एनइपी ने उन्हें समय की मांग और अपनी पसंद के अनुसार दूसरे विषय चुनने की सुविधा प्रदान कर दी है।

चार वर्ष के स्नातक कोर्स के दौरान वे अपनी आवश्यकता और सुविधा के अनुसार पहले, दूसरे या तीसरे साल में भी कोर्स से बाहर निकल सकते हैं। उन्हें इसके अनुसार ही सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और चार साल की पढ़ाई पर डिग्री कोर्स का प्रमाण पत्र मिलेगा। बीच में बाहर निकलने वाले छात्र बाद में कभी भी कोर्स को फिर से ज्वाइन कर उसे पूरा कर सकते हैं।

फैकल्टी अपग्रेडेशन शिक्षण संस्थान को आगे बढ़ाने की एक निरंतर चलनेवाली प्रक्रिया है। चूंकि आज के समय में तकनीक तेजी से बदल रही है और छात्रों को उसके मुताबिक गुणवत्तायुक्त शिक्षा देना बड़ी चुनौती है, इसलिए शिक्षकों को भी लगातार अपडेट रहने की जरूरत होती है। तभी वे बदलती तकनीकों को समझ कर उसके अनुरूप छात्रों को निपुणता के साथ शिक्षित प्रशिक्षित कर सकते हैं। इसके लिए शिक्षण संस्थान दुनिया के ख्याति प्राप्त संस्थानों के साथ समझौता कर रहे हैं, ताकि शिक्षकों को एडवांस शिक्षण-प्रशिक्षण (जैसे एआइ, चैटजीपीटी, गूगल चैटबोर्ड, मेटावर्स, एमएल, ब्लाकचेन आदि) मिल सके। जिस संस्थान की फैकल्टी जितनी एडवांस होगी, वहां शिक्षा गुणवत्ता का स्तर उतना ही ऊंचा होगा। इस तरह के शिक्षक कक्षा में पढ़ाने के साथ एडवांस वीडियो के जरिए छात्रों से लगातार इंटरैक्ट करते हैं ।

**(लेखक : झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय रांची के कुलसचिव हैं)**

# वन भूमि पर अतिक्रमण करने वाले घरों में चला विभाग का बुलडोजर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गम्हरिया।** सरायकेला खरसावां जिला के गम्हरिया प्रखंड स्थित शांति नगर में अवैध रूप से वन भूमि पर कब्जा कर निर्माण करने वाले घरों पर वन विभाग के द्वारा अभियान चलाकर तोड़ा गया। मौके पर दर्जनों वन विभाग के पदाधिकारी सहित जिला पुलिस मौजूद रहे। वन विभाग के रेंजर और सरायकेला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हरविंदर सिंह के उपस्थिति में वन विभाग के द्वारा निर्माण किये गए घरों को तोड़ा गया। इस अवसर पर सरायकेला पुलिस ने वन विभाग के अभियान में सहयोग देने की बातें कही। रेंजर शशि प्रकाश रंजन के अनुसार पूर्व में ही विभाग के द्वारा मकानों में मौजूद लोगो को 2 दिनों के अंदर मकान छोड़ने की हिदायतें दी गई थी।

## जमशेदपुर की खबरें

# आइएएस मनीष कुमार जमशेदपुर के डीडीसी बनाये गये

**आजाद सिपाही सवांददाता**

**रांची।** आइएएस अधिकारी और ऊर्जा विभाग के संयुक्त सचिव और जेबीवीएनएल के कॉमर्शियल डायरेक्टर मनीष कुमार का तबादला कर दिया गया है। मनीष कुमार को पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर का नया डीडीसी नियुक्त किया गया है। इसे लेकर कार्मिक विभाग ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी है। मनीष कुमार ने जेवीवीएनएल के कॉमर्शियल डायरेक्टर के पद पर रहते हुए कई अहम कार्य किये, जिसमें झारखंड गठन के बाद 1000 करोड़ से अधिक राजस्व वसूली, स्मार्ट मीटर लगाने और उसमें पारदर्शिता बरतने में इनका अहम योगदान रहा। इसके अतिरिक्त फील्ड के कार्यों का खुद निरीक्षण भी इन्होंने कई बार किया।

# रोजो संक्रांत के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित सरजामदा बांध टोला में रोजो संक्रांत के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक और बुगी बुगी डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि समाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत शामिल हुए। ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। वही अतिथि के द्वारा फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। रोजो पर्व के मौके पर ग्रामीणों ने सभी मूलवासी और आदिवासियों के घरो में पूर्वज और वंशज को भोग चढ़ाने के बाद उसे भोजन के रूप ग्रहण कर जमकर आनंद उठाया। वही परंपरा के अनुसार पेड़ पर रस्सी का झूला बनाकर झूला झूलकर आनंद उठाया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बूगी बूगी डांस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजेश सामंत के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार राहुल और राजू ग्रुप को 5000 रु नगद और शील्ड देकर सम्मानित किया। द्वितीय पुरस्कार अनलिमिटेड डांस में गदडा ग्रुप को 4000 रु नगद और शील्ड और तृतीय पुरस्कार 3000 व चौथा पुरस्कार 2000, पांचवा पुरस्कार 1500 रु छठवां पुरस्कार 1000 देकर सम्मानित किया गया। मौके पर समाजसेवी पिंकी सिंह, समाजसेवी छोटे सरदार, विजय पूर्ति,छात्र नेता विक्रम कुमार, समाजसेवी सोनू श्रीवास्तव,राजेश मुंडा,शशि पात्रों, सुनीता पात्रों, तिलोतमा महतो,रेणुका महतो, अंजना देवी, किरण पात्रों, दीपा पात्रों, श्रीकांत पात्रों, बारिश महतो,दीपक पात्रों,विकास मंडल, अभिषेक महतों,सुजीत पात्रों, गोपाल सरदार, टिंकू महतो,राजेश प्रताप और क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मानसिक दिवालियापन का शिकार हो गया झामुमो : कुणाल षाड़ंगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे बीते दिनों देवघर प्रवास पर थी। उन्होंने एक बड़ी सभा को संबोधित की। उनके देवघर प्रवास पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के द्वारा वसुंधरा राजे सिंधिया पर बयानबाजी करने से भाजपा ने झामुमो पर करारा हमला बोला। बुधवार को भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने झामुमो नेता के बयान को मानसिक दिवालियापन और मुद्दाविहीन बताया। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा देश में झारखंड का परिचय बदल चुका है। बीते साढ़े 3 सालों में लूट, झूठ और भ्रष्टाचार की जो उल्लेखनीय पटकथा झामुमो-कांग्रेस सरकार ने लिखी है। उसका बखान करने में दिन कम पड़ जाएंगे। चुकी भ्रष्टाचार की इतनी घटनाएं इससे पहले कभी भी झारखंड में देखने को नही मिली। ना ही कभी इतने बड़े पैमाने पर लोग पकड़े गए, जिस तरह से वरीय आईएस अधिकारी से लेकर जमीन के दलाल, ट्रांसफर पोस्टिंग के दलाल, अवैध खनन करने वाले दलाल की लगातार गिरफ्तारी हो रही है उससे तो यही प्रतीत हो रहा है भ्रष्टाचारियों के लिए जेल में जगह भी कम पड़ जायेगी। कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि झामुमो नेता कहते हैं संथाल परगना की धरती, फूलों-झानो की धरती है, लेकिन फूलो-झानो, सिदो-कान्हू के धरती के गौरव को धूमिल करने का कार्य झामुमो ने किया। संथाल परगना की धरती पर महिला अत्याचार की वीभत्स घटनाएं लगातार सामने आई है। सिदो-कान्हू के छठे वंशज रामेश्वर मुर्मू की हत्या की घटना हो या फिर बहन-बेटियों के साथ बलात्कार- हत्या की घटना या जांबाज पुलिस अधीकारी रूपा तिर्की की हत्या का मामला हो। इन सभी घटनाओं ने संथाल परगना की गौरव को ठेस पहुंचाया है। कुणाल षाड़ंगी ने कहा देवघर में एम्स, एयरपोर्ट निर्माण, साहेबगंज में रिवर पोर्ट का निर्माण के लिए भाजपा ने विकास की लंबी लकीर खींची है। जिसे मनगढ़ंत बयानबाजी से झुठलाया नही जा सकता।

# सरायकेला में अन्ना रेस्टोरेंट का उद्घाटन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** स्वादिष्ट भोजन का स्वाद अब बाजारों में मिलने लगा है। समय के साथ परिवार में ज्यादातर लोग रेस्टोरेंट में जाकर दिन या रात का भोजन का आनंद उठाते हैं। वैसे लोगों की पसंदीदा बेहतर भोजन उपलब्ध कराने के लिए सरायकेला खरसावां जिले के डीसी ऑफिस व ब्लॉक के बीच में अन्ना रेस्टोरेंट का शुरूआत की गई। बुधवार को जिले के पुलिस कप्तान एसपी आनंद प्रकाश, पदम छुटन्नी महतो, द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला के अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत अतिथि के तौर मौजूद रहे। अतिथियों के द्वारा सरायकेला जिले में अन्ना रेस्टोरेंट का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। दो हजार स्क्वायर फीट में बने अन्ना रेस्टोरेंट में वेज,नॉनवेज एवं सभी तरह के खाना उपलब्ध हैं। वही इस रेस्टोरेंट मैं शुद्ध देसी मटन हांडी भी उपलब्ध है। अन्ना एसी रेस्टोरेंट में खाने वाले व्यक्ति ठंडी हवा के साथ आनंद ले सकेंगे।रेस्टोरेंट में स्पेशल बनारसी चाय भी ग्राहकों को उपलब्ध होगा। उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्र के बुद्धिजीवी, समाजसेवी व अन्य उपस्थित रहे।

# गरीब, शोषित, पीड़ित और पिछड़ा वर्ग के लिए समर्पित है मोदी सरकार : रघुवर दास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर जमशेदपुर महानगर अंतर्गत पूर्वी विधानसभा में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। बुधवार को बारीडीह मैं आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, जिलाध्यक्ष गुंजन यादव शामिल हुए। सम्मेलन में वक्ताओं ने मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियां गिनाई। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 साल गरीब कल्याण और जनसेवा को समर्पित हैं। पिछले नौ वर्षों में हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाईं और उनका लाभ जनता तक सफलतापूर्वक पहुंचाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार भारत के इतिहास में और विश्व में सबसे ज्यादा लोकप्रिय सरकार है। केंद्र सरकार गरीब, शोषित, वंचित, दलित, पीड़ित, पिछड़ा वर्ग के कल्याण एवं आदिवासियों के उत्थान के प्रति समर्पित सरकार है। वहीं सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा भारत तेजी से पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व के शक्तिशाली देशों को पछाड़ कर आगे बढ़ रहा है। मोदी जी ही एक मात्र ऐसे नेता हैं जो भारत के गरीब एवं शोषित जनता की पीड़ा को परिवार के सदस्य की भांति महसूस करते हैं। मोदी सरकार की सभी योजनाएं गरीब कल्याण को समर्पित है।

कार्यक्रम : गढ़वा के लिए ऐतिहासिक दिन, 370 करोड़ की 388 योजनाओं का हुआ शिलान्यास

# मैं विधायक और मंत्री नहीं, जनता का सेवक हूं : मिथिलेश

वर्ष 2024 तक जनता की सभी समस्याओं का होगा निदान, घर तक पहुंचेगी हर सुविधा





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा के लिए 14 जून 2023 का दिन ऐतिहासिक दिन रहा। इस दिन गढ़वा में एक साथ 369 करोड़, 80 लाख,15 हजार, 500 रुपए की लागत से 388 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। गढ़वा सदर प्रखंड के एनएच 75 बाईपास के समीप डुमरो, नारायणपुर गांव में आयोजित मेगा शिलान्यास कार्यक्रम में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर सभी योजनाओं का शिलान्यास किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज गढ़वा के लिए ऐतिहासिक दिन है। आजादी के बाद से आज तक गढ़वा में जितना विकास कार्य नहीं हुआ वह विकास कार्य अब हो रहा है। पिछले डेढ़-पौने दो वर्षों में गढ़वा सहित पूरे राज्य में ऐतिहासिक विकास कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मैं ना तो विधायक हूं, ना मंत्री, मैं जनता का सेवक हूं। मैंने चुनाव के पूर्व कहा था कि मुझे एक बार सेवा का मौका दीजिए। मैं दोबारा वोट मांगने आपके पास नहीं आऊंगा। आप मेरे कार्यों के आधार पर खुद ही मुझे वोट देंगे। मैं चुनाव से पूर्व जनता से अपना रिजल्ट मांगूंगा। यदि जनता ने मुझे पास किया तभी मैं चुनाव लड़ूंगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पहले शिलान्यास की परिभाषा अलग थी। आज उन्होंने इसकी परिभाषा को बदल दिया है। पूर्व के जनप्रतिनिधि स्थल पर जाकर नारियल फोड़ते थे, तब कार्यों की शुरूआत होती थी। परंतु आज जितनी भी योजनाओ का शिलान्यास हो रहा है सभी का काम गुणवत्ता पूर्ण तरीके से 70 से लेकर 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है। शिलान्यास का मतलब सिर्फ जनता को यह जानकारी देना है कि आपके क्षेत्र में कौन सा कार्य हो रहा है। यह कार्य कराना सिर्फ मंत्री, विधायक एवं अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं। बल्कि प्रत्येक जनता की जिम्मेवारी है कि अपने क्षेत्र में कार्य को बेहतर तरीके से संचालित कराएं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनता ने झारखंडी जनमानस की सरकार चुनी है, परंतु इसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। विकास कार्यों से राज्य सरकार को रोका जा रहा है। सीबीआई, ईडी तरह-तरह के हथकंडे लगाकर जनता की चुनी हुई सरकार को प्रताड़ित किया जा रहा है। यह जनता का अपमान है। केंद्र सरकार जनता के बीच राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रही है। मंत्री ने कहा कि हर विभाग में काम तीव्र गति से हो रहा है। वर्ष 2024 तक जनता की एक-एक समस्याओं का निदान होगा। एक-एक सुविधा जनता के घर तक पहुंचेगी। यही मेरा लक्ष्य है।

मौके पर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, डीसी शेखर जमुआर, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह, आरईओ के कार्यपालक अभियंता धर्मेंद्र कुमार, जिप अध्यक्ष शांति देवी आदि ने विचार व्यक्त किये। धन्यवाद ज्ञापन डीडीसी राजेश राय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीओ राज महेश्वरम, जेई चंद्रचूर सिंह, सीओ कुमार मयंक भूषण, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जिप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा संयोजक रेखा चौबे, अनीता दत्त, ताहिर अंसारी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, राजद जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, गुलाब सिंह, नवीन तिवारी, फुजैल अहमद, दिलीप गुप्ता, जितेंद्र सिन्हा, कंचन साहू, नसीम अख्तर, चंदन पासवान, शरीफ अंसारी, झामुमो महिला मोर्चा सचिव चंपा देवी, आराधना पाठक, अमोला देवी, करीब अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## इन योजनाओं का हुआ शिलान्यास

गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को 369 करोड़, 80 लाख, 15 हजार, पांच सौ रुपए की 388 योजनाओं का शिलान्यास किया। बुधवार को डुमरो, नारायणपुर में आयोजित मेगा शिलान्यास समारोह में मंत्री ने इन सभी योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान ग्रामीण विकास कार्य विभाग की 12736.880 लाख रुपए की 65 योजनाओं, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की 8028.052 लाख रुपए की 96, ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल की 2025.720 लाख की 13, कल्याण विभाग की 2006.736 लाख रुपए की 87, भवन निर्माण विभाग की 635.060 लाख रुपए की छह, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन की 230.741 लाख रुपए की 15, लघु सिंचाई प्रमंडल की 90.770 लाख रुपए की दो, भूमि संरक्षण विभाग की 521.848 लाख रुपए की 67, तथा झारखंड शिक्षा परियोजना की 704.348 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 37 योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

## सांसद वीडी राम ने तीनों मृतक बच्चों के परिजनों से मिल कर आर्थिक सहायता प्रदान की



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** जंगीपुर गांव जाकर सांसद वीडी राम ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। साथ ही आर्थिक सहायता भी प्रदान किया। शनिवार को गांव के तीन बच्चों की बभनीखांड डैम में स्नान के दौरान डूबने से मौत हो गयी थी। सांसद ने परिजनों से सरकार द्वारा मिलने वाली सरकारी सुविधाओं का भी जानकारी ली। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं से इन परिजनों की समस्याओं पर ध्यान रखने की बात कही। सांसद ने परिजनों से सुरक्षा की दृष्टि से डैम की तरफ नहीं भेजने को लेकर जागरूक किया। परिजनों से मिलने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सांसद ने कहा कि घटना काफी दुखद है। पूरी पार्टी इन परिजनों के साथ खड़ी है। परिजनों से मिलकर सांत्वना देते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। सांसद ने कहा कि डैम में लगातार इस तरह की घटना घट रही है। एसडीओ से इस संबंध में बात कर डैम पर जरूरी सुरक्षा और अन्य सुविधाओं को लेकर बात करेंगे, जिससे ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, विभाकर पांडेय, प्रफुल सिंह, लक्ष्मण राम, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, अशोक सेठ, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, अविनाश कुमार, सुधीर प्रजापति, अनिल कुमार गुप्ता, हीरा प्रसाद, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जुगेश उरांव, राजनाथ विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## अवैध लोडेड देसी कट्टा के साथ बाइक सवार दो युवक गिरफ्तार, भेजे गये जेल



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने करकोमा गांव स्थित यूरिया नदी पुल के पास से अवैध लोडेड देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार बाइक सवार दोनो युवकों को बुधवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि दो युवक किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर अपराधियों की धर पकड़ की योजना बना कर करकोमा गांव के यूरिया नदी पर बने पुल के पास से एक अपाची मोटरसाइकिल पर सवार अवैध लोडेड कट्टा के साथ दो युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद थाना में आर्म्स एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार दोनों युवक गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के कोरवाडीह गांव निवासी लल्लू चौधरी का बेटा शिवकुमार चौधरी 19 वर्ष तथा महेंद्र चौधरी का बेटा संदीप कुमार चौधरी 22 वर्ष शामिल है।

## ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा संपन्न





**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में पूर्ण विधि-विधान से भगवान सूर्य की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा बुधवार को संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं नगर गढ़ के युवराज राजेश प्रताप देव ने विद्वान जनों के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान भास्कर की प्रतिमा का ऐतिहासिक मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा किया। जानकारी देते हुए नगर गढ़ के युवराज राजेश प्रताप देव ने बताया कि बंशीधर नगर के सूर्य मंदिर की महिमा बहुत अपरंपार है। लगभग 8 दशक पुराने इस मंदिर में भगवान सूर्य की पूर्व में प्रतिमा स्थापित थी। जिसके स्थान पर भव्य एवं विशाल अष्ट धातु से निर्मित भगवान भास्कर की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा इस वर्ष किया गया है। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सोमवार से कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होकर आज भंडारे के पश्चात समाप्त हुआ। श्री देव ने कहा कि भगवान सूर्य की बहुत ही महिमा है कि बाकी नदी के तट पर नगर उंटारी में विराजमान है। यहां पर मांगी गई हर मुराद भगवान पूरा करते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि छठ पर्व के अवसर पर देश के कोने कोने से लोग यहां छठ करने आते हैं छठ करने की यहां की मान्यता बहुत बड़ी है। यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद भगवान पुरा करते हैं। राजेश प्रताप देव जी ने बताया कि अखंड बिहार के दक्षिण बिहार में यह सूर्य मंदिर बहुत ख्याति प्राप्त किया है। छठ पर्व का मुख्य केंद्र अखंडित बिहार के दक्षिण बिहार में इस मंदिर में हुआ करता था। छठ पूजा की परंपरा को क्षेत्र के विभिन्न गांवों कस्बों में विस्तार यहाँ से हुआ ।इसके पूर्व आज प्रातः 9:00 बजे से पूजा कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें स्थानीय आचार्य गणों ने विधिवत रूप से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को कराया। प्राण प्रतिष्ठा होने के पश्चात दोपहर 4:00 से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद पाकर पुण्य के भागी बने। मौके पर पूर्व विधायक राज राजेन्द प्रताप देव, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, युवराज राजेश प्रताप देव, गिरेन्द्र कुमार सिन्हा, मनदीप प्रसाद, वीरेंद्र कमलापुरी, पप्पू सिंह, बंगाली सिंह, सुजीत अग्रवाल, मनीष कुमार, सुरेश विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 14 वर्षीय बालक को अपहरण कर ले जा रहे दो अपहरणकर्ता गिरफ्तार

धुरकी पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के अदलहाट पुलिस के सहयोग से संयुक्त रूप से किया गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के रकसी गांव से प्रेमिका के भतीजा को अपहरण कर ले जा रहे दो अपहरणकर्ता को धुरकी पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के अदलहाट पुलिस के सहयोग से संयुक्त रूप से गिरफ्तार किया। जिसकी जानकारी थाना प्रभारी सदानन्द कुमार ने प्रेस वार्ता कर दी। विदित हो कि बबलू हरिजन, पिता दुर्गा प्रसाद, निवासी बराआठ, थाना बरा, जिला कानपुर, उत्तर प्रदेश ने धुरकी के रकशी गांव की एक लडकी को पिछले 2006 में लिव इन रिलेशनशिप में रखता था। जब महिला ने अपने प्रेमी पर शादी का दबाब बनाया तो प्रेमी बबलू हरिजन ने महिला को मारपीट कर भगा दिया। महिला अपने घर रक्सी आकर रहने लगी। प्रेमी उक्त महिला को कानपुर वापस आने पर जोर देता था, जबकि महिला हमेशा जाने से इनकार करने लगी थी। इधर प्रेमी बबलू हरिजन ने अपने दो सहयोगी के साथ एक सफेद स्विफ्ट कार से रकशी आकर महिला के भतीजा शेखर कुमार 14 वर्ष को बहला फुसला कर कार में बैठा कर विंढमगज के रास्ते कानपुर ले जाने लगा तथा महिला मित्र को धमकी दी कि तुम वापस कानपुर चली आओ तब भतीजा सही सलामत मिलेगा, नहीं आने पर हत्या करने की धमकी दी।

घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक को मिली तो उन्होंने श्री बंशीधर नगर के पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद कुमार केशरी को त्वरित कार्रवाई करने का दिशा निर्देश दिया। धुरकी थाना प्रभारी सदानन्द कुमार तथा पुलिस बल के जवान ने पीछा करते हुए घटना के दस घंटे के अन्दर अपहरणकर्ता को पकड़ लिया। अपहरण करने वालों में तीन लोग शामिल थे, परन्तु एक भागने में सफल रहा जबकि प्रेमी बबलू हरिजन तथा दिनेश सिंह, पिता राजेन्द्र सिंह दोनों बराआठ, कानपुर निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि अपहरण में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली है। पुलिस की तत्परता से एक मासूम की जिन्दगी बच गयी।

## डीलर अपनी कार्यशैली में सुधार लायें अन्यथा कार्रवाई निश्चित : प्रमुख



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता में प्रखंड के कर्मी एवं प्रखंड के सभी डीलरों के साथ बैठक की गई।बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख चंद्रावती देवी ने प्रखंड के सभी डीलरों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गरीबों को मिलने वाली अनाज ससमय मिलना चाहिए।प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि डीलरों के द्वारा गोदाम से कम राशन मिलने का बहाना देकर गरीबों का हक लूटते हैं।जिसका मैंने गोदाम में जाकर निरीक्षण कर जायजा लिया।जिसमे पता चला कि गोदाम में किसी भी प्रकार का राशन की कटौती नहीं की जाती है। बैठक में उपस्थित सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को नसीहत देते हुए प्रमुख चंद्रावती देवी ने कड़ी चेतावनी देते हुए कही की कि आप लोग अपने अपने कार्यशैली में सुधार लाएं एवं लाभुकों को पूरा-पूरा राशन वितरण किया जाए।अगर ऐसा नहीं किया गया तो सख्त कानूनी करवाई की जाएगी।वही बैठक में उपस्थित प्रखंड के सभी कर्मियों को कार्यशैली में तेजी लाने को कही।इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश विधायक प्रतिनिधि विक्रमा सिंह बिस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह,उपाध्यक्ष सुशील कुमार पाठक, समाजसेवी अखिलेश प्रसाद, उदय प्रसाद,मुखिया प्रमोद कुमार,श्यामसुंदर बैठा,प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों सहित प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## ठेकेदार सह व्यवसायी मिठू जायसवाल के घर पर अज्ञात अपराधियों ने की गोलीबारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** शहर के ठेकेदार सह व्यवसायी मिठू जायसवाल के घर पर मंगलवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी की है। धुरकी मोड़ स्थित आवास के बाहर दो अज्ञात अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। तीन राउंड गोली बारी कर अपराधी फरार हो गए। एक गोली घर के बाहर खड़ी कार में लगी है। कार के पीछे का शीशा को छेदते हुए गोली निकल गयी। वहीं एक गोली घर के दिवाल पर लगी है। वहीं एक राउंड हवाई फायर की गई। इस घटना से शहर में सनसनी फैल गयी है। लोग दहशत में हैं। मिठू ने बताया कि घटना रात 12 बजे करीब की गई है। वही सूचना पर रात में ही पुलिस पहुंची। फायरिंग में उपयोग की गई कारतूस के खोखा को बरामद पुलिस ने किया है। पुलिस के पहुंचने के पहले ही अपराधी फरार हो गए थे। 2 दिन पूर्व मिठू जायसवाल के वाट्सअप पर मैसेज कर फिरौती मांगी गई थी। फिरौती नही देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी जेल में बंद गैंगस्टर सुजीत सिन्हा गैंग द्वारा दी गईं थी। गोलीबारी की घटना मिठू के घर मे लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुए है। हालांकि कैमरे में अपराधियों का चेहरा नही आया है। बुधवार को एसडीपीओ प्रमोद केशरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, एसआई बिक्रम सिंह दल-बल के साथ मिठू जायसवाल के घर पहुंच कर मामले की जानकारी लिया। इस दौरान एसडीपीओ ने मिठू से जानकारी लेते हुए सीसीटीवी भी खंगाला। वही अपराधियों को पकड़ने के लिए आस-पास में लगे सीसीटीवी को खंगाल रही है। भुक्तभोगी मिठू जायसवाल ने कहा कि इस घटना से पूरे परिवार में भय का माहौल है। पुलिस से मिठू ने सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने की मांग की है।

इस घटना से शहर में सनसनी फैल गयी है, लोग दहशत में हैं

विरोध : सदर थाना क्षेत्र में एक मकान में चल रहे ईसाई धर्म परिवर्तन केंद्र का खुलासा होने से फैली सनसनी

# गढ़वा में धमार्नातरंण कराने आये दो दर्जन लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ा

भारी संख्या में ईसाई धर्म के प्रचार से संबंधित किताबें, प्रचार की अन्य सामग्रियां बरामद



सोनू कुमार गुप्ता

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के टंडवा वार्ड 18 में मकान में चल रहे एक ईसाई धर्म परिवर्तन केन्द्र का खुलासा होने के बाद शहर में सनसनी फैल गयी। स्थानीय लोगों ने पिछले काफी दिनों ने एक किराए में पति-पत्नी के साथ रहकर लोगों को इसाई धर्म में मिलने वाली सुविधा और धर्म परिवर्तन की सलाह दे रहे हैदराबाद के दो दर्जन लोगों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं मकान से भारी संख्या में ईसाई धर्म के प्रचार से संबंधित किताबें, प्रचार की अन्य सामग्रियां बरामद की गयी हैं। अंधविश्वास की आड़ में कराए जा रहे धर्म परिवर्तन के इस खेल की जानकारी कुछ स्थानीय लोगों को मिली तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। इस सिलसिले में धर्म परिवर्तन का कार्य करने वाले मुख्य संचालक मुंगेर के मुफसील थाना क्षेत्र के नेयागदही गांव निवासी आशुतोष आनंद और उसकी पत्नी और बच्चों से पूछताछ कर रही है।

सदर थाना क्षेत्र के टंडवा में स्थानीय लोगों ने आशुतोष आनंद को ईसाई धर्म का प्रचार करने के संदेह होने पर उस मकान में जांच किया तो एक दो दर्जन महिला और पुरूष थे। उसमें सभी हैदराबाद के अलग-अलग गांव के थे। वहीं गढ़वा थाना क्षेत्र के कितासोती गांव के अजय राम भी शामिल थे। वहीं आंध्रप्रदेश के अलग-अलग गांव से गढ़वा में रहकर ईसाई धर्म का प्रचार कर रहे राममोहन राव, रवि राज, प्रेम कुमार, प्रवीण कुमार, के नागेश, प्रमदय, बंसत कुमार, जी गणेश, बी राज, के राजेश, सामिल्स, बिहार के मुंगेर जिला के मुफसील के नैयागडही गांव निवासी आशुतोष आनंद की पत्नी प्रिया भारती, नबाबगढ़ी के रंजीत आंनद की पत्नी, मुन्नी देवी, दीपक आंनद की पत्नी तनु कुमारी, आलिया कुमारी, सालनी कुमारी, ईश्वर आनंद, सृष्टि राज शामिल थे।

बिहार के मुंगेर जिले के मुफसिल के नैयागड़ही गांव निवासी आशुतोष आंनद तीन साल से गढ़वा के टड़वा में अलग-अलग जगहों पर रहकर ईसाई धर्म का प्रचार कर रहा था। मंगलवार की रात को भी आंध्रप्रदेश के हैदराबाद के अलग-अलग इलाके से लोगों को बुलाकर सोनपुरवा स्थित पुरूष आश्रय गृह में रखा था। लेकिन बुधवार को जैसे से रैकेट का पर्दाफाश हुआ आंध्र प्रदेश से आए लोग पुरूष आश्रय गृह में अपना समान छोड़कर फरार हो गए।

**आशुतोष ने नगर परिषद कार्यालय से दो दिनों की लिए आश्रय गृह में मांगी थी जगह :** धर्म परिवर्तन कराने वाला सरगना आशुतोष आनंद आंध्र प्रदेश से आए दो दर्जन से अधिक लोगों को रखने के लिए नगर परिषद के मिशन प्रबंधक कौशल कुमार ठाकुर से परमिशन लिया था। कौशल ठाकुर के कहने पर पुरूष आश्रय गृह का केयरटेकर ने आंध प्रदेश से आए दो दर्जन से अधिक लोगों को बिना आईडी के ही आश्रय गृह में रहने दिया। ऐसे में नगर परिषद के पदाधिकारी और आश्रय गृह के केयरटेकर पर भी सवाल खड़ा होता है कि बिना आईडी और रजिस्टर मेंटेन के ही उन्हें आश्रय गृह में क्यों रहने दिया।

**ईसाई धर्म की सौ किताबों का बंडल बरामद :** स्थानीय लोगों को आशुतोष आनंद के कमरे से ईसा मसीह और ईसाई धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए लाई गई सौ किताबों का बंडल मिला। साथ ही मकान में बने एक बड़े हॉल, जिसमें आशुतोष आनंद प्रवचन देकर लोगों को हिंदू धर्म को छोड़कर ईसा मसीह के शरण में जाने का संदेश सुनाते थे उस हॉल से कई प्रचार सामग्री बरामद हुई। ईसाई धर्म प्रचार की कई सीडी व कैसेट सहित अन्य सामान भी बरामद हुए।

**धर्मपरिवर्तन में शामिल के राजू सीआरपीएफ का है जवान :** गढ़वा के धर्मपरिवर्तन के काम में सीआरपीएफ का एक जवान भी लगा था। जो यूपी में सीआरपीएफ की पोस्टिंग होने के बाद भी हैदराबाद के के. राजू छुट्टी में ईसाई धर्म का प्रचार करने गढ़वा आया हुआ था। वह पिछले एक साप्ताह से गढ़वा के अलग-अलग इलाके में ईसाई धर्म का प्रचार कर रहा था।

# मुखिया के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर किया सम्मान समारोह का आयोजन

डेढ़ दर्जन मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित




बलराम शर्मा

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी के मुखिया ने अपने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर पंचायत सचिवालय में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर डेढ़ दर्जन मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ अतिथि के रूप में उपस्थित बीडीओ प्रवेश कुमार साव, सीओ निकिता बाला, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, मुखिया रामसागर महतो, सांसद प्रतिनिधि रूपु महतो, संजय भगत, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए उन्हें कई टिप्स दिए। कार्यक्रम के अंत में पंचायत क्षेत्र के मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा में 75 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड, प्रशस्ति पत्र तथा अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं ने यह सम्मान पाकर खुशी जाहिर की।

### इन्हें किया गया सम्मानित

मैट्रिक की परीक्षा में गढ़वा जिले में तृतीय स्थान एवं मेराल हाई स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रभात प्रसाद कुशवाहा पिता अर्जुन कुशवाहा, सत्यम कुमार, पुष्पा कुमारी, अमरेश कुमार चौधरी, अंबिया खातून, ऋषभ कुमार, अनामिका कुमारी, अंशु कुमारी, अमित कुमार सोनी, राज कुमार, शुभम कुमार तथा आईएससी में विवेक कुमार, सतीश कुमार, रिंकू शर्मा, गिरिनाथ मेहता, मेघा तथा बीए में एक हाथ का दिव्यांग राहुल कुमार पिता कामेश्वर महतो को सम्मानित किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति :** पंचायत सचिव परमानंद पाठक, रोजगार सेवक निभा तिवारी, वार्ड सदस्य भोलाराम, विनोद चौधरी, पूजा कुमारी, कुमारी प्रतिमा, अलीशेर अंसारी, विजय प्रसाद, एसबी एकेडमी के डायरेक्टर मदन यादव सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ लाल मोहन के द्वारा किया गया।

# पेशरार क्षेत्र में नल जल योजना फेल

## नल में एक बूंद पानी नहीं, मुंह धोने को तरस रहे हैं ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता



**पेशरार/लोहरदगा।** झारखंड के लोहरदगा जिला की जनता इस बार की तपिश भरी गर्मी को लेकर काफी परेशान हाल में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इस तपती गर्मी में अत्यधिक जलस्त्रोत सफेद हाथी का दांत साबित हो रहा है, परंतु विभाग की ओर से जनहित में उठाए जा रहे सारे हथकंडे नाकाम साबित हो रहा है। यही वजह है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लोग पीने की पानी के लिए तरस रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल और स्वच्छता पर प्रमंडल की ओर से निर्माण कराई गयी नल जल योजना सिर्फ ग्रामीणों और राहगीरों को चिढ़ाने का काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि लोहरदगा जिला अंतर्गत अति सुदूरवर्ती और उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोरद के केकरांग मध्य विद्यालय के समीप पर स्थित सलेया टोला में नल जल योजना के तहत नल का निर्माण कार्य कराया गया है परंतु उक्त नल से एक बूंद पानी नहीं निकल रहा है जिससे ग्रामीण काफी हताश और उदास हैं। इस संदर्भ में केकरांग गांव के सलेया टोली के ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल विभाग की ओर से नल जल योजना अंतर्गत पूरे टोला में नल का निर्माण कार्य करा दिया गया है जो इस तपती गर्मी में ग्रामीणों और राहगीरों के लिए शोभा की वस्तु बनकर चिढ़ा रहा है। बावजूद पेयजल और स्वच्छता विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की आंखें खुल नहीं रही है। गांव वालों के अनुसार केकरांग सलेया टोली में लगभग 25 परिवार निवास करते हैं जहां पर पीने की पानी की उपलब्धता नहीं होने से ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है बावजूद इसे दुरूस्त कराने में किसी ने सकारात्मक पहल नहीं कर दिखाया है जिससे लोगों में काफी नाराजगी बना हुआ है।

**पूर्व में निर्मित जलमीनार भी तोड़ चुका है दम**

पेशरार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केकरांग के सलेया टोली में पेयजल और स्वच्छता प्रमण्डल की ओर से वर्षो पूर्व एक जलमीनार का निर्माण कार्य कराया गया है लेकिन साल भर से उक्त जलमीनार दम तोड़ चुका है और शोभा का वस्तु बनकर गांव वालों को चिढ़ा रहा है परंतु विभाग की ओर से इसे ठीक कराने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को पीने की पानी की व्यवस्था को लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लोगों का कहना है कि एकमात्र चापानल के भरोसे 25 परिवार के लोग इस भीषण गर्मी में अपनी प्यास किसी तरह बुझा रहे हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि चापानल के खराब हो जाने पर खेत में स्थित चूंआं जिससे निकलने वाली दूषित पानी को पीकर दिन बिता रहे हैं बावजूद विभाग की ओर से जनहित में ठोस पहल नहीं किया जा रहा है। आलम यही रहा तो केकरांग सलेया टोली के ग्रामीणों को मुंह धोना भी मुश्किल का सबब बन सकता है।

## अवैध शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ सदर थाना पुलिस ने छापामारी कर अवैध शराब के साथ दो लोगो को गिरफ्तार की है। एसडीपीओ बीएन सिंह ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के निंगनी और दुपट्टा चौक कुटमु में गुप्त सूचना के आधार पर लोहरदगा थाना पुलिस के द्वारा छप्पामारी की गई । जिसमे अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए दुपट्टा चौक और निगनी से सुमन प्रसाद और चंदन कुमार साहू के किराना दुकान पर छापामारी की गयी। जिसमें बियर, विदेशी शराब और महुआ को जब्त किया गया। दोनो को हिरासत में लेते हुए इस संबंध मे सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस करवाई से अवैध शराब के कारोबारियों के बीच हंडकंप मचा हुआ है।

## संतोष उराव को बनाया गया पंचायत अध्यक्ष

लातेहार(आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के नेवाड़ी पंचायत के समीप तुवेद ग्राम में बुधवार को सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु झारखंड मुक्ति मोर्चा लातेहार प्रखंड समिति की एक बैठक आयोजित की गयी। पार्टी के सदस्यता को युद्ध स्तर तक चलायें जाने का निर्देश पंचायत अध्यक्ष और सचिव संतोष उराव, अनिल उराव को दिया गया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा कि पूर्व में नेवाड़ी पंचायत अध्यक्ष का प्रभार मोती लाल उराव को बनाया गया था लेकीन उन्होंने पार्टी के सदस्यता को सही ढंग से निर्वाहन नही करने और होने वाले कार्यक्रम में शामिल नहीं होने और उनकी उदासीनता को देखते पंचायत अध्यक्ष संतोष उरांव को पंचायत के अध्यक्ष हेतु मनोनीत किया गया है। मौके पर बलराम उराव, जितेंद्र उराव, राजू कुमार, सुरेंद्र उराव, बाबूलाल उराव, सुनील उराव, बबलू उराव, सिकंदर उराव, समेत कई लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में उड़ीसा से खेल कर लौटी पूनम, हुआ स्वागत



बरवाडीह(आजाद सिपाही)। ओडिशा की राजधानी भुनेश्वर के कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंस उड़ीसा(भुनेश्वर) में अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत खेलो इंडिया राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कबड्डी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, हॉकी, खो खो, वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जो 9 जून से 12 जून तक तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। जिसमे झारखंड से कबड्डी टीम के लिए जिले के प्रखंड के कुचिला ग्राम से पूनम कुमारी पिता रामप्रवेश सिंह खिलाड़ी का चयन किया गया। जिले से एकमात्र चयनित कबड्डी खिलाड़ी पूनम कुमारी और कोच अशफाक अहमद मुन्ना का बरवाडीह स्टेशन पहुंचने पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, बीडीओ प्रतिनिधि मनजीत कुमार सिंह, राजद के प्रवक्ता प्रेम कुमार अधूरा, जेई आलोक उरांव, मंटू उरांव पुनम के पिता समेत कई लोगों ने समेत कयी लोगों ने बरवाडोह में स्टेशन पर गुलदस्ता देकर स्वागत किया है।

## ह्यूमैनिटी इंडिया संस्था ने मिट्टी के घड़ा का किया वितरण



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। ह्यूमैनिटी इंडिया संस्था के द्वारा हिंडालको के सहयोग से जिले के 100 परिवारों के बीच मिट्टी के घड़ा का वितरण किया गया। संस्था के सचिव शाहिद रजा ने बताया कि जिले में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए संस्था के द्वारा जिले के अत्यंत गरीब परिवारों के बीच मिट्टी के घड़ा के वितरण को लेकर हिंडालको से संपर्क किया गया था। जिस पर हिंडालको के द्वारा जनकल्याण को लेकर संस्था के माध्यम से अत्यंत गरीब परिवारों के बीच मिट्टी के घड़े के वितरण में सहयोग किया गया। घड़ा वितरण को लेकर संस्था के द्वारा सदर प्रखंड, किस्को प्रखंड, पेशरार प्रखंड, सेन्हा प्रखंड, कुडू प्रखंड तथा भंडरा प्रखंड में कुल 100 अत्यंत गरीब परिवारों का चयन किया गया था। मिट्टी के घड़े के वितरण का उद्देश्य मानव कल्याण के साथ-साथ मिट्टी के बर्तनों के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रति जागरूकता लाना भी है। मौके पर राजेंद्र महतो, प्रीतम कुमार साहू, रीना देवी, आरती कुमारी, आकाश कुमार सिन्हा, आदि उपस्थित थे।

## पसमंदा मुसलमानों को मिले हक

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। ईदगाह मोहल्ला स्थित अंजुमन हॉस्पिटल में बुधवार को लोहरदगा के पसमांदा मुसलमानों का एक दिवसीय बैठक अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी अफसर कुरैशी के नेतृत्व एवं हाजी शकील अहमद, हाजी ऐनुल मास्टर, प्रोफेसर अरशद मोमिन, कमरूज्जमा कुरेशी, फिरोज राही, ऐनुल अंसारी इत्यादि के उपस्थिति में आयोजित की गयी। लोहरदगा में पसमांदा मुसलमानों के साथ हो रहे भेदभाव को मुख्य बिंदु बनाकर लोगों के सामने रखा गया है जहां बताया गया कि किस तरह लोहरदगा में 80% से ज्यादा पसमांदा मुसलमान से भेदभाव किया जा रहा है। जिसका फायदा ऊंची जाति के लोग उठा रहे हैं और हम आबादी में सबसे ज्यादा होकर भी सबसे दबे कुचले हैं। आज पसमांदा मुसलमानों को संगठित होकर सरकार से आंख से आंख मिलाकर अपना हक को लेना होगा वहीं उन्होंने कहा कि इसके लिए अगले 10 जुलाई को एक बैठक बुलायी गयी है मौके पर हाजी अब्दुल जब्बार, रउफ अंसारी, मनीर अंसारी, निजाम अंसारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## दुकान निर्माण का प्राक्कलन तैयार करने को कार्यपालक अभियंता ने किया निरीक्षण

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जीप सदस्य संतोषी शेखर की सार्थक पहल से प्रखंड मुख्यालय के बस स्टैंड में जिला परिषद के माध्यम से स्वपोषित योजना के तहत दुकान निर्माण करने की मंजूरी जिला परिषद की बैठक में मिल चुकी है। जहाँ बुधवार को दुकान निर्माण को लेकर प्राक्कलन तैयार करने के लिए जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता महेंद्र सिंह ने स्थल निरीक्षण किया। कार्यपालक अभियंता के द्वारा दुकान निर्माण कराये जाने को लेकर स्थल निरीक्षण करने की प्रक्रिया के तहत चयनित स्थल की नापी कराने के साथ दुकान बनाने का नक्शा तैयार करने का भी काम किया गया। कार्यपालक अभियंता ने बताया की जिला परिषद की बैठक में दुकान निर्माण का प्रस्ताव लाने के बाद जिला परिषद के सचिव के माध्यम से प्राप्त हुआ। वही जीप सदस्य ने कहा की बस स्टैंड में विस्थापित दुकानदारों के लिए दुकान निर्माण कराना हमारी मुख्य प्राथमिकता है। इस दौरान मौके पर कनीय अभियंता राजकिशोर पासवान, सफदर खान, विनय यादव, शुभम नाथ, रोहन प्रसाद, धीरेंद्र कुमार, उपेंद्र प्रसा, मजहर हुसैन, पिंटू कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल अस्पताल ले जाने के दौरान हुई मौत

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना गेट के समीप लाइन ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस ततपरता दिखाते हुये घायल युवक को ग्रामीणों के मदद से सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां युवक के स्थिति को नाजुक बताते हुए चिकित्सको ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया घायल युवक को सदर अस्पताल के जाने के दौरान रास्ते मे ही मौत हो गयी । वहीं युवक की पहचान नही हुआ है। जबकि ग्रामीण सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि लड़का जुरिया करम टोली का रहने वाला है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

# अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ डीसी ने सख्ती का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर बुधवार को उपायुक्त श भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलांतर्गत कोयला और बालू के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिले में अवैध खनन भंडारण और परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक 12.05.2023 से दिनांक 12.06.2023 तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण में 13 वाहनों को जब्त कर 05 प्राथमिकी दर्ज गयी है। तथा 9.18 लाख रुपये जुमार्ना राशि की वसूली की गयी। आगे उन्होंने बताया कि अवैध वाहनों के राजसात के बाद नीलामी किए जाने से सरकार को 1 करोड़ 4 लाख 51 हजार राशि की राजस्व की प्राप्ति हुई है। उपायुक्त ने सीसीएल सहित सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की मॉनिटरिंग करने के अलावे अन्य कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त द्वारा सभी माइनिंग कंपनियों को निर्देशित किया गया कि हाई कोर्ट के द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में कोई भी गाड़ी बिना नंबर के माइनिंग क्षेत्र अथवा परिवहन में नहीं इस्तेमाल किया जायेगा अन्यथा यह माननीय उच्च कोर्ट के आदेश की अवमानना मानी जायेगी। उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन के विरुद्ध किये गये कार्यों से संबंधित एक्शन टेकन रिपोर्ट ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर श्री ब्रजेश कांत जेना, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, सभी अंचल अधिकारी, कोल कंपनियों के अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पार्टी कार्यकर्ताओं की है और उनके लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि है: सुदर्शन भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भाजपा की संयुक्त जिला कार्यसमिति लोहरदगा विधानसभा स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में हुई। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि 30 मई से 30 जून तक सरकार के 9 वर्ष के पूरे होने पर प्रायोजित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम तय किए गए हैं। जिसे चरणबद्ध तरीके से आयोजित किये जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य 2024 में पुनः नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बने। भाजपा का एक ही नारा है सबका साथ सबका विश्वास सबका प्रयास। हमारी पार्टी कार्यकर्ताओं की है और उनके लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि है। वहीं विपक्ष केवल मोदी जी कैसे रोकें उसके लिए चिंतित हैं। परंतु मोदी जी की लोकप्रियता विश्व में है इसलिए उनके नेता अपनी अपनी स्वार्थ की पूर्ती के लिए विदेशों में भी जाकर देश की बुराई कर रहे हैं। जनता जबाव देनें के लिए तैयार बैठी है।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री रितेश कुमार साहू ने किया। बैठक में भाजपा जिला प्रभारी मनोज मिश्रा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति, जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद आदि ने सुझाव दिया। कार्यक्रम में उमेश कास्यकार, बजरंग उराव, अनंत महतो सहित कुल दो सौ कार्यकर्ता शामिल थे।

## लोहरदगा में मन का मिलन पखवाड़ा का हुआ विधिवत समापन

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। झालसा रांची के तत्वाधान में तथा प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा राजेंद्र बहादुर पाल के निर्देशन में दिनांक 29 मई 2023 से लेकर 14 जून 2023 तक मध्यस्थता के ऊपर चलाये गये 'मन का मिलन' पखवाड़ा का विधिवत समापन किया गया। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुये डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि मध्यस्थता के माध्यम से विवाद सुलझाने को लेकर यह जागरूकता अभियान दिनांक 29 मई से लेकर 14 जून तक 'मन का मिलन पखवाड़ा' शिषर्क से चलाया गया था जिसके संबंध में प्रचार-प्रसार पहले किया गया था जिसका असर सिविल कोर्ट परिसर में देखने को मिला 500 से अधिक लोगों ने जानकारी ली। साथ ही साथ इन 15 दिनों में कुल 13 पेंडिंग वादों का निस्तारण किया गया।

# खेती किसानी के साथ मुर्गी पालन कर स्वावलंबी बन रहा परिवार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जेएसएलपीएस की स्वयं सहायता समूह से जुड़ी अंजनी देवी वर्तमान में खुशहाल जीवन व्यतीत कर रही हैं। मुर्गी पालन से उसे महीने की 6-7 हजार रुपये कमाई हो जाती है। आत्मनिर्भर हैं और अपने फैसले स्वयं लेती हैं। कृषि कार्य से अलग कमाई होती है। यह कहानी है कुडू प्रखंड के बड़कीचांपी गांव की रहने वाली अंजनी देवी की। पति बंधन उराँव भी जीवन-यापन के लिए हमेशा जद्दोजहद करते रहे, लेकिन कोई ठोस काम नहीं मिल पाया। ऐसा नहीं है कि हमेशा से अंजनी स्वावलंबी थीं। एक समय था जब अंजनी को उसके घर के आसपास के लोग अपशकुन मानते थे और उसे हमेशा डायन कह कर ताना दिया करते थे। जीना दूभर हो गया था। अंजनी बताती हैं कि वर्ष 2004 में वे सरना महिला मंडल से जुड़ीं। समूह से जुड़ने के बाद प्रत्येक दिन कुछ राशि बचत करना प्रारंभ किया। समूह से जुड़ने से परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। अंजनी इसके बाद ग्राम संगठन में जुड़ीं और समूह से 10 हजार रुपए ऋण लेकर मुर्गी पालन का काम शुरू किया। मुर्गी पालन के मुनाफे से ऋण चुकता किया और पुनः 60 हजार रुपए क्रेडिट लिंकेज के जरिये ऋण लिया। मुर्गी शेड बनवा कर अच्छे तरीके से मुर्गी पालन कर रही हैं। पति भी खेती-किसानी का कार्य करते हैं और मुर्गी पालन में पत्नी का हाथ बटाते हैं।

**सामाजिक प्रताड़ना से हो गयी थी निराशा:** अंजनी बताती हैं कि घर के आसपास के लोगों द्वारा सामाजिक प्रताड़ना सहते हुए बहुत निराशा हो गयी थी। इसके समाधान के लिए सखी मंडल की दीदियों से संपर्क किया तो दीदियों ने ग्राम सभा के माध्यम से सुलहनामा कराया और इसमें जोखिम निवारण निधि के रूप में राशि मिली। इसी राशि का इस्तेमाल अंजनी ने कृषि कार्य मे लगाया। आज अंजनी अपने वर्तमान जीवन से खुश हैं और अन्य महिलाओं से भी जेएसएलपीएस की सखी समूहों से जुड़ने की अपील करती हैं।

## मन का मिलन पखवाड़ा का हुआ समापन

लातेहार(आजाद सिपाही)। माननीय झालसा, रांची के दिशा निर्देश में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश, लातेहार श्री अखिल कुमार के मार्गदर्शन में ह्रमन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में दिनांक 29 मई 2023 से 14 जून 2023 सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। इस मन का मिलन पखवाड़ा में कुल 31 मामले मध्यस्थता हेतु डी0एल0एस0ए0 लातेहार के समक्ष प्रस्तुत हुआ जिसमें से 17 मामालों का निष्पादन हुआ। इस मध्यस्थता क्रेंद में पारिवारिक विवाद के कुल 12 मामले मध्यस्थता क्रेंद में आये जिसमें से कुल 06 मामलों को सफ्लतापूर्वक निष्पादन किया गया तथा, चेक बाउंस से संबंधित कुल 12 मामले मध्यस्थता क्रेंद में आये जिसमें से कुल 04 मामलों (7,50,000/ सात लाख पचास हजार रुपये पक्षकारों के बिच लेन देन) को सफलतापूर्वक निष्पादन किया, इस तरह मध्यस्थता क्रेंद में समान्य लडाई-झगड़े से संबंधित 05 मामलों में से सभी 05 मामलों का निष्पादन हुआ और जमीन विवाद से संबंधित कुल 02 मामलों में से दोनो मामलों का सफ्लतापूर्वक निष्पादन हुआ।

## कुष्ठ रोगमुक्त जिला बनाने को विभाग ने की तैयारी



लातेहार (आजाद सिपाही)। जिले के कुष्ठ उन्मूलन विभाग द्वारा कुष्ठ रोगी खोज अभियान की शुरूआत 15 जून से लेकर 28 जून तक सभी प्रखंडों के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में चलाया जाना है। इस अभियान के तहत घर- घर में सहिया और पुरुष सहकर्मी के सहयोग से कुष्ठ रोगी खोज अभियान को लेकर विशेष रूप से कार्य किया जायेगा। साथ ही साथ इस खोजी दल के द्वारा जागरूकता के साथ ही आमजनों से अपील किया जा रहा है कि शरीर के किसी भी अंग में सुनापन हो, दाग हो तो नि:संकोच होकर खोजी दल को बतलाये और समय रहते इस रोग का इलाज कराकर कुष्ठ रोग से मुक्ति पाये। यह कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है और ना ही साथ में खाना खाने से साथ में बैठने से फैलता है। समय रहते कुष्ठ का ईलाज कराये और नियमित रूप से एमडीटी की दवा लेकर शारीरिक अपंगता होने से बचाव किया जा सकता है। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कुल 1132 टीम को लगाया गया है। इस बात कि जानकारी जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉ.शोभना टोप्पो के द्वारा दी गयी है।

## नगदी समेत लाखों के आभूषण चोरी

बरवाडीह(आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के पोस्ट ऑफिस मोहल्ला निवासी चंद्रशेखर शर्मा उर्फ मिंटू शर्मा के घर में अज्ञात चोरों ने घर के आलमारी में रखे नगद पैसे समेत लाखों रुपये के आभूषण की चोरी कर ली है। इस सम्बंध में चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि 8 जून को वह अपने घर से यूपी के अनपरा अपने ससुराल गर्मियों की छुट्टी में गये पत्नी और बच्चे को लाने गये थे। जब बुधवार की दोपहर को जब पूरे परिवार को वापस घर लेकर आया तो देखा कि घर के मुख्य कमरा भी खुला होने के साथ अलमारी बक्सा सब बिखरा हुआ था। साथ ही अलमारी में रखे हुये लाखो रुपये के पुश्तैनी और नये बेशकीमती गहने के साथ 9600 नगद पैसा गयाब मिला। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद थाने के सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव मौके पर पहुंचे घटना की पड़ताल की जहां परिवार के सदस्यों से घटना में हुई चोरी के संदर्भ में जानकारी ली।

## राजनीतिक दलों को मतदाता विशेष पुनरीक्षण 2024 से संबंधित जानकारी दी गयी



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में सभी राजनैतिक दलों के साथ बैठक किया गया। जिसमें मतदाता विशेष पुनरीक्षण 2024 से संबंधित जानकारी दी गयी। बैठक में बताया गया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निदेश पर 01 जून से 20 जुलाई 2023 तक सभी निवार्ची पदाधिकारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी और बीएलओ का प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है। 21 जुलाई से 21 अगस्त तक घर-घर जाकर मतदाताओं का वेरिफिकेशन किया जाना है। इसी प्रकार 22 अगस्त से 29 सितंबर तक कई कार्य किये जाने हैं। 30 सितंबर से फॉर्म 1-8 की तैयारी की जायेगी। 17 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 17 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक दावा प्राप्त किया जायेगा। इसी दौरान दो शनिवार और दो रविवार विशेष मतदाता कैंप का आयोजन किया जायेगा। 26 दिसंबर को दावा/आपत्तियों का निराकरण किया जायेगा। 05 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन किया जायेगा।

## मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। आनंद सरस्वती बाल निकेतन में झारखंड कुम्हार समन्वय समिति जिला लोहरदगा के द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। 10 वीं और 12वीं क्लास में 75% से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को समाज की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति के द्वारा किया गया। मौके पर समाज के संरक्षक शशि शंकर प्रजापति, देवानंद प्रजापति, सहदेव महतो, रामदेव, दीपक प्रजापति आदि अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव नागेंद्र प्रजापति और धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष दुर्गा प्रजापति के द्वारा किया गया। कार्यक्रम समाप्ति से पूर्व जिले की शिक्षिका स्वर्गीय मंजू देवी के लिए समाज की ओर से 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिया गया। सम्मान पाने वालों में छात्रों में मैट्रिक से सुधांशु, नैंसी, प्रेरणा, आर्यन, भाव्या चंद्रा, प्रिंसी रानी, लक्ष्य, शिवम कुमार, कपिसर, मानती कुमारी , श्याम, राधा कुमारी, रिया रानी, सुचिता प्रजापति, कृति कुमारी, इंटर से सीबीएसई टॉपर रोनित राज, जैक बोर्ड डिस्टिक टॉपर श्रेया राज, अमर, प्रेरणा, वर्षा कुमारी प्रजापति आदि शामिल हैं।

## आंधी-तूफान में गरीब परिवार के घर का उड़ा एसबेस्टस

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को अचानक मौसम में बदलाव के साथ काफी तेज आंधी आया जिसमे सेन्हा निवासी रामदास ठाकुर के पत्नी सविता देवी प्रदीप साहू के अलावे उगरा में शनीचरवा उराँव का और अन्य गरीब परिवार के मकान का एलबेस्टर उड़ गया। इसके अलावे कोयनारा टोली में बिरसा उरांव का भी खपरैल मकान का खपरा गिर गया है। सविता देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक चोपड़ा को आवेदन देकर कहा है की मेरा नया मकान को आंधी से नुकसान हुआ है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आश्वस्त किया की जांच के बाद उचित मुवाजा दिया जायेगा। वही सीओ विजय कुमार ने कहा की जिसका आंधी तूफान से नुकसान हुआ है। जिसे अंचल में आवेदन प्राप्त होने पर उसे आपदा राहत कोष से आर्थिक सहयोग प्रदान किया जायेगा।

## आग लगने से पशु चारा और जलावन जला

भंडरा / लोहरदगा । मसमानों पंचायत अंतर्गत बेदाल टंगरा टोली के खलिहान टंगरा में आग लग जाने से किसानों का रखा हुआ पशु चारा, कुट्टी ,पुआल एवं जलावन जल गया। आग बुझाने में असमर्थ ग्रामीणों ने इसकी सूचना भंडरा थाना को दिया ।इसके बाद अग्निशमन वाहन के द्वारा आग बुझाया गया। आग लगने से किसानों के समक्ष पशु चारा एवं जलावन की समस्या हो गई। इस आग लगी में दुर्गा लोहरा, बली लोहरा सहित 6 किसानों का पशु चारा एवं जलावन नष्ट हो गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

# वनों के संरक्षण के बगैर जीवन असंभव : भूषण तिर्की



**वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला ने किया लाह पौधों का वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** वन जहां हमारे जीवन को संरक्षित कर रहे हैं वहीं वनोपज हमारी जीविका का साधन बन जाते हैं। इसलिए वनों का संरक्षण बहुत जरूरी है। उक्त बातें गुमला विधायक भुषण तिर्की ने कही। वे कुसुम-लाह वृक्ष के पौधों के वितरण करने वाले एक समारोह में शामिल थे। विधायक ने आगे कहा कि जंगलों को कटने और जलने से बचाना बहुत जरूरी है। वन के बगैर अपने जीवन की उम्मीद भी नहीं कर सकते। आज तापमान में भारी वृद्धि लगातार वनों के घटने के कारण हो रहा है। यह काफी चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि पानी का जलस्तर गिरना, तापमान में वृद्धि होना, लगातार वर्षा नहीं होना तीनों का संबंध कहीं ना कहीं जंगलों के कटने से है। उन्होंने कहा कि हमारा दायित्व है कि हम अपने घर के आस-पास भी पेड़ लगाएं और जंगलों को कटने से बचाएं। वहीं वन प्रमण्डल पदाधिकारी अहमद बेलाल अनवर ने ग्रामीणों से कहा कि वन रात दिन आपकी सुरक्षा में तैनात हैं। आप भी हमेशा वनों की रक्षा के लिए तैयार रहिए। वन प्रमण्डल पदाधिकारी ने ग्राम कोनाटोली के अन्तर्गत तेलगांव में अवस्थित कुसुम लाह वृक्षों का आवंटन कर प्रमाण-पत्र का वितरण भी किया। जिससे ग्रामीणों को लाह की खेती कर सभी ग्रामीणों को समान रोजगार मिल सके। साथ ही इससे वृक्षों का संरक्षण भी हो। ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति लगाव बढ़ाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का अयोजन किया गया। बताया गया कि जिन ग्रामीणों को वृक्ष एवं प्रमाण-पत्र आवंटित किया गया है। उन्हें दिनांक 15 जून 2023 को लाह प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए राँची से वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही प्रत्येक लाभुकों को उक्त लाह की खेती के लिए टूल-किट भी उपलब्ध करायी जायेगी।

## सदर अस्पताल के गेट के समीप आंधी से आम की डाली टूटकर सड़क पर गिरी, बाल-बाल बचे लोग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जसपुर रोड स्थित सदर अस्पताल के गेट के समीप आंधी आने से अचानक आम के पेड़ की एक डाली टूट कर सड़क पर गिर गई। वहीं घटना में लोग बाल-बाल बच गए। घटना बुधवार अपराह्न 3:00 बजे की है। पेड़ की डाली उस समय टूट कर गिरी जब वर्षा हो रही थी। इसलिए सड़क पर इक्का-दुक्का लोग ही चल रहे थे। लेकिन घटना में किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई। वहीं वर्षा समाप्त होने के बाद लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हुई, जिससे दोनों और गाड़ियों की जाम लग गई। वहीं स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना नगर परिषद को दी तथा सड़क से पेड़ को हटाने की मांग की।

## पुल से छलांग लगाकर युवक ने की खुदकुशी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना अंतर्गत कोटेंगसेरा मुरकुंडा निवासी 28 वर्षीय शंकर गोप, पिता स्व. जतरू गोप ने जोलो पुल से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना मंगलवार की है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के मामा दसु गोप ने बताया कि लगभग एक माह पूर्व पति पत्नी में विवाद होने के बाद पत्नी पति को छोड़कर अपने मायके चली गई थी। जिसके बाद युवक काफी परेशान रहने लगा। वहीं बताया कि उसके दो बच्चे हैं। मंगलवार की सुबह कुछ लोगों ने बताया कि एक व्यक्ति का शव जोलो पुल के नीचे पड़ा है, जाकर देखने पर उसकी पहचान शंकर गोप के रूप में हुई। तब तक वह जिंदा था, अस्पताल लाने की तैयारी करने के क्रम में ही उसकी मौत हो गई। जिसके बाद मंगलवार की देर शाम शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहीं बुधवार को शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

## ट्रैक्टर के हल में बैठने के दौरान गिरने से बुजुर्ग हुआ घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के पुग्गु बड़का टोली गांव में मंगलवार को देर शाम ट्रैक्टर में लगे एक हल के पलट जाने से उसकी चपेट में आकर 60 वर्षीय पुनई उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर सुनील किस्कू ने इलाज शुरू किया। इलाज के दौरान उसका ड्रेसिंग किये जाने में काफी मसक्कत करनी पड़ी। चूंकि पुनई का बायां पैर पूरी तरह कट गया था। साथ ही पैर के चिथड़े उड़ गए थे। बताया जाता है कि पुनई के घर के समीप काफी दिनों से एक ट्रैक्टर में लगा हल रखा हुआ था। तभी इसी बीच वह वहां बैठ रहा था। बैठने के दौरान ट्रैक्टर का हल पलट गया। फिर वह हल में लगे नुकीले लोहे से घायल हो गया। साथ ही अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण वह अस्पताल लाने के क्रम में बेहोश हो गया। बुजुर्ग की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया।

**बैठक :** उपायुक्त ने की आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा

# वोटर लिस्ट से हटाये जायेंगे क्षेत्र से बाहर रहनेवालों के नाम : उपायुक्त

**सभी मतदान केन्द्रों में शौचालय, पेयजल एवं बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिले के सभी 994 मतदान केंद्रों में उपलब्ध 'एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी' अर्थात उक्त मतदान केंद्रों में उपलब्ध प्राथमिक सुविधाओं के संबंध में समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित किया कि जिले के शत प्रतिशत मतदान केंद्र सरकारी भवनों में ही बनाए जाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि जिले में 300 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण हुआ है, कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों को भी मतदान केंद्र के रूप में उपयोग करें। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभाग के कर्मियों को अभी से ही आगामी चुनाव के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। आगमी चुनाव में कम से कम 80 प्रतिशत वोटिंग हो उसके लिए युद्ध स्तर पर स्वीप कोषांग के द्वारा तैयारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने बूथ वाइज प्लान तैयार करने की बात कही। सभी मतदान केन्द्रों में शौचालय, पेयजल एवं बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही विद्यालयों में जहां मतदान केंद्र निर्माण किया जाना है उन सभी विद्यालयों के खिड़की एवं दरवाजों सहित सभी प्राथमिक सुविधाओं को अभी से दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों में अगले 30 दिनों के अंदर बिजली की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। चुनावी क्षेत्रों में विभिन्न नेटवर्क प्रोवाइडर के नेट स्पीड की स्थिति का आंकलन करके रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। वहीं दूसरी ओर उन्होंने पिछले मतदान के आंकड़ों की जांच करते हुए जेंडर राशियों के रिपोर्ट की भी मांग की। बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को भी चिन्हित करते हुए उनके साथ सहयोगी मित्र का टैगिंग कर लेने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने उपलब्ध वोटर लिस्ट का मिलान करते हुए वोटर लिस्ट में सुधार करने का निर्देश। जिसके लिए उन्होंने डोर टू डोर सर्वे करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि वैसे वोटर कार्ड धारी जिनका वोटर लिस्ट में नाम है परंतु वे जिले में नहीं रहते उनका नाम सुनिश्चित तौर पर वोटर लिस्ट से हटाने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने नए मतदाताओं को चिन्हित करते हुए उनका नाम वोटर लिस्ट से जोड़ने की बात कही। इस पूरे प्रक्रिया में उपायुक्त ने सभी पॉलिटिकल पार्टी एवं जिला प्रशासन की टीम को मिलकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सर्वे के उपरांत 3 रैंडम पंचायतों में 10 वोटरधारी की रैंडम चेकिंग करते हुए वोटर लिस्ट को फाइनल किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न राज्यों में सफल मतदान की तकनीक एवं प्रयासों की स्टडी करते हुए अपने जिले में भी अच्छी तकनीक का उपयोग करते हुए सफल रूप से चुनाव प्रक्रिया का संचालन करने का निर्देश दिया।

बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम समदानी, शेखर गुप्ता, शशिकांत भारती, अजीत कुमार चौधरी, सौरव गुप्ता , मंगल तिर्की संतोषी कुमारी, प्रमोद कुमार के अलावा अन्य उपस्थित थे।

# भारतीय वैश्य चेतना महासभा के गुमला अध्यक्ष बनाये गये रमेश कुमार

**प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने नव-मनोनीत जिला अध्यक्ष को यथाशीघ्र अपनी टीम का गठन का निर्देश दिया**


रमेश कुमार चीनी


दिलीप कुमार नीलेश


गोपाल कुमार


बिनोद कुमार साह


अशोक कुमार (मुन्नाजी)


सतीश प्रसाद


अरुण कुमार


दीपक गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भारतीय वैश्य चेतना महासभा झारखंड प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुनील साहू का गुमला आगमन पर नीलेश कॉम्प्लेक्स भवन के सभागार में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया। पत्रकारों के समक्ष रमेश कुमार चीनी को गुमला जिला का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इसके अलावे चार प्रदेश पदाधिकारियों के नामों की भी घोषणा की गई। जिसमें दिलीप कुमार नीलेश को प्रदेश उपाध्यक्ष सह दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल के प्रभारी बनाया गया। गोपाल कुमार को प्रदेश संगठन मंत्री, सह सिमडेगा जिला का प्रभारी चुना गया। बिनोद कुमार साह प्रदेश मंत्री सह लोहरदगा जिला का प्रभारी बनाये गए। अशोक कुमार (मुन्नाजी) भी प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाये गए। इसके अलावे नव-मनोनीत जिला अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने अपनी जिला टीम से सतीश प्रसाद को जिला महामंत्री और अरुण कुमार को जिला सचिव एवं दीपक गुप्ता को जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किया।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने नव-मनोनीत जिला अध्यक्ष को यथाशीघ्र अपने टीम का गठन कर समाज के एक एक घरों में वैश्य समाज की राजनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने का संकल्प दोहराने का निर्देश दिया। साथ ही नव-मनोनीत पदाधिकारियों को राज्य-स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने का टास्क दिया। इसके अलावे नव मनोनीत जिला अध्यक्ष श्री रमेश कुमार चीनी ने अपने पहले संबोधन में कहा कि वैश्य समाज को सभी सरकारों ने सिर्फ वोट लेने का काम किया किंतु उससे ज्यादा उसका राजनीतिक शोषण करने करने में कोई कसर नहीं छोड़ा, अब यह शोषण नहीं चलेगा।

प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू एवं जिला अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी के अलावे प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश, प्रदेश संगठन मंत्री गोपाल कुमार, प्रदेश मंत्री बिनोद कुमार साह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक कुमार (मुन्नाजी) सहित नव-मनोनीत जिला महामंत्री सतीश प्रसाद जिला सचिव अरुण कुमार, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार गुप्ता एवं महेंद्र कुमार साहू के अलावे काफी संख्या में अन्य कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# अवैध धर्मांतरण के खिलाफ थाने में दिया आवेदन



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अन्तर्गत टेंगरिया पंचायत के बुजी टोली में अवैध धर्मान्तरण के खिलाफ ग्रामीणों ने थाने में आवेदन दिया है।

जानकारी के अनुसार तीन लोगों को आरोपित बताते हुए पालकोट थाना में आवेदन देते हुए कहा है कि आज बुजी टोली में बारह बजे जो अवैध धर्मान्तरण होना था उसे ग्रामीणों की मदद से रोक दिया गया। आगे इस तरह का कार्य न हो इसके लिए लोगागें ने थाना में आवेदन दिया गया है, ताकि गांव में अमन शांति बनी रहे और आरोपित व्यक्ति के खिलाफ न्यायोचित कार्रवाई की जाये। मौके पर चैनपुर के ग्राम वासी मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## सिसई विधानसभा स्तरीय भाजपा का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आयोजित




**सिसई (आजाद सिपाही)** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा में बुधवार को संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिसई विधानसभा स्तरीय सभी मोर्चों के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान राज्य सभा सांसद समीर उरांव, पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव, जिलाध्यक्ष अनूप चन्द्र अधिकारी सहित अन्य अतिथियों द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के केन्द्र सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने व आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर समर्पित भाव से व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की गयी। इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्ता लालमोहन साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमन यादव, प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, पुसो मंडल अध्यक्ष सुमित महली, विजय मिश्रा, निरंजन सिंह, अनिल साहू, वसंत यादव, चरवा उरांव, तेजनारायण सिंह, सुखलाल राय, सत्यनारायण भगत, आकाश लाल, छोटेलाल ताम्रकार, संजय महतो, रामनिवास साहू, राजन ताम्रकार, वृन्दा सिंह, बालेश्वर उरांव, फलिन्द्र गोप, ब्रजकिशोर सिंह, मुन्ना शाही, अनिल गुप्ता सहित भाजपा के सभी मोर्चा के पदाधिकारी गण व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बसिया प्रखंड के खटखुरा लैम्पस में किसानों के बीच अनुदानित दर पर बीज वितरण शुरू



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खटखुरा लैम्पस में बुधवार को अनाज बीज वितरण का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग के द्वारा किसानों को बीज वितरण कर किया गया। इस मौके पर बीसीओ आनंद तिर्की मुख्य रूप से उपस्थित थे। मालूम हो कि लैम्पस के माध्यम से किसानों को अनुदानित दर पर बीज का विक्रय किया जायेगा। इस मौके पर लैम्पस अध्यक्ष चुनेश्वर गोप, पूर्व मुखिया सह लैम्पस सदस्य मसीह दास कंडुलना एवं लाभुक किसान उपस्थित थे।

## प्रखंड कार्यालय परिसर में परिसंपत्ति वितरण शिविर का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय परिसंपत्ति वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज के अलावे प्रत्येक पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 5 लाभुकों को बकरी व 2 लाभुकों को सुकर पालन हेतु बकरी व सुकर वितरण किया गया। वहीं 35 लाभुकों को विधवा, वृद्धा व विकलांग पेंशन का पीपीओ कार्ड वितरण किया गया। साथ ही सीओ ने सभी कर्मचारी व पंचायत सचिव को निर्देश दिया है कि प्रखंड क्षेत्र में जितने भी वृद्धा, विधवा व विकलांग हैं जिनका नियमानुसार पेंशन दिया जा सकता है वैसे सभी को चिन्हित करें, ताकि सभी को पेंशन सुविधा से लाभ दिया जा सके। उन्होंने पंचायत में घूम घूम कर लोगों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया है। साथ ही मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत जितने भी इच्छुक लाभुक हैं उन सभी को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश भी कर्मियों को दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से सीओ प्रणव ऋतुराज, विनीता कुमारी, अंगनी उरांव, चांदनी देवी, शंकर साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

## विश्व रक्त दान दिवस पर अयोजित शिविर में 54 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले में विश्व रक्त दान दिवस के तहत सदर अस्पताल में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के कई वरीय पदाधिकारियों सहित विभिन्न कार्यालयों के कर्मियों एवं आम लोगों ने रक्त का दान किया। जिसमें महिलाओं ने भी रक्त दान कर इस महान दान में अपना योगदान दिया।। उक्त शिविर में कुल 54 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। इस दौरान सीआरपीएफ के जवानों ने भी रक्त दान कर इस शिविर में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस शिविर से संगठित रूप से ब्लड कलेक्शन किया गया जो समुदाय के सभी सदस्यों के लिए सुलभ होगा। शिविर में रक्तदान करने से पहले, सभी दाताओं का मेडिकल स्वस्थ्य परीक्षण किया गया। उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर रवि जैन के नेतृत्व में अप्रैल माह से अब तक लगातार तिथि निर्धारित करते हुए जिले भर में रक्त दान शिविर का आयोजन किया जा रहा है । पिछले 3 माह में विभिन्न प्रखंडों में 24 बार रक्त दान शिविर का आयोजन किया जा चुका है । जिसमें कुल 500 यूनिट से अधिक रक्त का संग्रहण हुआ। जिसका मरीजों के इलाज में उपयोग किया जा रहा है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में जिले के ब्लड बैंक में कुल 186 यूनिट रक्त उपलब्ध है। इस दौरान एसडीओ सदर सह अस्पताल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रवि जैन ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि गुमला वासी ब्लड डोनेशन के महत्व को समझें और इस महान कार्य में अपना योगदान दें। ब्लड डोनेशन का महत्व समझना बहुत जरूरी है। ब्लड डोनेशन से न केवल रोगियों की मदद होती है, बल्कि यह दान देने वाले के लिए भी फायदेमंद होता है। इससे उन्हें अपने समुदाय के सदस्यों के साथ एक महान कार्य में शामिल होने का अवसर मिलता है।

**कार्यक्रम :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गुमला का एक दिवासीय सम्मेलन आयोजित

# आंदोलनकारियों के बेहतर कल के लिए गुमला से होगा क्रांति का सूत्रपात : पुष्कर महतो

**आगामी 10 अक्टूबर को रांची में आंदोलनकारियों के मान सम्मन, पहचान, पेंशन, नियोजन, इतिहास व अस्तित्व की रक्षा का महाजुटान होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गुमला जिला, झारखंड के तत्वावधान मे कचहरी परिसर में एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का आयोजन झारखंड आंदोलनकारियों को जेल जाने के बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी को समान रूप से मान-सम्मान, पहचान, पेंशन, नियोजन देने, झारखंड आंदोलनकारियों, झारखंड के इतिहास व अस्तित्व की रक्षा करने की मांग की गई।

इस मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि सरकार आंदोलनकारियों के भाव व भावनाओं के अनुरूप विकास की परिकल्पना को साकार करे। आंदोलनकारियों के कारण ही राज्य बना है। लेकिन आंदोलनकारी उपेक्षित हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी प्रकार के नियोजनों में सौ फीसदी संवैधानिक अधिकार झारखंडियों व आंदोलनकारियों का है। उन्होंने कहा कि बेहतर और समृद्धशाली राज्य के लिए



गुमला जिला के वीरों की धरती से क्रांति का सूत्रपात होगा। आज इसका आगाज हुआ है। उन्होंने कहा कि आगामी 10 अक्टूबर को रांची में आंदोलनकारियों के मान सम्मन, पहचान, पेंशन, नियोजन, इतिहास व अस्तित्व की रक्षा का महाजुटान होगा।

झारखंड आंदोलनकारी रंजीत उरांव ने कहा कि हमारे जनप्रतिनिधि दलाली छोड़ें, झारखंड के सर्वांगीण विकास व कल्याण की बात करें। नये बदलाव के लिए एक आंदोलन करना है। मोर्चा के संयोजक अजीत विश्वकर्मा ने कहा कि आंदोलनकारी गोलबंद होकर अपनी मांगों के समर्थन संघर्ष तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सकारात्मक एवं ठोस कार्रवाई करते हुए झारखंड आंदोलनकारियों के चेहरे में मुस्कान लायें। सम्मेलन का संचालन जोसेफ आभाष मिंज व धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार साहू ने किया।

मौके पर बर्नार्ड मिंज, शहजाद अनवर विजय सिंह, सीता राम उरांव, रोजलीन तिर्की, सिकंदर उरांव, स्टिफन, बसंत गोप, विश्व नाथ भगत, सहदुल मंसूरी, सरवर आलम, मनोज वर्मा, प्रतिमा कुजूर, जलील अली, सुकरु उरांव, वीरेंद्र महली, सुधीर, जुबेर अहमद, दासो कुमारी, रेखा देवी, बंधनइ उराव, विज्ञान तोप्पो, ज्योति प्रकाश लकडा, चितु उरांव, सांडू उरांव, बजरंग उरांव, मिखाइल एक्का, जॉर्ज तिग्गा, कबिट्स देवी, नसनोर खैश, सुकु मनी देवी, राजू उरांव, बिधनी खड़िया सहित अन्य उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के द्वारा उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम झारखंड आंदोलनकारियों को मान-सम्मान पहचान पेंशन नियोजन से संबंधित मांग पत्र सौंपा। साथ ही झारखंड आंदोलनकारियों के जल्द से जल्द पहचान करने की मांग की गई।

इसके अलावा गुमला जिला के आंदोलनकारियों को अनियमित पेंशन राशि का भुगतान करने की मांग की।

## मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना हम सबका उद्देश्य : विनोद



हुसैनाबाद के भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई टिफीन बैठक, मिले निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** केंद्र की भाजपा सरकार के 9 साल के बेहतर सुशासन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा की ओर से चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत बुधवार को हुसैनाबाद के रिद्धि-सिद्धि होटल में पार्टी ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओ के साथ टिफीन बैठक की गई। जिसमें हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा के प्रभारी भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि केंद्र की प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने जो गरीब कल्याण व देश के लिए किया है वह काबिल-ए-तारीफ है। उन्होंने बैठक में आए भाजपाइयों से आग्रह किया कि केंद्र सरकार द्वारा गरीब-गुरबे को मिल रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ व अन्य उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। बैठक में वरीय नेता शिवधारी राम, अशोक कुमार सिंह, रवींद्र सिंह उर्फ बबलू सिंह, कर्नल संजय कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, छठन राम, नागेंद्र उपाध्याय, रामप्रवेश सिंह, संतोष सिंहमहेंद्र सिंह, नीरज सिंह, अजय गुप्ता, प्रशांत सिंह, श्रवण अग्रवाल, उदय विश्वकर्मा, राजेश कर्ण, सचिन आंनद, टींकू तिवारी आदि मौजूद थे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक के बेटे ने नीट परीक्षा में पाई सफलता



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय से सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सह डीडीओ रामेश्वर मेहता के द्वितीय पुत्र कुमार सत्यम का नीट 2023 परीक्षा में चयन हुआ है। एनटीए की ओर से घोषित परीक्षाफल में 720 में से 628 अंक लाया जो ऑल इंडिया रैंकिंग (जनरल) में 14000 और ओबीसी में 6000 स्थान है। सत्यम ने बताया कि बचपन से ही डॉक्टर बनकर सेवा करने की इच्छा थी। परीक्षा में पास होने का श्रेय अपने माता पिता के अलावे बड़े भाई कुमार मंगलम एवं परिजनों को दिया है। उधर, सफलता पर डीडीओ सुनील कुमार, अजाप्टा सोशल मीडिया प्रभारी पलामू प्रमंडल राजेश कुमार गुप्ता, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी, सचिव निर्मल कुमार वरीय शिक्षक अंगद प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, जितेंद्र कुमार, इकबाल अहमद, शकील अहमद, रंजीत कुमार सहित दर्जनों शिक्षकों ने बधाई दी है।

### स्टेशन रोड की टूटी-फूटी सड़कों की शुरू हुआ मरम्मति कार्य

# बदलेगी सूरत, शहर की शान बनेगा एमजी रोड: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि बुधवार से स्टेशन रोड के टूटे-फूटे मुख्य रोड का कालीकरण प्रारंभ करा दिया गया है। यह मार्ग शहर की पहचान है। जब बाहर से आने वाले लोग स्टेशन से उतरते थे तो टूटे-फूटे सड़क को देखकर उसके विकास की धारणा अपने मन में गलत बनाते थे। जिसकी छवि बदलने के लिए उन्होंने वहां के पार्षद ने मिलकर डिवाइडर युक्त कालीकरण रोड की रूपरेखा तैयार की थी। जिसमें डिवाइडर का निर्माण, रंग रोगन, प्लांटेशन, लाइट पहले ही करा दिया था। पर किसी तकनीकी त्रुटि के कारण रोड कालीकरण का कार्य रुक गया था। त्रुटि को पूर्ण कर आज से स्टेशन रोड कालीकरण का कार्य शहर के बेहतरीन संवेदक पम्मी सरदार द्वारा फिर से कराना प्रारंभ कर दिया गया है। एक सप्ताह के अंदर काम को पूरा करा लिया जाएगा। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि जल्द ही शहर का लाइफ लाइन माने जाने वाले महात्मा गांधी मार्ग (कचहरी रोड) से भी खतरनाक लोहे का डिवाइडर हटेगा और चंद्रशेखर आजाद चौक (रेडमा चौक) से डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक तक बड़े शहरों की तर्ज पर कंक्रीट डिवाइडर, प्लांट्स, लाइट लगा कर एमजी रोड की खूबसूरती और सुरक्षा के साथ आवागमन सुव्यवस्थित कर दिया जाएगा। इस योजना की सुकृति हमलोगों ने अपने कार्यकाल में ही देकर कार्य को प्रारंभ करा दिया था। जिसका कार्य एक माह के अंदर पूर्ण होने पर महात्मा गांधी मार्ग शहर की शान बन कर उभरेगा।







## पलामू डीटीओ ने हरिहरगंज थाना के समीप जब्त किया सात वाहन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पलामू डीटीओ अनवर हुसैन व हरिहरगंज पुलिस ने संयुक्त रूप से बुधवार पहले सुबह छापामारी कर सात क्लिंकर लदे हाइवा ट्रक को जब्त कर हरिहरगंज पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार बगैर चालान के छत्तीसगढ़ सहित अन्य जगहो से क्लिंकर लोड कर हाइवा ट्रक औरंगाबाद की ओर जा रहे थे। हरिहरगंज थाना समीप चेक पोस्ट एनएच 98 पर डीटीओ ने हरिहरगंज पुलिस की मदद से वाहनों को जांच के लिए रोका। कागजात की मांग करने पर वाहन चालको ने पर्याप्त कागजात नहीं दिखाए जिस कारण डीटीओ ने वाहनों को जब्त कर थाने को सौंप दिया। डीटीओ ने बताया कि जब्त वाहनों को फाइन भरने के बाद छोड़ दिया जाएगा। अभियान में एसआई शिवशंकर उरांव सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## पलामू सांसद ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर बनायी 2024 के चुनाव की रणनीति



हरिहरगंज पहुंचे पलामू सांसद किया हीरो शो रूम का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** शहर के पुरानी बस स्टैंड स्थित जय दुर्गे ऑटो हीरो बाइक शोरूम का उद्घाटन पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार को किया। सासंद वीडी राम ने कहा कि वर्तमान समय में बाइक घर-घर की पहचान बन गई है। लोगों को बाइक खरीदने के लिए बड़े शहरों में जाना पड़ता था। ऐसे में क्षेत्र के लोगों की जरुरत के अनुसार हीरो बाइक शोरूम खोला गया है। जिससे निश्चित तौर पर लोगों को सहूलियत मिलेगी। वहीं प्रोप राईटर राकेश कुमार चौबे ने बताया कि जय दुर्गे ऑटो शोरूम में हीरो बाइक के ग्राहको को हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।यहां सेल एंड सर्विस, फाइनेंस की व्यवस्था के अलावे हीरो कंपनी के नयी या पुरानी बाइकों की मरम्मती के साथ एक्सचेंज की व्यवस्था भी की गई है। इसके बाद सासंद ने मंडल अध्यक्ष बलू बलराम की अध्यक्षता में शहर के रानी मैरेज हॉल में भाजपा कार्यकर्तओं के साथ बैठक की। जहां आगामी 2024 लोकसभा चुनावी की तैयारियों को लेकर चर्चा की गयी। शोरूम उद्घाटन से पहले क्षेत्र के सेमरवार गांव में पंचायत अध्यक्ष महेंद्र पासवान के नेतृत्व में भाजप कार्यकर्ताओं ने फूल-माला पहनाकर सांसद का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्य सत्येन्द्र मेहता, पूर्व विसूत्री मंडल अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सत्येंद्र पासवान, रघुनंदन साव, सिकंदर पासवान, विजय मिश्रा, सनोज गुप्ता, विनय विश्वकर्मा, अनुपमा देवी, रानी देवी, चंदन जयसवाल विक्की पटेल, करण राजवीर, सत्येंद्र भुइयां, संतोष सौणडिक, मनोज सोनी, रविरंजन मिश्रा, धनंजय यादव, किसान ओम सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, अमित कुमार, महेन्द्र सिंह, अर्जुन यादव, विजय यादव, भीष्म नारायण सिंह, सिकन्दर ठठेरा, अशोक सिंह, भीमसेन शर्मा,ललन यादव, अवधेश मेहता,माखन जी,श्याम बाबू, शशी कुमार, जीवन जयसवाल, अरविंद पासवान, डॉ संजय कुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दंगवार सूर्य मंदिर की घेराबंदी का जल्द होगा टेंडर: विधायक

विधायक प्रतिनिधि की मौजूदगी में दंगवार सूर्य मंदिर परिसर की मापी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड अंतर्गत महत्वपूर्ण दंगवार सोन नदी तट स्थित सूर्य मंदिर परिसर की घेराबंदी को लेकर बुधवार को विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह की उपस्थिति में मापी की गई। इसके बाद प्राक्कलन बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मापी के बाद विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने विधायक कमलेश कुमार सिंह को वस्तुस्थिति की जानकारी दी। वहीं, विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों के बीच ऑनलाइन संबोधन करते हुए कहा कि दंगवार की जनता ने उन्हें जो काम सौंपा था, उसे वह पूरा कराकर सौभाग्यशाली मानते हैं। कहा कि जल्द ही सूर्य मंदिर परिसर की घेराबंदी के साथ भूमि समतलीकरण, सोलर लाइट और फेवर ब्लॉक की निविदा निकली जायेगी। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि इस कार्य को बेहतर ढंग से करने के साथ ही निर्माण एजेंसी को सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मंदिर के आस पास बसे लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसका पूरा खयाल रखा जाएगा। मंदिर परिसर को भविष्य में और सुंदर बनाया जायेगा। उन्होंने सोन नदी के तट स्थित सूर्य मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का आग्रह झारखंड के पर्यटन विभाग को पत्र लिखा कर किया है। इसे विकसित होने से दंगवार का चहुमुखी विकास के साथ लोगों का रोजगार भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सूर्य मंदिर परिसर से सोन नदी का नजारा देखने लायक होगा। आने वाले लोग नौका विहार का आनंद भी ले सकेंगे। इस मौके पर लाल बहादुर सिंह, विवेक प्रसाद गुप्ता, संतोष राम, राजकुमार ठाकुर, हसन खलीफा, जीतू चौधरी, नंदलाल चौधरी, सुधीर ठाकुर, चंदन राम, अवधेश प्रसाद गुप्ता और प्रिंस शर्मा आदि मौजूद थे।

## घर-घर पानी पहुंचाने के लिए दुरूस्त हो सप्लाई : दीपक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पानी की समस्या से जूझते पलामू को निजात दिलाने के लिए संवेदनशील डीसी विशेष पहल करने जा रहे हैं। तत्काल मेदिनीनगर की जनता को राहत दिलाने के लिए टैंकर आपूर्ति में बढ़ोतरी की जाएगी। वहीं जलस्त्रोत की रक्षा के लिए कड़े कारवाई करने जा रहे हैं। ये विशेष पहल उस संवेदनशील मिलन का सकारात्मक परिणाम के रूप में नजर आया जब निगम के विपक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता दीपक तिवारी ने डीसी से मुलाकात की और दशकों की समस्या से हमेशा के लिए निजात दिलाने के लिए कारगर कदम उठाने का आग्रह किया। दीपक तिवारी ने डीसी को बताया कि दशकों से आसमानी आफत का शिकार पलामू बारिश नहीं होने की वजह से सुखाड़ ही नहीं अकाल का भी दंश झेलता आया है। वर्तमान स्थिति दिन-प्रतिदिन भयावह होती जा रही है। पानी का जलस्तर दिन-ब-दिन नीचे जा रहा है, जिसके चलते ड्राई जोन का इलाका बढ़ता जा रहा है। बैरिया, निमिया, सुदना, आबादगंज के बाद अब रेड़मा, बारालोटा, सिंगरा, पोखराहा के जलस्त्रोत धीरे-धीरे सूखते जा रहे हैं। आम जनमानस पीने का पानी के लिए तरसने लगा है तो सोचिए कि दैनिक कार्य के लिए कितनी मशक्कत करनी पड़ रही होगी। ऐसे में दुरगामी ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। विशेष तौर पर जलस्त्रोतों के साथ किए जा रहे छेड़छाड़ पर रोक लगाने का दीपक ने निवेदन किया। खासकर निगम क्षेत्र के तमाम छोटे-बड़े तालाब जलस्त्रोत को अतिक्रमण मुक्त कर सीमांकन करवाने पर जोर दिया। उसके उपरांत गहरीकरण करवाने का पलामू डीसी से आग्रह किया। वहीं टैंकर की आपूर्ति बढ़ाने पर मिले भरोसा पर सेवादार दीपक तिवारी ने मेदिनीनगर की जनता की ओर से धन्यवाद दिया है। इस दौरान चारों जलापूर्ति योजना को सुचारु रूप से संचालित करवाने एवं वार्ड स्तर पर कैंप लगाकर हर घर तक नल पहुंचाने का निवेदन किया है। इसके अलावा फेज टू को धरातल पर उतारने के लिए हरसंभव प्रयास करने पर विचार-विमर्श किया गया। जलापूर्ति के लिए डीसी एवं निगम के विपक्षी लोगों के मुलाकात के बाद ठोस कारगर कदम उठाए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। दूरगामी प्रयास के लिए दिए गए सुझावों की सराहना जहां की जा रही है वहीं वर्तमान जनप्रतिनिधियों को भी इससे सीख लेने की नसीहत दी जा रही है।

## किसानों की आय बढ़ाने में केंद्र सरकार है सतत प्रयासरत: विधायक



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** किसानों की आय दोगुनी से भी अधिक हो इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार सतत प्रयत्नशील है। उक्त बातें पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कही। वे मंगलवार की दोपहर पांकी के थाना रोड स्थित पहाड़ी मेघा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के तहत संचालित उर्वरक वितरण केंद्र के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। विधायक ने कहा कि किसानों को 50 फीसदी अनुदान पर धान, मक्का, मड़ुआ का बीज उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही यूरिया उर्वक 266 रुपये और डीएपी 1350 रुपये में किसानों को मिल सकेगा। पिछले साल भयंकर सूखे की चपेट में आये पलामू के किसानों को हर संभव मदद किया जाएगा, ताकि इस बार पुनः दोगुने उत्साह के साथ खेती कर सकें। इस मौके पर कंपनी के हरि प्रसाद, नेपाल सिंह, प्रेमरंजन सिंह, शोभा कुमारी, ईश्वरी सिंह, युगल किशोर सहित कई किसान उपस्थित रहे।

## पेयजल संकट को लेकर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी का एक प्रतिनिधिमंडल ने अपने सामाजिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में मेदिनीनगर समेत पूरे पलामू में व्याप्त घोर पेयजल संकट की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मेदिनीनगर समेत पूरे पलामू व्याप्त जल संकट का जिक्र करते हुए जल्द निराकरण करने का अनुरोध किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि मेदिनीनगर का आधा हिस्सा जैसे बैरिया, निमिया, हमीदगंज आबादगंज और सुदना पहले से ही ड्राई जोन में आता हैं, लेकिन इस बार वर्षा ना हो पाने के कारण रेड़मा, चियांकी बारालोटा सिंगरा आदि भी नए ड्राई जोन बनने की कगार पर है। सभी तालाब, नहर, कुएं समेत पलामू की लाइफ लाइन माने जाने वाली उत्तरी कोयल नदी गर्मी की शुरूआत में ही सूख चुकी है। वर्षों से चालू चापाकल बोरिंग आदि फेल होते नजर आ रहे हैं। इस पर किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं है। इस पर पेयजल मंत्री से इस मुद्दे पर तुरंत संज्ञान लेते हुए विभिन्न उपाय द्वारा पेयजल की समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के साथ प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, अनुशासन प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोष तिवारी (पिंकू तिवारी), प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, जिलाध्यक्ष विकास दूबे,अनिल दूबे फोटू दुबे,कौशल किशोर शुक्ला तथा सोनू दुबे शामिल थे।

# स्पोर्ट्स

तामिलनाडू प्रीमियर लीग के एक मैच में आखिरी ओवर की आखिरी गेंद पर 18 रन बने।सालेम स्वार्टन्स और चेपॉक सुपर गिलीज के बीच खेले गए मैच में सालेम स्पार्टन्स आखिरी ओवर टीम के कप्तान अभिषेक तंवर कर रहे थे।

### आखिरी बॉल 5 बार फेंकनी पड़ी, इनमें 3 नो व 1 वाइड, दो सिक्स भी लगे

# टी-20 में एक गेंद पर बने 18 रन

एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु प्रीमियर लीग के एक मैच में आखिरी ओवर की आखिरी गेंद पर 18 रन बने। सालेम स्पार्टन्स और चेपॉक सुपर गिलीज के बीच खेले गए मैच में सालेम स्पार्टन्स पहले गेंदबाजी कर रही थी। आखिरी ओवर टीम के कप्तान अभिषेक तंवर कर रहे थे। चेपॉक सुपर गिलीज के 5 विकेट पर 191 रन बन गए थे। ओवर की 5 गेंदों पर सिर्फ 8 रन बने थे। आखिरी गेंद का सामना करने के लिए स्ट्राइक एंड पर संजय यादव थे। एक गेंद को फेंकने के लिए तंवर ने 5 गेंद फेंकी। इसमें 3 नो बॉल और 1 वाइड रही। इसके बाद गेंद सही डाली गई।

### समझिए कैसे बने रन

एक नो बॉल पर छक्का लगा और एक पर दौड़ के दो रन पूरे किए गए। जब अभिषेक ने सही बॉल फेंकी तब उस पर भी संजय यादव ने छक्का मारा। इस तरह एक गेंद पर कुल 18 रन बने, जबकि ओवर में कुल 26 रन बने।





### 2012-13 बिग बैश में एक गेंद पर बने थे 14 रन

2012-13 में बिग बैश में मेलबर्न स्टार्स और होबार्ट हेरिकेन्स के बीच खेले गए मैच में क्लिंट मैकॉय ने एक गेंद पर 14 रन दिए थे। इस मैच में मेलबर्न स्टार्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 203 रन बनाए थे। वहीं होबार्ट हेरिकेन्स ने बाद में बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 184 रन बनाए थे। होबार्ट हेरिकेन्स की पारी के दौरान 5वां ओवर मेलबर्न स्टार्स की ओर से क्लिंट मैकॉय ने किया। ओवर की पांचवीं गेंद पर 14 रन बने थे। स्ट्राइक पर ट्रेविस बीट थे। मैकॉय ने पांचवीं गेंद फेंकी जिस पर ट्रेविस बीट ने छक्का जड़ दिया। यह नो बॉल भी थी। वहीं इसके बाद अगली गेंद भी मैकॉय की नो बॉल रही और इस पर ट्रेविस ने छक्का जड़ा। वहीं इसके बाद मैकॉय ने बीट को आउट कर दिया। इस तरह एक गेंद के लिए मैकॉय ने तीन गेंद फेंकी, जिसमें से दो नो बॉल रही और एक गेंद पर 14 रन बने वहीं इस ओवर में 28 रन बने।

## एशेज सीरीज 16 जून से

**लंदन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन बन गया है। कई टीमों के लिए चैंपियन बनना अंतिम पड़ाव होता है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के लिए नहीं। टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल कंगारू टीम के लिए लंबे इंग्लिश समर की शुरूआत है। अब 46 दिन लंबी जंग में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया एशेज के लिए भिड़ेंगे। इंग्लैंड के लिए रवाना होने से पहले ऑस्ट्रेलिया के सामने कई सवाल थे। इनमें से कुछ का जवाब उन्हें फाइनल के जरिए मिल गया। मसलन स्मिथ ने फॉर्म हासिल कर ली।

फाइनल के शतकवीर ट्रेविस हेड पिछली बार की तरह इस बार भी रनों का अंबार लगाने के लिए तैयार दिख रहे हैं। स्कॉट बोलैंड के रूप में टीम को तीसरा पेसर मिल गया। दूसरी ओर, इंग्लैंड बैजबॉल तकनीक के साथ पूरी तरह तैयार है। वही बैजबॉल, जिसकी मदद से इंग्लैंड ने पिछले 12 में से 10 टेस्ट जीते। मैक्कुलम के कोच व स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड ने इसे अपनाया और उनका गेम पूरी तरह बदल गया।

# 2026 वर्ल्ड कप में नहीं खेलेंगे लियोनल मेसी

**बीजिंग (एजेंसी)।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी 2026 वर्ल्ड कप में नहीं खेलेंगे। मेसी इन दिनों एक इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच के लिए चीन पहुंचे हैं। मेसी से चीन के एक अखबार ने सवाल पूछा, कि क्या वह 2026 वर्ल्ड कप में खेलेंगे, इस सवाल के जवाब में मेसी ने कहा, 'मुझे नहीं लगता। यह मेरा आखिरी वर्ल्ड कप (फीफा वर्ल्ड कप 2022) था। मैं अगले वर्ल्ड कप में नहीं जाऊंगा। मेसी ने अपनी कप्तानी में फीफा वर्ल्ड कप 2022 में अर्जेंटीना को चैंपियन बनाया था। मेसी ने आगे कहा कि 'वर्ल्ड कप हासिल करने के बाद, जिसकी कमी मुझे खल रही थी, मैं अपने करियर को लेकर अब संतुष्ट हूं। मैं अगला वर्ल्ड कप देखने के लिए वहां रहना चाहता हूं, लेकिन मैं इसमें हिस्सा नहीं लूंगा।'

### मेसी अपने करियर में पांच वर्ल्ड कप खेले हैं

साल 2022 में खेला गया वर्ल्ड कप मेसी के करियर का पांचवां वर्ल्ड कप था। इससे पहले, उन्होंने साल 2006, 2010, 2014 और 2018 वर्ल्ड कप में भी हिस्सा लिया था। 35 साल के मेसी ने पांच वर्ल्ड कप में 26 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उनके नाम 13 गोल हैं। मेसी ने अपने करियर में 174 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 102 गोल किए हैं और वे अर्जेंटीना के लिए अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। मेसी इंटरनेशनल फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में भी तीसरे स्थान पर हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### 'अनुसंधान एवं विकास पर हैकाथन' का आयोजन



धनबाद (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ ने सीएसआइआर-सीआइएमएफआर धनबाद और इसके क्षेत्रीय केंद्रों के वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारियों के साथ बुधवार को केंद्रीय कोयला मंत्रालय के निर्देश के अनुसार कोयला खनन क्षेत्र में 'अनुसंधान एवं विकास' के प्रस्तावों को प्रस्तुत करने से परिचित कराने के लिए एक बातचीत कार्यक्रम 'अनुसंधान एवं विकास पर हैकाथन' का आयोजन किया। सीएमपीडीआई रांची के मुख्य प्रबंधक (खनन) मिलन सेन ने हैकथॉन और चिन्हित क्षेत्रों पर प्रस्ताव प्रक्रिया प्रस्तुत करने आदि के बारे में जानकारी दी। प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए विकसित माइक्रोसाइट और अनुसंधान एवं विकास पर हैकथॉन के संबंध में अन्य संबंधित विवरणों के बारे में भी विचार-विमर्श किया गया। इस संवाद कार्यक्रम में 50 से अधिक वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप और वेबलिंक के माध्यम से भाग लिया। इस हैकथॉन के माध्यम से सीएमपीडीआई चिन्हित समस्या विवरणों पर लीक से हटकर समाधान/अभिनव समाधान की अपेक्षा करता है। प्रस्ताव जमा सोमवार से शुरू हुआ था, जिसकी अंतिम तिथि 12 अगस्त 2023 है। सीएसआईआर-सीआइएमएफआर के निदेशक प्रो एके मिश्रा, डॉ जेके पांडेय, मुख्य वैज्ञानिक और समन्वयक, परियोजनायोजना और उद्योग इंटरफेस, डॉ पीके मंडल, मुख्य वैज्ञानिक और प्रमुख, खनन पद्धति और भू-यांत्रिकी अनुसंधान समूह, दिलीप कुंभकर मुख्य वैज्ञानिक और प्रमुख, मानव संसाधन विकास समूह और सीएमपीडीआइ के मुख्य प्रबंधक (खनन) धीरज कुमार ने भी इस बातचीत में भाग लिया। सीएसआईआर-सीआइएमएफआर के निदेशक ने अधिकतम संख्या में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।।

### एनएसयूआइ ने राज्यपाल के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपकर की विश्वविद्यालय के कुलपति से की शिकायत



धनबाद (आजाद सिपाही)। एनएसयूआइ ने बुधवार को राज्यपाल से विश्वविद्यालय के कुलपति की तानाशाही रवैया व निर्णय की शिकायत की। बतातें चलें कि राजभवन से जांच रिपोर्ट लेने आए प्रतिनिधियों को बताया गया कि किस प्रकार विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के कुलपति छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। वे विनोद बिहारी बाबू के नाम पर बनी विश्वविद्यालय की छवि को धूमिल कर रही है। जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी ने विश्वविद्यालय में चली आ रही निम्न समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि पूरे झारखंड में केवल बीबीएमके विश्वविद्यालय के अंतर्गत 11वीं एवं 12वीं की पढ़ाई बंद कर दी गई। आरएसपी कॉलेज झरिया और बोकारो सिटी जैसे कॉलेज में पीजी की पढ़ाई बंद कर उसे महंगा कर दिया गया है जिससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी चाह कर भी पीजी की पढ़ाई नहीं कर पाएंगे। यही नहीं, यूजी सेमेस्टर (एफवाइयूजीपी) सेमेस्टर-1 के परीक्षा परिणाम में लगभग 80 फीसदी छात्रों (लगभग 20 हजार) को फेल कर दिया गया है। परीक्षा से कुछ दिन पहले विषय को बदल दिया जाता है। धनबाद एवं बोकारो के सभी कॉलेज में शिक्षकों की भारी कमी भी है। छात्रों का सिलेबस पूरा हुए बिना परीक्षा का आयोजन कर दिया जाता है। इस कारण छात्र अपनी आगे की पढ़ाई के लिए दूसरे विश्वविद्यालय में नामांकन नहीं करा पाते हैं। कुलपति जी का रवैया इतना खराब है कि किसी भी छात्र-छात्रा को उनसे मिलने नहीं दिया जाता। ना ही कुलपति जी किसी छात्र की बात सुनने को तैयार होते हैं। इस मौके पर जिला महासचिव अंकित कुमार, नितेश शर्मा, सनी सिंह, पीके राय अध्यक्ष राज रंजन सिंह, नवाजिश अफजल, उत्कर्ष कुमार, जयप्रकाश, सोहेल सौम्यदीप, सलाउद्दीन, फिरोज और सोहेल आदि उपस्थित थे।

### बृजमोहन लाल दास बने डीएवी-6 के नये प्राचार्य



बोकारो (आजाद सिपाही)। बृजमोहन लाल दास डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 के नये प्राचार्य नियुक्त किए गये हैं। बृजमोहन लाल दास ने विभिन्न विद्यालयों में कार्य किया है। अपने कुशल नेतृत्व, इमानदार छवि और कुशल व्यवहार के धनी हैं। वे विद्यालय को बोकारो शहर के उच्चतम स्थान में लाने का प्रयास करेंगे। उनका कायार्नुभव चिन्मय विद्यालय में 15 वर्षों और पिट्स मॉडर्न पब्लिक स्कूल गोमिया में 7 वर्ष का रहा है। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष बीएस जायसवाल व विद्यालय के सदस्य ब्रह्म देव प्रसाद भी उपस्थित थे। विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ मिलकर सामूहिक हवन यज्ञ के उपरांत उन्हें प्राचार्य पद पर अलंकृत किया गया। वहीं, बृजमोहन लाल दास ने संक्षिप्त बैठक में शिक्षकों से कहा कि अनुशासन व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर विद्यालय को सबसे आगे ले जाना है। इस कार्य में सभी शिक्षकों का सहयोग आवश्यक है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे ।

### वार्ता के बाद भी वादों से मुकरी कंपनी, मांग पूरी नहीं करने पर थाना पहुंचे मजदूर

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत कर्मी बुधवार को लोयाबाद थाना पहुंच गए। दो महीना बीत जाने के बाद भी कंपनी प्रबंधन की ओर से बकाया छह सूत्री मांगों को पूरी नहीं किए जाने की शिकायत लोयाबाद थाना प्रभारी विकास कुमार यादव से करते हुए मजदूरों ने न्याय दिलाने की गुहार लगायी। मजदूरों का नेतृत्व कर रहे भाजपा नेता मनोज मुखिया ने कहा कि थाना में त्रिपक्षीय वार्ता हुई थी जिसमें कंपनी प्रबंधन द्वारा दो माह के अंदर उक्त मांगों को पूरा कर दिए जाने का आश्वासन दिया गया था। पर अबतक एक भी मांग पूरी नहीं की गई है। वहीं, थाना प्रभारी ने मजदूरों से स्पष्ट कहा कि वार्ता जरूर थाने में हुई थी, लेकिन कंपनी के अधिकारियों द्वारा समझौता पत्र में हस्ताक्षर नहीं किया गया था। बावजूद इसके कंपनी प्रबंधन से मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा गया, लेकिन वे लोग सुनते नहीं है। मजदूर अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर सकते हैं। पुलिस इसमें बाधक नहीं बनेगी। विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होगी तो वे जरूर देखेंगे। वहीं, थाना प्रभारी के दो टूक जवाब मिलने के बाद मजदूर वापस लौट गए। गौरतलब हो कि विगत सात अप्रैल को कंपनी में कार्यरत कर्मियों ने समय पर वेतन भुगतान व शोषण बंद करने की मांग को लेकर कंपनी का चक्का जाम कर दिया गया था। नौ अप्रैल को थाना में वार्ता हुई थी जिसमें कंपनी प्रबंधन द्वारा शीघ्र पहचान पत्र निर्गत कर देने,वेतन का भुगतान बैंक से करने आदि का वादा किया, लेकिन अब तक उसे पूरा नहीं किया।

## अपराधियों का मनोबल चरम पर : मौके से 8 खोखा, तीन जिंदा कारतूस और एक कट्टा बरामद

# धनबाद में कोयला ट्रांस्पोर्टर की गोली मारकर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। कोयलांचल में इन दिनों अपराधियों का मनोबल बुलंदी पर है। बेखौफ अपराधी आए दिन घटना को अंजाम दे रहे हैं। इसके धनबाद की जनता भय का माहौल में जी रही है। ताजा मामला झरिया के पाथरडीह थानांतर्गत चासनाला साउथ कॉलोनी में घटित हुई। बुधवार की सुबह बाइक सवार अपराधियों ने कोल ट्रांसपोर्टर की उसके कार्यालय के सामने ही दिनदहाड़े गोलियों ने झलनी कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान परवीन रॉय (41) के रूप में हुई है। हमलावरों ने प्रवीण को तीन गोली मारी। इसके बाद हवाई फायरिंग करते हुए हमलावर फरार हो गए। भागने क्रम में अपराधियों द्वारा की जा रही फायरिंग में समीप के ही होटल संचालज राजकिशोर सिंह भी घायल हो गए। बताया जा रहा कि राजकिशोर को कमर के पास गोली लगी है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो हमलावरों की गोलीबारी से आसपास के लोग इतने भयभीत हो गए कि सभी जान बचाने के लिए इधर-उधर छिपते नजर आए। उधर, घटना के बाद स्थानीय लोग घायल प्रवीर को समीप के चासनाला स्वास्थ केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि राजकिशोर को प्राथमिक उपचार के बाद एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया। दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार और पाथरडीह पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी। इसके अलावे धनबाद विधायक राज सिन्हा, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, राजद जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव भी मौके पर पहुंच गए और घटना की तीव्र निंदा करते हुए पुलिस को ही कठघरे में खड़ा कर दिया।



मृतक परवीन रॉय की फाइल फोटो।



घटनास्थल से नमुना संग्रह करती फॉरेंसिक विभाग की टीम।



मृतक परवीन रॉय के पार्थिव शरीर के पास खड़े लोग।

### सरकार के दबाव में चुप है पुलिस-प्रशासन: रागिनी सिंह

उधर, रागिनी सिंह ने कहा कि पिछले 3 वर्षों से किसी की नजर झरिया को लग गयी है। आये दिन किसी पत्नी को पति, तो मां को अपना बेटा व बहन को भाई खोना पड़ रहा है। जिस तरह से सरकार के दबाव में पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठी है। अब हद पार हो गया है। अब बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह धनबाद जिला और खास कर झरिया का दुर्भाग्य है कि ऐसी भ्रष्ट सरकार बनते ही यह दुर्दसा हो गयी है। सिंदरी डीएसपी को झरिया विधायक का दलाल बताते हुए रागिनी सिंह ने कहा कि वे अगर ठीक रहते तो झरिया कोयलांचल की आज यह दुर्शसा नहीं होती। वहीं, मृतक के बारे में कहा कि वे बहुत मिलनसार व्यक्ति थे। हमेशा लोगों के दुख-सुख में खड़े रहते थे। संदेह है कि पहले से अपराधी उनपर नजर गड़ाए बैठे थे। उन्होंने कहा कि जब तक अपराधी पुलिस की पकड़ में नहीं आ जाते तब तक शव को पुलिस को ले जाने नहीं दिया जाएगा।

### इलाके में दहशत लोगों में आक्रोश

घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। मौके पर पहुंची पुलिस को देख आक्रोशित लोगों में शव कब्जे में लेने से रोक दिया। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं ले जाने देंगे। वहीं मौके की नजाकत को भांपते हुए निरसा एसडीपीओ पीताम्बर सिंह खेरवार, कतरास थानेदार रणधीर सिंह, सरायढेला थानेदार नवीन सिंह, केंदुआडीह थानेदार सहित झरिया अंचल के सभी थानों की पुलिस को बुला लिया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने घटनास्थल से 8 खोखे, 3 जिंदा कारतूस और एक देशी कट्टा बरामद किया है। इसके अलावे फॉरेंसिक और टेक्निकल टीम ने फिंगर प्रिंट, खून सहित अन्य नमुने संग्रह किए हैं।

### सीसीटीवी के कैद हुए अपराधी

प्रवीर रॉय के कार्यालय व आसपास का क्षेत्र पूरी तरह से सीसीटीवी से लैस है। जिसकी निगरानी और डीबीआर मृतक के कार्यालय में ही था। घटना के बाद डीएसपी व कई थानेदारों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला। कहा जा रहा है कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों की पहचान कर ली है। पूरे मामले का खुलासा जल्द ही हो जाएगा।

### राज्य में विधि व्यवस्था ध्वस्त : राज सिन्हा

विधायक राज सिन्हा ने कहा कि जिले में हत्याओं का दौर चल रहा हैं। मैंने कई बार एसएसपी और मुख्यमंत्री से बात की। उन्हें धनबाद की खराब विधि व्यवस्था से अवगत कराया पर उन लोगों ने केवल आश्वासन ही दिया। काम कुछ नहीं हुआ। हैरत की बात है कि धनबाद में अपराध बेखौफ घूम रहे और पुलिस-प्रशासन और सरकार कुछ नहीं कर पा रही है।

### प्रशासन की घोर लापरवाही : संतोष

कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि धनबाद एसएसपी से जब अंगरक्षक की मांग की गई थी तो उन्हें सुरक्षा देना चाहिए था यह एक सवाल खड़ा हो रहा है। जब एक व्यापारी सुरक्षा मांग रहा है उसे देना चाहिए था। यह प्रशासन की घोर लापरवाही है।

## नियम के विरूद्ध खनन कार्य करने पर की जायेगी कार्रवाई : निदेशक

झरिया विधायक की शिकायत पर डीजीएमएस अधिकारी ने किया आउटसोर्सिंग का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



झरिया। लोदना क्षेत्र के जयरामपुर कोलियरी स्थित चल रहे आउटसोर्सिंग परियोजना का निरीक्षण करने बुधवार को डीजीएमएस के निर्देशक मनोज कुमार साहू पहुंचे। परियोजना में पहले उपस्थित परियोजना पदाधिकारी के साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। सभी के साथ निदेशक ने परियोजना का निरीक्षण किया। जनता मजदूर संघ (जमसं) बच्चा गुट के समर्थकों ने भी डीजीएमएस से प्रदूषण को लेकर शिकायत की। उपस्थित लोगों से डीजीएसएम के अधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों से कहा कि मानव जीवन कि सुरक्षा सर्वोपरी है। प्रबंधन को हरहाल में डीजीएमएस की सुरक्षा गाइडलाइन के तहत उत्खनन कार्य करना होगा। नहीं करने पर कानून संवत कार्रवाई की जायेगा। उल्लेखनीय है कि जमसं के नेताओं ने झारखंड विधानसभा सचेतक सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से शिकायत की थी। जिसके आलोक में विधायक ने डीजीएमएस को पत्र लिखा था। पत्र के माध्यम से कहा गया था कि सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना से उड़ते धूल कर्ण से लोदना, जयरामपुर, जीनागोरा एवं जियलगोरा के आमजन परेशान है। जांच कर कार्रवाई की जाये। पत्र के आलोक में डीजीएमएस के निदेशक आउटसोर्सिंग परियोजना का निरीक्षण करने आये थे। बच्चा गुट के क्षेत्रीय सचिव मल्लू सिंह ने कहा कि जयरामपुर के मुहल्ले से मात्र एक सौ मीटर कि दूरी पर चल रही आउटसोर्सिंग परियोजना में ब्लास्टिंग किए जाने से हमेशा जानमाल का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों के लिए उपयुक्त आवागमन को मुख्य सड़क एवं जोड़िया को क्षतिग्रस्त कर लोगों को विस्थापन के लिए विवश किया जा रहा है। मौके पर मल्लू सिंह, जिला कांग्रेस सचिव अनिल सिंह, समरजीत सिंह, राकेश सिंह, रूपक सिन्हा, रामबाबू सिंह, रवि थापा और अमीत कुमार आदि थे।

## झरिया में आयोजित हुआ भाजपा का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन

# मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यों-उपलब्धियों को कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचायें: पीएन सिंह

झरिया (आजाद सिपाही)। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भाजपा के महा जनसंपर्क के दौरान अभियान चला बुधवार को झरिया विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह की अगुवाई में संयुक्त मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन बिहार बिल्डिंग में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के सातों मोर्चा के मंडलों के सभी मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के उपलब्धियों को कार्यकताओं के बीच विस्तार से रखा साथ ही संगठन को और भी अधिक मजबूत एवं सशक्त करने पर चर्चा की गई। 20 जून से 30 जून तक घर घर जाकर प्रधानमंत्री के किए गए कार्यों केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने की अपील कार्यकताओं से की गई। कार्यक्रम में सांसद पशुपति नाथ सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यप्रभात मुख्य रूप से मौजूद रहे। वही संचालन युवा मोर्चा के महामंत्री तमाल राय ने किया। कार्यक्रम में महाजनसपर्क अभियान के जिला प्रभारी सही जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, संजय झा, उमेश यादव, महामंत्री नितिन भट्ट, श्रवण राय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल, शैलेश सिंह चंद्रवंशी, स्वरूप भट्टाचार्य, दिलीप भारती, महावीर पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।




कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते सांसद पीएन सिंह।


**MUNICIPAL CORPORATION, HAZARIBAGH**
(Urban Development & Housing Department, Govt. of Jharkhand)
Nagar Nigam, Hazaribagh – 825301, Email :- municipality_08@rediffmail.com

Ref : UDD/HMC/HZB/SBD/02/2023-24 Letter No. 2308 Dated : 10/06/2023

**e-Procurement Notice**

1. Name of Tender Inviting Officer : Executive Engineer, Municipal Corporation, Hazaribagh
2. Date of Publication of Tender on Website : 21-06-2023
3. Last Date/Time for receipt of online bids : 05-07-2023 up to 05:00 PM
4. Last Date/Time for receipt of EMD (Hard Copy): 06-07-2023 up to 02:00 PM
5. Date/Time of Opening bids : 07-07-2023 11:00 AM
6. Contact No. of Procurement officer : 9431797115

| Sl. No. | Name of Work | Value of Work (Rs.) | Earnest Money,(Rs.) | Cost of Tender Document,(Rs.) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rejuvenation/Renovation of Dhobia Talab in Ward No. 12 Under Hazaribagh Municipal Corporation, Hazaribag | 3,53,28,494/- | 3,60,000/- | 10,000/- | (540 Days) |

NOTE :
- Only e-Tenders will be accepted.
- No Hard Copy will be accepted after 06-07-2023 up to 2:00 PM.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer
Municipal Corporation, Hazaribagh

PR 299947 Urban Development and Housing(23-24)#D



**कार्यालय जिला परिषद्, चतरा**

(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–08, वर्ष 2023–24)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : – 28.06.2023 से 01.07.2023 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 03.07.2023 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03.07.2023 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा / जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी / मद – :– DMFT (633/10.06.23)

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | गिद्धौर | गिद्धौर | गिद्धौर | कन्या मध्य विद्यालय से कनी महतो के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 608600 | 1250 | 12500 | 03 माह |

निविदा की शर्तें –
1. जिला परिषद / जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित है, तो उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी ।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा।

PR.NO.300040 District(23-24):D



झारखण्ड सरकार
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

email – eedwsd.ranchiwest@gmail.com
ई – प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/RW/SR-20/2023-24** दिनांक:– 14.06.2023

1. Name of Work :- Relocation of T/W by Drilling 125/115 mm dia drilled Tube-Well in all kinds of soil rock for installation of hand pump with D.T.H Rig machine all complete including supplying all materials, labours, tools, drilling, rigs, air compressor and equipments as well as fuel lubricant for making 125/115 mm dia boring etc and cost of transporting rig machine and other vehicle up to site work "TurnKey Basis" Under D. W. & S. Division, Ranchi West, Ranchi for the Year 2023-24

| ग्रुप संख्या | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| SR/RW-I | 33 nos. | 28.09290 | 56200.00 | 5,000.00 | 02 माह |
| SR/RW-II | 33 nos. | 28.09290 | 56200.00 | 5,000.00 | 02 माह |
| SR/RW-III | 33 nos. | 28.09290 | 56200.00 | 5,000.00 | 02 माह |

2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 17/06/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 23/06/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
4. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– 24/06/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 24/06/2023 / 05.00 बजे अपराहन में।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 0651-2491247
9. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
10. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
11. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची।

PR 300027 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

### रैंकर बैच की छात्रा राखी कुमारी को 720 में 705 अंक, ऑल इंडिया रैंक 149

# 2023 में बायोम इंस्टीट्यूट की राखी बनी झारखंड टॉपर



राखी कुमारी, माहिया माहेश्वरी, आदित्य, प्रिया, अभय, सुप्रिया, ज्योतिर्मय, श्रेया, तंजील, हिमांशु, अमरेन्द्र, अंजली, रितीक, सोनम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट रांची के विद्यार्थियों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा यूजी नीट 2023 में शानदार प्रदर्शन किया है। रैंकर बैच की छात्रा राखी कुमारी 720 अंक की परीक्षा में 705 अंक हासिल कर झारखंड टॉपर बनी है। राखी ऑल इंडिया रैंक 149 और कैटेगरी रैंक 26 हासिल कर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की सूची में जगह बनाने में सफल रही। इस वर्ष 7 मई को आयोजित यूजी नीट 2023 प्रवेश परीक्षा में बायोम इंस्टीट्यूट से कुल 1125 विद्यार्थी शामिल हुए थे। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार 984 विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में सफल हुए हैं। सफल छात्र-छात्राओं में राखी कुमारी (705 अंक) के अलावा माहिया महेश्वरी (691 अंक), आदित्य अस्थाना (686 अंक), प्रिया घोष (683 अंक), अभय कुमार (675 अंक), सुप्रिया (675 अंक), ज्योतिरमोय (670 अंक), श्रेया राज (666 अंक), तंजील (663 अंक), हिमांशु रंजन (663 अंक), अमरेंद्र कुमार (662 अंक), अंजलि यादव (655 अंक), ऋतिक राज (655 अंक), सोनम (650 अंक), अमन कुमार (650 अंक) समेत अन्य शामिल हैं। बायोम इंस्टीट्यूट के एमडी सह निदेशक पंकज सिंह ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि संस्था के सफल छात्र-छात्राओं की सूची तैयार की गयी है। झारखंड से यूजी नीट 2023 टॉपर की सूची में संस्था के 15 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनायी है। संस्था से सफल हुए विद्यार्थियों में से 178 ऐसे विद्यार्थी है, जिन्हें अब आने वाले दिनों में सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिलेगा। यूजी नीट प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर सकें, इसके लिए संस्था के शिक्षक लगातार प्रयासरत रहते हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। विद्यार्थियों के बेहतर गाइडेंस के लिए उच्च स्तरीय स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराया जाता है। वहीं, समय-समय पर विद्यार्थियों का मूल्यांकन हो, इसके लिए नियमित रूप से क्लासरूम टेस्ट सीरीज और ऑल इंडिया लेवल टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाता है। इससे शिक्षक विद्यार्थियों का मूल्यांकन समय-समय पर करते रहते हैं। कमजोर विद्यार्थियों को भी चिह्नित कर उनकी विषय संबंधी परेशानी के डाउट को क्लास से दूर किया जाता है। बेहतर प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों को रैंकर और रेसर बैच में शामिल किया जाता है, जिनकी खास मॉनिटरिंग कर उन्हें प्रवेश परीक्षा में बेहतर अंक हासिल कैसे करें की प्रेरणा लगातार दी जाती है। संस्था से जुड़नेवाले विद्यार्थियों को फूडिंग एंड लॉजिंग की सुविधा दी जाती है, जिससे बच्चे लगातार शिक्षकों के संपर्क में रह कर अपनी तैयारी कर सकें। विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन का श्रेय संस्था के शिक्षक प्रशांत कौशिक, पीके सौरभ, प्रिया कुमारी, डॉ सुशांत कुमार, रोशन कुमार, रजनीश कुमार, निर्भय सिंह, संतोष कुमार, अभिजीत प्रधान, तंबीर आलम, अनिल कुमार, विमल कुमार शुक्ला, कुमार राहुल, अभिषेक कुमार, डॉ शशिकांत कुमार, अमिताभ मिश्रा, चंदन गुप्ता, गरिमा, सुनील, अरविंद, हेमंत, मनीष, अजिताभ, उदय, रूपक, आशुतोष आनंद, नव जीवन को जाता है। वहीं, संस्था के सदस्य संजीव कुमार, पूजा, कामेंद्र प्रसाद, आरती, रोहित, लक्ष्मी स्नेहिल, पम्मी, पल्लवी, ओंकार सिंह, सुबोध, विद्या सागर समेत अन्य शामिल है। बायोम इंस्टीट्यूट के न्यू नगड़ा टोली और हीनू स्थित सेंटर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा यूजी नीट 2024 की तैयारी के लिए अंतिम बैच में नामांकन की प्रक्रिया जारी है।

# ब्रदर्स एकेडमी के छात्रों का नीट-2023 में शानदार प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्रदर्स एकेडमी से ढेर सारे छात्रों ने नीट 2023 परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। सामान्य वर्ग से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले कुछ छात्र हैं समर्थ (स्कोर 660/720), सक्षम (स्कोर 660/720), एस धनरेश (स्कोर 635/720) और अन्य। एनइइटी 2023 में ब्रदर्स एकेडमी के छात्रों ने शानदार उपलब्धि हासिल की। एनइइटी 2023 में हमारे छात्रों की सफलता 95% रही। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के सारगर्भित मार्गदर्शन, अपने माता पिता के अनुशासन और समस्त परिवार जनों के आशीर्वाद और सहयोग को दिया। समर्थ श्रेयस और सक्षम श्रेयस का मानना है कि एक औसत छात्र भी अपने दृढ़ संकल्प, आत्मबल, धैर्य और सघन परिश्रम के बल पर अपना एनइइटी करने का सपना साकार कर सकता है। संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेंदु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने ऐकेडमी का गौरव बढ़ाया है। कई छात्रों ने विषम परिस्थितियों से जूझते हुए अपनी सफलता की गाथा लिख कर एक मिसाल कायम की है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं, बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए आगे की जीवनयात्रा की सफलता के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी इनकी सफलता का श्रेय छात्रों के अथक परिश्रम और ब्रदर्स एकेडमी के शिक्षकों को देते हुए कहा कि संस्थान के अनुशासित शैक्षणिक और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण से बच्चों की क्षमता में बहुत इजाफा हुआ।

## राजभवन के सामने बीजेडी का विरोध: राष्ट्रपति के नाम से राज्यपाल को स्मारक पत्र

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। केंद्र सरकार के खिलाफ आज राजभवन के सामने बीजेडी का धरना . बीजेडी ने गैस दर दाम वृद्धि को लेकर विरोध कर रही है। पार्टी के कई विधायक और नेता धरना पर बैठे हैं। हालांकि इस दौरान महिला कर्मियों ने बीच सड़क पर खाली सिलेंडर रखकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। साथ ही बीजेडी ने राष्ट्रपति के उद्देश्य से राज्यपाल को स्मारक प्रत्र सौंपा है।**

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.in

# उत्कल विश्वविद्यालय में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भूवनेश्वर।** उत्कल विश्वविद्यालय में नौकरी देने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी। लाइब्रेरी अटेंडेंट का नौकरी दिलाने के लिए कयी लोगों से पैसे लिए थे। आरोपी गौरांग चरण साहू गंजाम का रहने वाला है और उसके पास से फर्जी नियुक्ति पत्र और पहचान पत्र जब्त किया गया है। शिकायत के आधार पर चंद्रशेखरपुर थाना पुलिस ने गौरांग को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि उत्कल यूनिवर्सिटी में अटेंडेंट और चपरासी के पदों पर नौकरी दिलाने को लेकर ठगी की है। आरोपी गौरांग ने खुद को विश्वविद्यालय का कर्मचारी साबित करने के लिए डुप्लीकेट आईडी कार्ड बनाया था। लोगों का विश्वास जीतने के बाद फर्जी नियुक्ति पत्र देकर लाखों रुपये लिया था। स्थानीय इलाके के सुरक्षा गार्ड श्रीकांत साहू और रंजन दास ने स्थानीय चंद्रशेखरपुर थाने में शिकायत दर्ज किये थे। बाद में पुलिस ने विशेष टीम के साथ कई जगहों पर छापेमारी की और गौरांग को गिरफ्तार कर लिया।

# नीट (मेडिकल) 2023 में एनटीपीएल मेडिकस (न्यूटन ट्यूटोरियल प्रा लि) का शानदार रिजल्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** नीट 2023 की परीक्षा में हरिओम टावर, सरकुलर रोड, रांची स्थित एनटीपीएल मेडिकस के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन यहां के शिक्षकों संजय मिश्रा और पूर्णिमा कुमारी (जीव विज्ञान), पंकज कुमार, मदन मोहन झा और सलमान अली (रसायन विज्ञान), प्रणव कुमार और चंदन पांडे (भौतिक विज्ञान) के उचित मार्गदर्शन में किया। यहां के निर्देशक इमरान अली के अनुसार इस वर्ष एनटीपीएल मेडिकस के सभी कोर्स में भी शानदार रिजल्ट रहा है। ऑल इंडिया विभिन्न केटेगेरी रैंक में सफल छात्रों में टॉप रैंक पानेवाले सफल छात्रों में आयूषी (5880), मनीष ( 6043), नवीन (7388 ), अभिनव कुमार (7911), शरीक अहमद (15070 ) आदि हैं। सभी सफल छात्र एनटीपीएल मेडिकस के दो साल और एक साल का मेडिकल क्लासरूम प्रोग्राम से है। एनटीपीएल मेडिकस में जितने विद्यार्थी थे, उसमे 90% छात्रों का चयन हुआ है। सारे छात्रों की सफलता का कारण पूछने पर इमरान अली ने बताया कि यहां प्रत्येक छात्र से बहुत ही अच्छा संबंध होने के कारण छात्र बिना झिझक के शिक्षक से अपनी छोटी सी छोटी समस्या पूछ कर उसका समाधान करते हैं। यहां छात्रों को अपनी अध्ययन सामग्री के आलावे अभ्यास सेट भी दिया जाता है, जो उसकी सफलता में काफी सहायक होता है। यहां छात्रों को अखिल भारतीय टेस्ट सीरीज भी प्रदान की जाती है, जो परीक्षा से पहले ही अपने को आकलन कर और बेहतर करने को प्रेरित करती है।

## एमसीएल ने विश्व रक्तदाता दिवस मनाया

**भुवनेश्वर(आजाद सिपाही)। संबलपुर 14/06 महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (MCL) ने बुधवार को रक्तदान शिविर आयोजित करके विश्व रक्तदाता दिवस मनाया, जिसमें कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा कुल 318 यूनिट रक्तदान किया गया। संबलपुर में कंपनी मुख्यालय में श्री केशव राव निदेशक (कार्मिक) एमसीएल , श्री पीके पटेल मुख्य सतर्कता अधिकारी एमसीएल और चिकित्सा सेवा के प्रमुख की उपस्थिति में शिविर का उद्घाटन किया गया। इसी तरह, तालचेर कोलफील्ड्स में ग्रीन वैली क्लब अनंत विहार कॉलोनी में सेंट जॉन्स एम्बुलेंस एमसीएल डिवीजन द्वारा आयोजित शिविर में कम से कम 206 यूनिट रक्त एकत्र किया गया था।**

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**